सूर्योदय 6:22 सूर्यास्त 5:53

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 12 न्यू | 23 अधि |
| धर्मशाला | 17.5 न्यू | 25 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,500 |
| निफ्टी | 25,285 |
| सोना | 1,21,525 |
| चांदी | 1,64,500 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 12 अक्तूबर 2025 | 27 आश्विन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 285, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702







# आपदा प्रभावितों को घर बनाने के लिए जल्द देंगे सात लाख : सीएम

## करसोग में मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट और 66 केवी सब-स्टेशन बनाने की घोषणा

**अनंत ज्ञान, करसोग**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को मंडी जिले के करसोग विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा के दौरान करसोग विधानसभा क्षेत्र में काफी नुकसान हुआ है। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार करसोग में पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त 94 घरों को फिर से बसाने के लिए जल्द सात लाख रुपए प्रदान करेगी।

इस दौरान सीएम सुक्खू ने घोषणा की कि आपदा प्रभावितों को इसी महीने घर बनाने के लिए सात लाख रुपए दिए जाएंगे, वहीं घर के सामान के नुकसान के लिए 70 हजार रुपए दिए जाएंगे। उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला करसोग को राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष से यह स्कूल सीबीएसई आधारित होगा, जिसमें पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने करसोग में मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट तथा 66 केवी सब-स्टेशन बनाने की घोषणा भी की। उन्होंने करसोग विधानसभा क्षेत्र के तिब्बन और पांगणा को सीबीएसई स्कूल बनाने, सनारली, मतेड़ और बनेड़ा में पटवार सर्किल खोलने, तत्तापानी से बखरौट सड़क का सुधार करने की घोषणा भी की।



करसोग में लोगों का अभिवादन स्वीकार करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

**तिब्बन और पांगणा बनेंगे सीबीएसई स्कूल, तीन पटवार सर्किल भी खुलेंगे**

उन्होंने कहा कि आईटीआई का भवन पूरा करने के लिए धन उपलब्ध करवाया जाएगा तथा इस संस्थान में एआई, मशीन लर्निंग के कोर्स शुरू किए जाएंगे। उन्होंने करसोग अस्पताल में जल्द ही रेडियोलॉजिस्ट नियुक्त करने की घोषणा भी की। वहीं, मिल्कफेड के अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार पशुपालकों की आय में बढ़ोतरी के प्रयास कर रही है।

### अतिरिक्त कर्ज लेने में भाजपा नेता लगा रहे अड़ंगे

**करसोग** में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के भाजपा नेता केंद्र से अतिरिक्त कर्ज लेने में अड़ंगे लगा रहे हैं, जबकि उनके कार्यकाल में इसकी अनुमति दी गई। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित करने लिए पुरानी पेंशन स्कीम को बहाल किया, लेकिन इस निर्णय के परिणामस्वरूप केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश पर प्रतिबंध लगा दिए। केंद्र ने राज्य की ऋण सीमा में 1600 करोड़ रुपए की कटौती की है। भाजपा पर हमला करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली डबल इंजन सरकार ने प्रदेश का खजाना खाली किया और प्रदेश की संपदा को लुटा दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार को पिछली सरकार से 50 हजार करोड़ रुपए कम मिले, लेकिन इसके बावजूद सरकार पूरी गति से हिमाचल प्रदेश को विकास के पथ पर अग्रसर कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछली भाजपा सरकार ने राजनीतिक लाभ के लिए धन को लुटाया, लेकिन हमारी सरकार प्रदेश की जनता का पैसा, जनता की भलाई के लिए ही खर्च कर रही है।

# डिजिटल युग में लड़कियां सबसे ज्यादा असुरक्षित : सीजेआई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सीजेआई गवई ने कहा कि लड़कियों के लिए आज ऑनलाइन हैरेसमेंट, साइबर बुलिंग, डिजिटल स्टॉकिंग, निजी डेटा के दुरुपयोग और डीपफेक तस्वीरें बड़ी चिंता बन गई हैं। इन खतरों से बचाने के लिए पुलिस और अधिकारियों को खास ट्रेनिंग देने की जरूरत है, ताकि वे ऐसे मामलों को समझदारी और संवेदनशीलता से संभाले। सीजेआई गवई सुप्रीम कोर्ट की जुवेनाइल जस्टिस कमेटी और यूनिसेफ इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन 'सेफगार्डिंग द गर्ल चाइल्ड' में बोल रहे थे। कार्यक्रम में जस्टिस बीवी नागरत्ना, जस्टिस जेबी पारदीवाला, केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और यूनिसेफ इंडिया की प्रतिनिधि सिंथिया मैककैफ्री भी मौजूद थीं। उन्होंने कहा कि संवैधानिक गारंटी होने के बावजूद देश की कई लड़कियों को अब भी बुनियादी अधिकारों और सम्मान से वंचित रखा जाता है। यह स्थिति उन्हें यौन शोषण, मानव तस्करी, बाल विवाह और भेदभाव की परिस्थितियों में धकेल देती है। डिजिटल दौर में खतरे अब भौतिक दायरे से निकलकर वर्चुअल दुनिया तक पहुंच गए हैं। टेक्नोलॉजी जहां एक ओर अवसर देती है, वहीं शोषण का साधन भी बन रही है। (अनंत ज्ञान)



**टेक्नॉलॉजी शोषण का जरिया बनी**

**इसके खिलाफ पुलिस को स्पेशल ट्रेनिंग देना जरूरी**

### लड़कियों को लड़कों के समान अधिकार मिलें

**जस्टिस** बीवी नागरत्ना ने कहा कि एक लड़की तभी बराबर की नागरिक मानी जा सकती है, जब उसे वही अवसर, संसाधन और सम्मान मिले जो एक लड़के को मिलते हैं। वहीं, जस्टिस जेबी पारदीवाला ने कहा कि हर लड़की का अधिकार है कि वह भय और भेदभाव से मुक्त होकर शिक्षा, स्वास्थ्य और समान अवसरों के साथ आगे बढ़ सके।

## न्यूज शॉर्ट्स

### रिलायंस पावर के सीईओ गिरफ्तार

**एजेंसी, मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस पावर लिमिटेड के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर (सीईओ) अशोक कुमार पाल को गिरफ्तार कर लिया है। पाल को ईडी ने शुक्रवार देर रात पूछताछ के बाद अरेस्ट किया था। 11 अक्तूबर उन्हें दिल्ली की एक स्पेशल कोर्ट में पेश कर ईडी ने कस्टडी की मांग की, जो दो दिनों के लिए मंजूर हो गई। पाल सोमवार, 13 अक्तूबर को दोबारा कोर्ट में पेश किए जाएंगे। ईडी के मुताबिक, पाल ने रिलायंस होम फाइनेंस और रिलायंस कॉमर्शियल फाइनेंस से 12,524 करोड़ के लोन बांटे, जो ज्यादातर अनिल अंबानी ग्रुप की कंपनियों को दिए गए। पाल पर फर्जी दस्तावेजों को मंजूरी देने और पैसे गलत तरीके से ट्रांसफर करने का आरोप है। (अनंत ज्ञान)

### ट्रंप का चीन पर 100% टैरिफ, 1 नवंबर से लागू

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर 100% टैरिफ लगाने की घोषणा की है। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि नया टैरिफ 1 नवंबर से लागू होगा। चीन से अमेरिका आने वाले सामानों पर पहले से 30% टैरिफ लग रहा है। ऐसे में चीन पर कुल 130% टैरिफ लगेगा। ट्रंप ने 1 नवंबर से सभी अहम सॉफ्टवेयर के निर्यात पर भी कंट्रोल करने की बात कही है। दरअसल, चीन ने 9 अक्तूबर को दुर्लभ खनिज (रेयर अर्थ मटेरियल) पर निर्यात को और कड़ा कर दिया था, जिसके जवाब में ट्रंप ने नए टैरिफ लगाने की बात कही है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- हमीरपुर में बीईईओ के चार पद पड़े रिक्त, कामकाज प्रभावित -पेज 2
- सीएम ने की एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस सेवा की शुरुआत -पेज 3
- पोस्ट कार्ड पर एचपीसीए स्टेडियम और कांगड़ा आर्ट म्यूजियम -पेज 4
- सीएम सुक्खू ने संयुक्त कार्यालय भवन का किया लोकार्पण -पेज 9
- सपरून में पार्किंग और फुटपाथ का इंतजार लंबा -पेज 12

### प. बंगाल में मेडिकल की स्टूडेंट से गैंगरेप

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले के दुर्गापुर में एक मेडिकल स्टूडेंट के साथ शुक्रवार को गैंगरेप हुआ। पीड़ित अपने एक पुरुष दोस्त के साथ डिनर पर गई थी। वापस लौटते समय 3 लोगों ने उनका रास्ता रोका। छात्रा का दोस्त उसे छोड़कर भाग गया, जिसके बाद आरोपियों ने उससे दरिंदगी की। पुलिस ने शनिवार को बताया कि पीड़ित ओडिशा के जलेश्वर की रहने वाली है और दुर्गापुर के एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में सेकेंड ईयर की स्टूडेंट है। यह घटना मेडिकल कॉलेज कैंपस के बाहर हुई। मेडिकल छात्रा का पास के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। छात्रा रात करीब 8:30 से 9 बजे बाहर गई थी। रात करीब 10 बजे वापस लौटते समय गैंगरेप की घटना हुई। छात्रा के माता-पिता को देर रात मामले की जानकारी दी गई। वे आज सुबह दुर्गापुर पहुंचे और दुर्गापुर न्यू टाउनशिप थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस के मुताबिक, छात्रा ने बताया कि जब तीन लोगों ने उसका रास्ता रोका, तो उसका दोस्त उसे अकेला छोड़कर चला गया। (अनंत ज्ञान)

## अफगानी विदेश मंत्री की प्रेस वार्ता में महिला पत्रकारों को नो एंट्री

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी की दिल्ली में शुक्रवार को हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकारों की एंट्री पर रोक लगाने पर विवाद हो गया है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने पीएम मोदी से पूछा, 'भारत में हमारे ही देश की कुछ सबसे सक्षम महिलाओं का अपमान कैसे होने दिया गया, जबकि महिलाएं ही देश की रीढ़ और गौरव हैं।' वहीं, विवाद बढ़ने पर भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री की प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनका कोई रोल नहीं था, न ही उनकी तरफ से पत्रकारों को बुलाया गया था। वहीं, अफगान तालिबान के प्रवक्ता सुहैल शाहीन ने मीडिया से कहा कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकारों को शामिल न करना किसी नीति या भेदभाव के कारण नहीं हुआ। यह अनजाने में हुआ, पास की संख्या सीमित थी। सुहैल ने कहा कि मुत्तकी काबुल में अक्सर महिला पत्रकारों से मिलते हैं और इंटरव्यू भी लेते हैं। भविष्य में भारत दौरे पर महिला पत्रकारों को शामिल किया जाएगा, बशर्ते सही समन्वय और पूर्व सूचना हो।

यह प्रेस कॉन्फ्रेंस अफगानी एंबेसी में हुई थी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि जब अफगानिस्तानी मंत्री दिल्ली आए तो मुंबई स्थित अफगानिस्तान के काउंसिल जनरल ने ही 10 अक्तूबर को चुनिंदा पत्रकारों को आमंत्रण भेजा था। अफगान दूतावास भारत सरकार के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुत्तकी के साथ आए तालिबान अधिकारियों ने ही यह तय किया था कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में कौन शामिल होगा। फिलहाल, यह साफ नहीं है कि तालिबान ने भारत को पहले बताया था या नहीं कि वे महिला पत्रकारों को नहीं बुलाएंगे। (अनंत ज्ञान)

**प्रियंका ने कहा- पीएम ने महिलाओं का अपमान कैसे होने दिया**

**सरकार ने कहा- इसमें हमारा कोई रोल नहीं**

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के भाई को 5 दिन का पुलिस रिमांड

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश में रेप केस में गिरफ्तार भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल के भाई को शनिवार शाम सोलन कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने 81 वर्षीय राम कुमार बिंदल को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। हालांकि, आरोपी अभी अस्पताल में भर्ती हैं। कोर्ट के आदेशानुसार आरोपी से मेडिकल ऑफिसर की मौजूदगी में पूछताछ करनी होगी। दरअसल, सोलन पुलिस शुक्रवार शाम को राम कुमार को गिरफ्तार कर मेडिकल के लिए अस्पताल ले गई थी। इस दौरान उसके सीने में दर्द उठा। इसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कर दिया गया। जहां उसके दिनभर टेस्ट किए गए। शाम पांच बजे के डॉक्टरों ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने की मंजूरी दी। राम कुमार बिंदल वैद्य हैं, जिन पर 25 साल की युवती ने उपचार के बहाने रेप का आरोप लगाया है। मामला 7 अक्तूबर का है। 8 तारीख को एक युवती ने सोलन के महिला थाना में राम के खिलाफ शिकायत दी थी। उधर, इस मामले में हिमाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग ने भी संज्ञान लिया है। आयोग ने सोलन के एसपी गौरव सिंह को फोन कर इस मामले की रिपोर्ट मांगी है।

## हिमाचल में पंचायत चुनाव से पहले होगा नई कार्यकारिणी का गठन : रजनी

### कांग्रेस हाईकमान को भेज दिया प्रस्ताव, दिल्ली में होगा फैसला

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** प्रदेश कांग्रेस मामलों की प्रभारी रजनी पाटिल ने शनिवार को ठियोग में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत चुनाव से पहले नई कार्यकारिणी का गठन कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हाईकमान को प्रस्ताव भेज दिया गया है और अब निर्णय दिल्ली से होगा। बता दें वर्तमान में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह अकेली कांग्रेस पदाधिकारी हैं क्योंकि बाकी कार्यकारिणियां हाईकमान ने भंग कर दी हैं। वीरभद्र सिंह की राजनीतिक विरासत को संभालते हुए प्रतिभा सिंह ने तीन वर्ष तक संगठन का नेतृत्व किया, लेकिन अब पार्टी के भीतर लंबे समय से यह चर्चा चल रही है कि नए अध्यक्ष की घोषणा पंचायत चुनाव से पहले कर दी जाएगी। दिल्ली में बीते महीने राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ हुई बैठक के बाद रोहित ठाकुर का नाम इस पद के लिए और मजबूती से उभरा है। इससे पहले यह माना जा रहा था कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू अपने मंत्री अनिरुद्ध सिंह को अध्यक्ष बनाना चाहते हैं, लेकिन अनिरुद्ध ने इस जिम्मेदारी से खुद को अलग रखा।



### प्रदेश अध्यक्ष की रेस में रोहित सबसे आगे

**सुक्खू** सरकार के कद्दावर मंत्री और जुब्बल-कोटखाई विधानसभा के विधायक रोहित ठाकुर का नाम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए लगभग तय माना जा रहा है। पार्टी हाईकमान की नजर में उनका कद लगातार बढ़ा है और वह इस समय प्रदेश की राजनीतिक चर्चाओं के केंद्र में हैं। रोहित ठाकुर ने मीडिया से बातचीत में भी साफ कहा कि वन मैन, वन पोस्ट का सिद्धांत सब पर समान रूप से लागू होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर पार्टी हाईकमान उन्हें संगठन की जिम्मेदारी सौंपता है, तो वह मंत्री पद छोड़ने को तैयार हैं। शिक्षा मंत्री के रूप में जो कार्य किए हैं, उससे वह संतुष्ट हैं और अब यदि संगठन की नई भूमिका दी जाती है, तो वह उससे भी पीछे नहीं हटेंगे। रोहित ठाकुर का राजनीतिक सफर उनके परिवार की विरासत से जुड़ा है। उनके दादा ठाकुर रामलाल हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हैं। रोहित अब तक चार बार विधायक चुने जा चुके हैं और वीरभद्र सिंह सरकार में सीपीएस रह चुके हैं। वर्तमान सुक्खू सरकार में पौने तीन साल तक उन्होंने शिक्षा मंत्री का दायित्व संभाला। यही कारण है कि पार्टी के अंदर उन्हें संगठन की कमान सौंपने के पक्ष में बड़ा वर्ग नजर आ रहा है।



# सेना देश की सुरक्षा करने में सक्षम : आर्मी चीफ

## कहा- ऑपरेशन सिंदूर में धर्मयुद्ध के सिद्धांतों का किया पालन

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि भारतीय रक्षा बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान धर्मयुद्ध के सिद्धांतों का पालन किया। राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल चायल, सोलन की शताब्दी समारोह के मुख्यातिथि के रूप में बोलते हुए उन्होंने कहा कि हमारी सेनाओं ने केवल आतंकवादी ठिकानों पर ही प्रहार किया और नागरिक अथवा सैन्य ठिकानों को निशाना नहीं बनाया।

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर स्थगित हुआ है, समाप्त नहीं। जनरल द्विवेदी ने कहा कि भारतीय सेना देश की सुरक्षा करने में पूरी तरह सक्षम है। रक्षा मंत्रालय के प्रत्यक्ष नियंत्रण में आने वाले पांच राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूलों में से सबसे पुराने विद्यालय की उपलब्धियों की सराहना करते हुए जनरल द्विवेदी ने कहा कि इस स्कूल ने अनेक उत्कृष्ट सैन्य अधिकारियों को तैयार किया है और इसके पूर्व छात्र विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय पहचान बना चुके हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस स्कूल के कैडेट ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे और उन्हें विद्यालय की परंपराओं और मूल्यों को कायम रखते हुए उसकी गौरवशाली विरासत को नए जोश और जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ाना चाहिए। कार्यक्रम की शुरुआत चायल के ऐतिहासिक क्रिकेट स्टेडियम (दुनिया का सबसे ऊंचा क्रिकेट ग्राउंड) में सेंटेनरी गेट के उद्घाटन से हुई, जो विद्यालय की गौरवशाली परंपरा, सम्मान और राष्ट्र सेवा के शताब्दी प्रतीक के रूप में समर्पित किया गया।



राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल चायल में कार्यक्रम को संबोधित करते थल सेना प्रमुख द्विवेदी।

### शिमला में आरट्रैक के कार्यक्रम में होंगे शामिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी शनिवार को राजधानी शिमला पहुंचे। सेना प्रमुख यहां आरट्रैक में आयोजित होने वाले एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। शिमला पहुंचने पर उनका स्वागत जिला प्रशासन, पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी तथा सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। बताया जा रहा है कि उनके इस दौरे में आरट्रैक से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों और बैठकों में भाग लेने का भी कार्यक्रम है। आरट्रैक देश में उच्च स्तरीय सैन्य प्रशिक्षण और रणनीतिक अध्ययन के लिए एक प्रमुख केंद्र माना जाता है।

**राजनीतिक विश्लेषण** | कैप्टन साहब की बयानबाजी से कांग्रेसी भौचक्के, पूछ रहे हमारे विधायक हैं या भाजपा के

# सुजानपुर में दिशाहीन हुई कांग्रेस की राजनीति!

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की राजनीति इस समय अजीबोगरीब मरहले में लग रही है। कारण एक ही है, जिसकी पार्टी के भीतर खूब चर्चा हो रही है। पार्टी का कोई भी कार्यकर्ता ओपन तौर पर बोलने को तो तैयार नहीं है, लेकिन चर्चा उसके दरम्यान यही हो रही है कि कैप्टन साहब कांग्रेस के विधायक हैं या भाजपा के? बस यही यक्ष प्रश्न वे एक-दूसरे से पूछ रहे हैं, लेकिन जवाब तलाशने पर भी उन्हें नहीं मिल रहा।

मौजूदा हालात में कांग्रेस का एक वर्ग यहां खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। दरअसल, पिछले उपचुनाव में सुजानपुर में राजनीतिक तौर पर जो बड़ा उलटफेर हुआ, उसमें ही यह सब कुछ हुआ है। आम चुनावों में कैप्टन रणजीत सिंह भाजपा के उम्मीदवार थे और कांग्रेस के उम्मीदवार राजेंद्र राणा से चुनाव हार गए थे, लेकिन हिमाचल में हुए बड़े राजनीतिक घटनाक्रम के बाद उपचुनाव हुआ और कैप्टन साहब कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीत गए। प्रतिद्वंद्वी उनके वही पुराने थे, जो पिछली मर्तबा कांग्रेस के टिकट पर थे और उपचुनाव में उनका सामना भाजपा के टिकट पर हुआ। तब उपचुनाव में मुख्यमंत्री का नारा बुलंद था और कांग्रेस का कुनबा भी चुनावी बिसात के नए माहौल में ढल गया था।



विधायक कैप्टन रणजीत सिंह।

**खुद को ठगा महसूस कर रहे पार्टी के लोग**

अब कांग्रेस के कार्यकर्ता की असल समस्या यह है कि उनकी जमीन यहां मजबूत हो रही है या कमजोर, इसका जवाब न तो बड़े नेताओं के पास है, न ग्रास रूट के वर्कर्स के पास। हर तरफ चर्चा एक ही हो रही है, जिसके ताने-बाने में फंसकर इस वक्त कांग्रेस का कार्यकर्ता अगले विधानसभा चुनाव के लिए खुद को लड़ने लायक कैसे जिंदा रखे? इस पर परेशानी के आलम में दिखता हुआ नजर आ रहा है। यह बात भी सच है कि कैप्टन साहब की जीत का रास्ता भाजपाइयों की बदौलत ही जीत की राह पर सवार हुआ था, मगर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को भी मुख्यमंत्री ने उप चुनाव के दरमियान शायद यही कहा था कि उनका विधायक भी मैं हूंगा और मुख्यमंत्री भी। अभी इस पर कितना अमल हो रहा है, इसका खुद कार्यकर्ता को भी एहसास है और शायद मुख्यमंत्री भी महसूस कर रहे होंगे।

### अनुराग और अरुण पर दिए बयान से हलचल

**कैप्टन** साहब आए दिन अपनी बयानबाजी के लिए खूब चर्चा में रहते हैं। दो-तीन दिन पहले उनका बयान सांसद अनुराग ठाकुर और अरुण धूमल को लेकर जब आया, तब कांग्रेस के अंदर ज्यादा हलचल हुई। आमतौर पर इस तरह के बयान देने से कांग्रेस के टिकट पर जीत हासिल करने वाले विधायक गुरेज करते हैं, मगर कैप्टन साहब अपनी बात बेबाकी के साथ रखते हैं। अब सुजानपुर ब्लॉक कांग्रेस और विधायक के दरमियान सीधे तौर पर कितना समन्वय है, यह तो इन दोनों को ही पता होगा, लेकिन इतना जरूर है कि सुजानपुर में कांग्रेस का कुनबा अब जिस नई 'डगर' पर सवार हो गया है, वह स्थिति पता नहीं मुख्यमंत्री के ध्यान में कितनी है?

### कांग्रेस कार्यकर्ता असमंजस में

**कुछ** समय पहले कार्यकर्ताओं का एक वर्ग मुख्यमंत्री से शिमला में मिला था और उसके बाद विधायक और उनके दरमियान सुजानपुर में बैठक भी हुई थी, लेकिन उसे हुए काफी समय हो गया है। अब देखना यही है कि आने वाले दिनों में सुजानपुर कांग्रेस की दशा-दिशा राजनीति के किस परिवेश में दिखाई देती है? क्या कांग्रेस के वर्कर्स के लिए यहां गुदगुदाने लायक मौजूदा नेतृत्व में कुछ शेष बचा है? इसका अब इंतजार रहेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### गलोड़ के गांवों में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** विद्युत उपमंडल गलोड़ के अंतर्गत आने वाले 11, 33 फीडर पर गांव हटली, लहड़ा, नुखेल, बौंनखड, बुद्धवीं, हॉस्पिटल गलोड़, आईपीएच स्कीम और लोकल गलोड़, मार्केट और आस पास के गांवों की बिजली 12 अक्टूबर को पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। विद्युत सब स्टेशन की मरम्मत व पेड़ों की कटाई छंटाई हेतु विद्युत आपूर्ति को बंद किया जाएगा वहीं इसी सबस्टेशन के अंतर्गत धनेड फीडर पर पेड़ों की कटाई छटाई की वजह से खरुनी डोडा बल रतेरा दरबोड नारा और आस पास के गांवों की बिजली भी 14 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक बंद रहेगी। सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल गलोड शिवम डोगरा ने सभी लोगों से सहयोग किया अपील की है।

### मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, जाहू।** नव विभोर पब्लिक स्कूल, सुलगवान में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के छात्रों ने पेंटिंग और भाषण प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में पलक, शिवानी, वैष्णवी, वंशिका, समृद्धि, रक्षित और हर्षित, आदित्य, जय, अनुष्का, अंशिका व ध्रुव शामिल रहे। पेंटिंग प्रतियोगिता में सौरभ, ज्योति, महक व अदिति भाटिया ने भाग लिया। छात्रों ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े सामाजिक कलंक को हटाने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि मानसिक बीमारी को गंभीरता से लेना आवश्यक है और इससे ग्रसित लोगों के साथ संवेदनशीलता से पेश आना चाहिए। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा ने बच्चों को संदेश दिया कि मानसिक स्वास्थ्य पर बात करना कमजोरी नहीं, बल्कि साहस की पहचान है।

### बिलासपुर के बरठीं हादसे पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ भरेड़ी की मासिक बैठक संघ कार्यालय में सादगीपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष चुनी लाल शर्मा (सेवानिवृत्त वरिष्ठ नागरिक कल्याण अधिकारी) ने की। बैठक का शुभारंभ राष्ट्रगान से हुआ, जिसके बाद बिलासपुर जिले के बरठीं में हुए भीषण सड़क हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। हादसे में कई लोगों की दुखद मृत्यु पर दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अध्यक्ष शर्मा ने इस त्रासदी को प्रदेश के लिए एक गहरी पीड़ा बताया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की। बैठक में मौजूद सदस्यों ने सरकार से प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। अन्य कोई एजेंडा न रखते हुए बैठक को श्रद्धांजलि सभा के रूप में ही समाप्त किया गया। सभी सदस्यों ने आपदा पीड़ितों की सहायता के लिए समाज से आगे आने की अपील की।

### पंखुडी का राज्यस्तरीय वॉलीबाल में चयन



**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चोडू में आयोजित खण्ड स्तरीय अंडर-14 (लड़कियां) वालीबाल टूर्नामेंट में नादौन ब्लॉक के सरकारी व निजी स्कूलों की टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी की आठवीं कक्षा की छात्रा पंखुडी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता के लिए चयन हासिल किया। इसके अलावा स्कूल की छात्राएं इशिता, संस्कृति, अनिका ने भी जिला स्तरीय स्पोर्ट्स टूर्नामेंट में वॉलीबॉल और बैडमिंटन में अपनी पहचान बनाई। प्रिंसिपल आरती कटोच ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता स्कूल के लिए गर्व की बात है। उन्होंने चयनित खिलाड़ियों को आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। स्कूल व अध्यापकों ने इन खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत कर उनका उत्साहवर्धन किया।

### छात्रा के परिवार को दी 25,000 की सहायता राशि

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** राजकीय महाविद्यालय भोरंज के प्रधानाचार्य और स्टाफ ने सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा कामिनी की सहायता के लिए ₹25,000 की राशि एकत्रित कर उनके परिवार को सौंपकर एक अनुकरणीय पहल की है। कामिनी के गांव लझयाणी में भारी बारिश के चलते उनके मकान को भारी नुकसान हुआ था। जैसे ही यह जानकारी महाविद्यालय प्रशासन को मिली, प्रधानाचार्य डॉ. विजय ठाकुर के नेतृत्व में पूरे स्टाफ ने स्वेच्छा से सहयोग करते हुए यह सहायता राशि जुटाई। डॉ. ठाकुर ने कहा कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं को भी विकसित करने का माध्यम है। उन्होंने स्टाफ की इस सेवा भावना की सराहना की और ऐसे प्रयासों को भविष्य में भी जारी रखने की बात कही। उन्होंने बताया कि यह राशि पीड़ित परिवार को उनके घर जाकर सौंपी गई। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय की एनएसएस इकाई ने भी 6,000 रुपये की अलग से सहायता राशि प्रदान की। यह प्रयास न केवल छात्रा और उनके परिवार के लिए राहत भरा रहा, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी गया।

### जाहू स्कूल में एनएसएस शिविर का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, जाहू।** उपमंडल भोरंज के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जाहू में शनिवार को 11 से 17 अक्टूबर तक चलने वाले राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय शिविर का भव्य शुभारंभ हुआ। मुख्यातिथि और स्कूल प्रधानाचार्य रमेश ठाकुर ने ध्वजारोहण किया और स्वयंसेवियों के मार्च पास्ट की सलामी ली। उन्होंने स्वयंसेवियों को सामाजिक सेवा में बढ़-चढ़ कर भाग लेने और अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। शिविर में 50 स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं, जो स्कूल परिसर, प्राथमिक स्कूल, पुलिस चौकी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक खेल मैदान की सफाई करेंगे। इसके अलावा जागरूकता रैली के माध्यम से स्वच्छता और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया जाएगा। सात दिनों के दौरान श्रेष्ठ स्वयंसेवियों का चयन भी किया जाएगा। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक राम लाल ने प्रधानाचार्य को स्मृति चिन्ह और टोपी पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कई शिक्षक और स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# हमीरपुर में बीईईओ के चार पद पड़े रिक्त, प्रशासनिक कामकाज प्रभावित

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** सीएम के इस गृह जिला में खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारियों (बीईईओ) के चार पद लंबे समय से खाली हैं। इस संबंध में उपनिदेशक प्राथमिक शिक्षा हमीरपुर ने निदेशक प्राथमिक शिक्षा शिमला को प्रस्ताव भेजा हुआ है, किंतु अब तक स्वीकृति हासिल नहीं हुई है। प्रस्ताव भेजे भी काफी समय हो गया है। स्कूल शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय हमीरपुर ने कहा है कि कार्यालय के सुचारू प्रशासनिक संचालन के लिए इन पदों की शीघ्र नियुक्ति आवश्यक है।

प्रस्ताव के अनुसार, जिले में बीईईओ के कुल 8 स्वीकृत पद हैं, जिनमें से 4 पद वर्तमान में रिक्त हैं। इनमें से एक बीईईओ नादौन का पद 30 नवंबर 2024 को सेवानिवृत्ति के कारण खाली हुआ था, जबकि दूसरा हमीरपुर का पद 30 जून, 2025 को खाली हो चुका है। इसके अतिरिक्त निरीक्षण संवर्ग के भी दो पद क्रमशः 31 मई व 30 जून, 2025 से रिक्त हैं। गलोड़ में भी यह पद सेवानिवृत्ति के कारण अब खाली हो चुका है।

### प्रस्तावित नाम डीपीसी पैनल से चयनित

**दो** पदों को भरने के लिए उप निदेशक कार्यालय ने मौजूदा डीपीसी पैनल से दो वरिष्ठ केंद्रीय मुख्य शिक्षकों के नाम प्रस्तावित किए हैं। देव राज शर्मा जीपीएस बटराण (गलोड़) सामान्य वर्ग बीईईओ, डीआईईटी करौर (निरीक्षण विंग) और विजय कुमार जीपीएस लंबरी (सुजानपुर) सामान्य वर्ग बीईईओ, डाइट गौन करौर। इन शिक्षकों को उनकी वरिष्ठता व योग्यता के आधार पर चयनित किया गया है और प्रस्ताव निदेशालय को स्वीकृति के लिए भेजा गया है।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

### प्रस्ताव पर अब तक नहीं हुई कार्रवाई

**विभागीय** सूत्रों के अनुसार, इस प्रस्ताव को भेजे हुए कई सप्ताह बीत चुके हैं, किंतु अब तक अंतिम स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है। इसके चलते कार्यालय में प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उपनिदेशक कार्यालय ने निदेशालय से आग्रह किया है कि दोनों पदों को मौजूदा वैध पैनल से शीघ्र भरा जाए, ताकि प्राथमिक शिक्षा प्रशासन में कोई व्यवधान न रहे।

### जेओए आईटी के 12 पद खाली

**अहम** बात यह है कि हमीरपुर स्थित डिप्टी डायरेक्टर कार्यालय में भी कई पद खाली हैं, इनमें सबसे ज्यादा जेओए आईटी के हैं। इस कार्यालय में कुल 14 पद स्वीकृत हैं जिनमें केवल दो ही भरे हुए हैं, 12 पद खाली हैं, वहां काम कितना प्रभावित होगा महज ही अंदाजा लगाया जा सकता है, लेकिन इस तरफ शिक्षा विभाग की उच्च अधिकारियों का कोई ध्यान ही नहीं है। दीगर बात यह है कि यहां सीएम का गृह जिला है, लेकिन उसके बावजूद भी वरिष्ठ किसी अधिकारी का ध्यान नहीं है। यहां सीनियर असिस्टेंट के भी 10 ही पद हैं। लेकिन दो यहां भी खाली हैं।

> **खाली** पदों को भरने के लिए सरकार को पैनल बनाकर प्रस्ताव भेजा गया है। एक पद तो पिछले महीने ही खाली हुआ है बाकी कुछ समय से खाली हैं। उम्मीद है कि जल्दी इन पर पोस्टिंग होगी। फिलहाल इन पदों पर कार्यकारी कार्यभार सौंपा गया है।
>
> **-कमल किशोर, डिप्टी डायरेक्टर प्राथमिक शिक्षा विभाग।**

# अंतिम चरण में सिविल अस्पताल बड़सर के इंडोर भवन का कार्य

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**



**बड़सर।** जिला हमीरपुर एवं उना की सीमांत पर बड़सर में स्थित सिविल अस्पताल का इंडोर भवन के रिनोवेशन का कार्य अंतिम चरण पर है एक सप्ताह के भीतर यह भवन बनकर तैयार हो जाएगा।सिविल अस्पताल में 30 बेड क्षमता की सुविधा मरीजों को मिलेगी। गंभीर रूप से बीमार या फिर अन्य बीमारियों से ग्रस्त मरीज को अभी तक एक अस्थाई भवन में दाखिल किया जा रहा है। इस इंडोर भवन में सभी तरह की सुविधा मरीजों को मिलेगी। मेल और फीमेल वार्ड अलग से होंगे।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सिविल हॉस्पिटल बड़सर में साथ लगते जिला उना के लोग भी स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए यहां पहुंचते हैं इस इंडोर भवन का कार्य शीघ्र पूरा करने की प्रदेश सरकार तथा स्वास्थ्य विभाग से पुरजोर मांग की है ताकि आम जनता को निजी हॉस्पिटल में महंगा इलाज करने के लिए मजबूर ना होना पड़े। बीएमओ डॉ. अरविंद टंडन ने बताया कि इंडोर भवन में गर्भवती महिलाओं की प्रसूता भी आसानी से हो जाएगी। इस भवन में ऑक्सीजन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। इसके अतिरिक्त डॉक्टर के लिए कमरा नर्स के साथ बार्ड सिस्टर के लिए भी कमरे का इंतजाम है। डॉक्टर टंडन ने बताया कि रिनोवेशन का सारे कार्य पूरा हो चुका है। सिर्फ बिजली का कनेक्शन ही देना बाकी है।

लोक निर्माण मंडल बडसर के अधिशासी अभियंता रवि शंकर ने आश्वासन दिया है कि एक सप्ताह के भीतर कार्य पूरा कर दिया जाएगा।

## दी नगरोटा कृषि सेवा सहकारी सभा के चुनाव 29 को

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत आने वाली दी नगरोटा कृषि सेवा सहकारी सभा की प्रबंधक समिति के चुनाव की प्रक्रिया आधिकारिक रूप से शुरू हो गई है। नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया 13 अक्तूबर से शुरू होगी, जबकि मतदान 29 अक्तूबर को संपन्न होगा। सहकारी सभा के अधिकारियों ने बताया कि चुनाव पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से आयोजित किए जाएंगे। चुनाव अधिकारी की नियुक्ति कर दी गई है, जो नामांकन, छंटनी और मतदान की पूरी प्रक्रिया की निगरानी करेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 15 अक्तूबर को होगी और नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 17 अक्तूबर निर्धारित की गई है। इसके बाद अंतिम प्रत्याशियों की सूची जारी की जाएगी। दी नगरोटा कृषि सेवा सहकारी सभा स्थानीय किसानों को उर्वरक, बीज, कृषि उपकरण और अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान करती है।

## चाणक्य द गुरु के छात्र चंदन एनडीए की अंतिम मेरिट सूची में

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**




चाणक्य द गुरु परिवार को यह बताते हुए अत्यंत हर्ष और गर्व का अनुभव हो रहा है कि संस्थान के नियमित छात्र चंदन पटियाल ने एनडीए राष्ट्रीय रक्षा अकादमी पुणे के 155 वें कोर्स की अंतिम मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है। चंदन पिछले तीन वर्षों से चाणक्य द गुरु के नियमित विद्यार्थी रहे हैं। उनकी यह सफलता उनके परिश्रम, अनुशासन, लगन और संस्थान के शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। वे एक अनुशासित परिवार से संबंध रखते हैं उनके पिता भारतीय सेना की जम्मू एंड कश्मीर राइफल्स में हवलदार के पद से सेवानिवृत्त हैं। चंदन अपने गांव और परिवार के पहले पीढ़ी के अधिकारी हैं, जिसने इस उपलब्धि को और भी प्रेरणादायक बना दिया है। चाणक्य द गुरु के प्रबंधन, शिक्षकों एवं संपूर्ण टीम ने चंदन पाठियाल और उनके परिवार को इस अद्भुत उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी है। उनकी सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगी।

> **चंदन की सफलता से चाणक्य द गुरु परिवार हुआ गौरवान्वित**

## भोरंज में गूंजा 'वोट चोर गद्दी छोड़' का नारा

### विधायक सुरेश कुमार की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिखाई एकजुटता

**अनंत ज्ञान, भोरंज**




भोरंज में केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता।

उपमंडल भोरंज में शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर मोर्चा खोला। वोट चोर गद्दी छोड़ के नारों से पूरा भोरंज बाजार गूंज उठा। यह कार्यक्रम लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह भोरंज में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने की।

कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। सभी ने एक सुर में केंद्र सरकार पर जनादेश की अवहेलना करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जनता के वोटों की चोरी कर सत्ता में बने रहना लोकतंत्र का अपमान है। सभा के उपरांत कांग्रेस कार्यकर्ता बस्सी चौक तक पैदल मार्च करते हुए पहुंचे, जहां उन्होंने जोरदार प्रदर्शन किया और वोट चोर गद्दी छोड़, लोकतंत्र बचाओ, कांग्रेस लाओ जैसे नारे लगाए। विधायक सुरेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश की जनता अब केंद्र सरकार की हकीकत जान चुकी है। जनता के विश्वास के साथ धोखा करने वाली सरकार को सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता जनता की आवाज को मजबूती से उठाते रहेंगे और आने वाले चुनावों में जनता इसका जवाब देगी।

कार्यक्रम में भोरंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय बन्याल, रोशन लाल, अनिल चौहान, राकेश कुमार गोल्डी, रमेश डोगरा, संगीत शर्मा, चंदन जैलदार, कुलदीप ठाकुर, अशोक शर्मा, राजेश धीमान, राजू ठाकुर, वीरेंद्र समेत अनेक वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी तरह से सक्रिय हैं।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस की लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि जनता के मुद्दों को दबाने वाली सरकार की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। कार्यक्रम के समापन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर विधायक सुरेश कुमार के नेतृत्व में संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

## मुख्यमंत्री की पहल से हिमाचल बनेगा खेलों की नई राजधानी: डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा



जिला स्तरीय अंडर-14 खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ अवसर पर डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा व अन्य।

**अनंत ज्ञान हमीरपुर**

हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अमरोह में शनिवार को अंडर-14 जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर प्रधानाचार्य राकेश वर्मा, एडीपीओ अश्विनी कुमार और स्टाफ द्वारा डॉ. वर्मा का भव्य स्वागत किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न ब्लॉकों से आए 448 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं।

डॉ. वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य में खेल अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए कई ऐतिहासिक फैसले लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि हमीरपुर के नादौन में 100 करोड़ की लागत से आधुनिक इनडोर स्टेडियम का निर्माण कार्य चल रहा है, जिससे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

मुख्यमंत्री खेल मैदान योजना के अंतर्गत हर विधानसभा क्षेत्र में खेल मैदानों को विकसित किया जा रहा है। डॉ. वर्मा ने कहा कि यह योजनाएं हिमाचल को खेलों की राजधानी बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगी। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत प्रधान स्नेह लता, कैप्टन बलदेव शर्मा, सिकंदर कुमार, कैप्टन विक्रम ठाकुर और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा 25 दिसंबर तक चलाएगी आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान: राकेश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी 25 सितंबर से 25 दिसंबर 2025 तक आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान चलाएगी। भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बताया कि यह अभियान प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के विजन को जन-जन तक पहुंचाने, स्थानीय उद्यमों को प्रोत्साहित करने और जनभागीदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान की रूपरेखा 23 सितंबर को आयोजित प्रदेश कार्यशाला में तय की गई थी। इसके बाद 12, 13, 14 और 15 अक्टूबर को जिले के विभिन्न मंडलों में मंडल स्तरीय बैठकें आयोजित होंगी। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विक्रमजीत सिंह बन्याल ने बताया कि बैठकों में जिला व प्रदेश पदाधिकारी, मंडल कार्यसमिति सदस्य, जनप्रतिनिधि, सोशल मीडिया व मीडिया संयोजक और ग्राम केंद्र प्रमुख भाग लेंगे।

इन बैठकों के लिए मंडलवार संयोजकों और सह-संयोजकों की नियुक्ति की गई है। इनमें भोरंज-समीरपुर के लिए हरीश शर्मा और राजकुमारी ठाकुर, बमसन-सुजानपुर के लिए कमलेश कुमारी और विपिन अग्निहोत्री, हमीरपुर शहरी-ग्रामीण के लिए राकेश ठाकुर और मनजीत ठाकुर, बड़सर-ढटवाल के लिए देश राज शर्मा और अजय रिंटू तथा नादौन-गलोड़ के लिए कमल नयन और जगन कटोच जिम्मेदारी निभाएंगे।

## 100 सीबीएसई स्कूलों में दी जाए एआई व वोकेशनल शिक्षा: विजय

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश अब सीबीएसई की तर्ज पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और व्यावसायिक शिक्षा को स्कूली स्तर पर लागू करे। 100 सीबीएसई स्कूलों में इसकी व्यवस्था का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया जाए। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ प्रदेश महासचिव विजय हीर ने प्रदेश सरकार से की है क्योंकि केंद्र सरकार पहले ही घोषणा कर चुकी है कि 2026-27 सत्र से देशभर में कक्षा तीन से एआई शिक्षा शुरू की जाएगी।

शिक्षा मंत्रालय के अनुसार इसके लिए एक व्यापक राष्ट्रीय ढांचा तैयार किया जा रहा है और देशभर में एक करोड़ से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। सीबीएसई पहले ही कक्षा छह से एआई को 15 घंटे के कौशल विषय के रूप में पढ़ा रही है, जबकि कक्षा नौ से बारह तक इसे वैकल्पिक विषय के रूप में शामिल किया गया है। नई शिक्षा नीति में कक्षा 6 से 10 तक ऐसी शिक्षा देने का प्रावधान है। राज्य सरकार को भी अब सीबीएसई की तर्ज पर तीसरी कक्षा से व्यावसायिक शिक्षा और कोडिंग आधारित एआई शिक्षा शुरू करने की दिशा में पाठ्यक्रम बनाने की शुरुआत करनी चाहिए। इसके लिए राज्य स्तर पर पाठ्यक्रम निर्माण समिति गठित कर आईटी, कोडिंग, डिजिटल कौशल और व्यावसायिक प्रशिक्षण को विद्यालयी शिक्षा का हिस्सा बनाया जाए। इससे ग्रामीण व सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को भी आधुनिक तकनीकी शिक्षा के समान अवसर मिल सकेंगे। वर्तमान में कोडिंग की पढ़ाई निजी संस्थानों में अत्यधिक महंगी है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों पर कोडिंग कोर्स की फीस कक्षा 6 से 10 तक लगभग एक लाख अस्सी हजार रुपये तक है, जो निर्धन व मध्यम वर्गीय परिवारों की पहुंच से बाहर है। यदि हिमाचल प्रदेश सरकार स्वयं राज्य स्तरीय पाठ्यक्रम बनाकर सरकारी स्कूलों में कोडिंग और एआई की पढ़ाई शुरू करवाती है तो लगभग चार लाख विद्यार्थी सीधे लाभान्वित हो सकते हैं।

### शास्त्री की हो नियुक्ति

**इसी** बीच प्रदेश के कई मिडल स्कूल अब बंद होने के कगार पर हैं। अधिकांश मिडल पाठशालाओं में विद्यार्थियों की संख्या 12 से 20 के बीच रह गई है और इन स्कूलों में केवल दो अध्यापक या एक ही शिक्षक कार्यरत हैं। प्रदेश में लगभग एक हजार शास्त्री के पद रिक्त पड़े हैं, जबकि मिडल स्कूलों में हिंदी और संस्कृत पढ़ाने के लिए शास्त्री आवश्यक हैं। यदि शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो इन स्कूलों के बंद होने का खतरा बढ़ जाएगा, जिससे दूरदराज क्षेत्रों के गरीब परिवारों के बच्चे शिक्षा से वंचित हो जाएंगे।

## चकमोह के साहिल शर्मा ने बताया मंडाला आर्ट का महत्व



**अनंत ज्ञान, चकमोह**

चकमोह के साहिल शर्मा, पुत्र रमेश चंद द्वारा मंडाला आर्ट से बनाई गई खूबसूरत कलाकृतियां। दरअसल, मंडारा आर्ट एक प्राचीन कला रूप है जिसमें केंद्र से फैलते हुए ज्यामितीय आकार और पैटर्न बनाए जाते हैं। यह ध्यान, शांति और आध्यात्मिकता का प्रतीक माना जाता है। मंडाला शब्द संस्कृत से लिया गया है, जिसका अर्थ है 'वृत्त' या 'चक्र'। मंडाला डिजाइनों में समरूपता और संतुलन होता है, जो मन को एकाग्र करता है और मानसिक शांति प्रदान करता है। यह कला तिब्बती बौद्ध धर्म, हिंदू धर्म और विभिन्न सांस्कृतिक परंपराओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कला में रंगों और आकृतियों का उपयोग ध्यान को गहरा करने और आत्मा के विकास के लिए किया जाता है। आज मंडाला आर्ट थैरेपी में भी उपयोग होती है, जो तनाव कम करने और मानसिक स्वास्थ्य सुधारने में मदद करती है। बच्चों से लेकर वयस्कों तक, सभी उम्र के लोग इस कला के माध्यम से सृजनात्मकता और ध्यान दोनों का अनुभव कर सकते हैं। मंडाला आर्ट न केवल सजावट के लिए बल्कि आध्यात्मिक अभ्यास और मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य के लिए भी महत्वपूर्ण है।

**कार्यक्रम** सीएम के राजनीतिक सलाहकार बिट्टू बोले- प्रदेश सरकार विशेष बच्चों को दे रही बेहतर सुविधाएं

# पहचान संस्था के विशेष बच्चों के लिए सराहनीय प्रयास

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**




मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू पहचान संस्था के दसवें वार्षिक उत्सव में विशेष बच्चों के साथ।

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने शनिवार को टाउन हॉल में 'पहचान' संस्था के विशेष बच्चों के स्कूल के दसवें वार्षिक उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करके विशेष रूप से सक्षम बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस समारोह में विशेष बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी को तालियां बजाने को मजबूर कर दिया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने विशेष रूप से सक्षम बच्चों और बेसहारा बच्चों के कल्याण के लिए बहुत ही सराहनीय निर्णय लिए हैं। प्रदेश सरकार ने इन बच्चों के लिए सभी सुविधाएं सुनिश्चित करके पूरे देश में एक मिसाल कायम की है। पहचान संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि उन्हें भी शुरुआती दौर से ही इस संस्था से जुड़ने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। उन्होंने बताया कि राज्य नशा निवारण बोर्ड के संयोजक एवं सलाहकार नरेश ठाकुर और संस्था की अध्यक्ष चेतना शर्मा ने विशेष बच्चों हेतु यह स्कूल स्थापित करने में बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। आज यह संस्थान विशेष रूप से सक्षम बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए बहुत बड़ा सहारा साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस स्कूल के लिए किसी भी तरह की मदद के लिए वह हमेशा कृतसंकल्प हैं। उन्होंने हमीरपुर शहर की प्रमुख स्वयंसेवी संस्था सीनियर सिटीजन काउंसिल तथा शिव शक्ति सेवा दल के कार्यों की सराहना भी की।

उन्होंने कहा कि सीनियर सिटीजन काउंसिल अस्पताल में मरीजों की सेवा कर रही है वो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि जो भी इस संस्था से जुड़कर निस्वार्थ सेवा कर रहे हैं उनका मैं तहेदिल से सम्मान करता हूं। उन्होंने कहा कि पहचान संस्था भी विशेष बच्चों को समाज में स्थान दिलाने के लिए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य कर रही है।

उन्होंने पहचान संस्था की विभिन्न गतिविधियों एवं दस वर्ष की उपलब्धियों की एक पुस्तिका का विमोचन भी किया और बच्चों को पुरस्कृत किया। इससे पहले, पहचान स्कूल की प्रधानाचार्य चेतना शर्मा ने मुख्य अतिथि, अन्य अतिथियों, सभी विशेष बच्चों एवं उनके अभिभावकों का स्वागत किया तथा स्कूल की विभिन्न गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस स्कूल पर मुख्यमंत्री का विशेष आशीर्वाद है और उन्होंने स्कूल के बच्चों को शिमला एवं अन्य पर्यटन स्थलों पर घुमाने के लिए 50 हजार रुपए का प्रावधान भी किया है। समारोह में विशेष बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

सीनियर सिटीजन काउंसिल के पदाधिकारियों ने भी सुनील शर्मा बिट्टू को सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्य नशा निवारण बोर्ड के संयोजक एवं सलाहकार नरेश ठाकुर, नगर निगम के आयुक्त राकेश शर्मा, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष सुमन भारती, पार्टी के अन्य पदाधिकारी और विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## जिलास्तरीय अंडर-19 एथलेटिक्स और सांस्कृतिक स्पर्धा शुरू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर के शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा मेमोरियल ब्वायज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को छात्र-छात्राओं की जिला स्तरीय अंडर-19 एथलेटिक्स और छात्रों की सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू द्वारा किया गया। उन्होंने आयोजन समिति और प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश में खेल अधोसंरचना और प्रतिभा संवर्धन को लेकर बड़े निर्णय लिए गए हैं। इससे हिमाचल के युवा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्रधानाचार्य मुश्ताक मोहम्मद और एडीपीईओ राजेंद्र शर्मा ने प्रतियोगिता की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एथलेटिक्स में 34 स्कूलों के 167 एथलीट और सांस्कृतिक प्रतियोगिता में 14 स्कूलों के 144 छात्र भाग ले रहे हैं। विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### समर्थ-2025 के तहत चलाया जाएगा विशेष जागरूकता अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आपदा जोखिम न्यूनीकरण के तहत समर्थ-2025 अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत प्रदेश भर में लोगों को आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक करने के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सूचना एवं जन संपर्क विभाग के कलाकार इस दौरान गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से भूकंप, भूस्खलन, बाढ़, और आगजनी जैसी प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के उपायों पर लोगों को जागरूक करेंगे। शिमला जिले के विभिन्न क्षेत्रों में यह विशेष अभियान 14 से 18 अक्तूबर तक चलाया जाएगा। इस दौरान हिम आधार कला मंच नालदेहरा, पूजा कला मंच शगीन, शिव कल्चरल ट्रूप हलोग धामी के कलाकार अलग-अलग क्षेत्रों में प्रस्तुतियां देंगे।

### महिला पॉलिटेक्निक संस्थान में युवा वर्ग में तनाव और नशे के खतरे पर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति ने राजकीय महिला पॉलिटेक्निक संस्थान में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझाना और उनसे जुड़ी समस्याओं पर संवाद स्थापित करना रहा। हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति के राज्य सचिव सत्यावान पुंडीर ने कहा कि आज का छात्र वर्ग पढ़ाई, रोजगार, परिवार और सामाजिक दबाव के कारण तनाव का सामना कर रहा है, जिससे कई युवा नशे की ओर बढ़ रहे हैं। समिति ने इस दिशा में 'युवा बचाओ अभियान' नाम से एक जागरूकता अभियान शुरू किया है। सेवानिवृत्त मनोवैज्ञानिक डॉ. रवि भूषण ने मानसिक स्वास्थ्य के जैविक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक पहलुओं पर प्रकाश डाला और बताया कि मादक द्रव्यों का सेवन मस्तिष्क की रासायनिक प्रक्रिया को गहराई से प्रभावित करता है। एडवोकेट राजीव शर्मा ने कानूनी जटिलताओं पर चर्चा करते हुए कहा कि अपराध और नशे की रोकथाम के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी रविंद्र शर्मा ने मानसिक रोगों से जुड़े कलंक को समाप्त करने की जरूरत बताई।

### सीमा कॉलेज में सीएससीए शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**अनंत ज्ञान, रोहडू।** राजा वीरभद्र सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा में कॉलेज छात्र केंद्रीय परिषद का शपथ ग्रहण समारोह उत्साहपूर्वक और गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। परिषद में अदिति अध्यक्ष, अनन्या उपाध्यक्ष, पलक सचिव और श्रुति संयुक्त सचिव चुनी गईं। समारोह में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ललिता रावत ने पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह निकाय अकादमिक उत्कृष्टता के आधार पर गठित किया गया है।

### सुन्नी में जिला स्तरीय अंडर-14 छात्र वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुन्नी में शनिवार को जिला स्तरीय अंडर 14 छात्र वर्ग की मेजर खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में बसंतपुर की प्रधानाचार्य डॉ. उर्मिला वर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की जबकि हंसराज विशिष्ट अतिथि रहे। दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि मानसिक विकास के साथ शारीरिक विकास भी उतना ही जरूरी है और खेलों से अनुशासन की भावना जागृत होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से हर क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी। इस प्रतियोगिता में जिले के 18 विद्यालयों के करीब 155 खिलाड़ी बास्केटबॉल, फुटबॉल, हैंडबॉल और बॉक्सिंग में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

### सीएम सुक्खू ने वीरभद्र सिंह की प्रतिमा अनावरण की तैयारियों का लिया जायजा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह की प्रतिमा के अनावरण से पहले मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज समारोह स्थल का दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों से तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली और कार्यक्रम के सुचारू आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन प्रदेश के लोगों की भावनाओं से जुड़ा हुआ है, इसलिए इसकी तैयारियों में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा प्रबंधों को लेकर भी अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की और पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, विधायक हरीश जनारथा, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान आदि उपस्थित रहे।

### एचआरटीसी पेंशनर्स की आवाज कब सुनेगी सरकार: जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि सुखविंद्र सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर पूरे प्रदेश की व्यवस्था को अस्त-व्यस्त कर दिया है। आज हर वर्ग सड़कों पर है या सड़कों पर उतरने की तैयारी में है। एचआरटीसी के पेंशनर्स अपने अधिकारों के लिए लगातार आवाज उठा रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी मांगें सुनने को तैयार नहीं। उन्होंने कहा कि पेंशनर्स एसोसिएशन कई बार आंदोलन कर चुकी है, पर सरकार ने न तो उनकी पेंशन समस्याओं का समाधान किया और न ही लंबित मेडिकल बिलों का भुगतान किया। बुजुर्ग पेंशनर्स दवाई और इलाज के लिए तरस रहे हैं। उन्होंने कहा कि निगम में जिन लोगों ने अपनी पूरी उम्र दी, आज वही अपने हक के लिए सड़कों पर खड़े हैं, जबकि सरकार केवल बड़े दावे और भाषणों में व्यस्त है। नेता प्रतिपक्ष ने शिमला से जारी बयान में कहा कि परिवहन विभाग आए दिन करोड़ों की कमाई और सुधार के दावे करता है, लेकिन हकीकत इसके उलट है।

# सीएम सुक्खू ने की एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस सेवा की शुरुआत

## 26 नई एंबुलेंस होंगी स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़, 19 जीवन रक्षक सुविधाओं से होंगी लैस

**सत्यदेव भारद्वाज अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को ओकओवर शिमला से 26 नई एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस को राष्ट्रीय एंबुलेंस सेवा-108 (एनएसए) में शामिल करने और तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 का शुभारंभ किया। यह आयोजन स्वास्थ्य विभाग और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कदम प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय एंबुलेंस सेवा-108 के तहत वर्तमान में 241 एंबुलेंसें प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में आपातकालीन परिस्थितियों में सेवा दे रही हैं। अब इन 26 नई एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस के जुड़ने से यह व्यवस्था और सुदृढ़ होगी। इन एंबुलेंस में 19 जीवन रक्षक सुविधाएं जैसे ट्रांसपोर्ट वेंटिलेटर, ईसीजी मशीन, एंबू बैग, ऑक्सीजन सिलेंडर आदि उपकरण उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि इन एंबुलेंसों को चिकित्सा महाविद्यालयों, जिला और सिविल अस्पतालों के साथ-साथ दूरदराज के क्षेत्रों में भी तैनात किया जा रहा है, ताकि गंभीर स्थिति में मरीजों को शीघ्र उपचार मिल सके। इन वाहनों में प्रशिक्षित आपातकालीन चिकित्सा तकनीशियन भी तैनात रहेंगे।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र को विश्वस्तरीय आधारभूत ढांचे से सुसज्जित करने की दिशा में कार्यरत है। उन्होंने तंबाकू मुक्त युवा अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश जन-स्वास्थ्य के क्षेत्र में देशभर में अग्रणी राज्य के रूप में उभर रहा है। यह 60 दिवसीय अभियान 8 दिसंबर, 2025 तक चलेगा, जिसमें जागरूकता, रोकथाम और तंबाकू नियंत्रण कानूनों के सख्त पालन पर बल दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तंबाकू दुकानों को नियंत्रित करने और विक्रेता लाइसेंस नियमों को लागू करने के निर्देश सभी जिलों और स्थानीय निकायों को दिए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि हर स्कूल और गांव को तंबाकू मुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, विधायक संजय अवस्थी, महापौर सुरेंद्र चौहान, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान आदि उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री सुक्खू एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

### 109 नए दिशा केंद्रों में परामर्श सेवाएं शुरू

**उन्होंने** बताया कि स्वास्थ्य विभाग, चिकित्सा महाविद्यालयों और जिला अस्पतालों में निःशुल्क तम्बाकू त्याग सेवाएं उपलब्ध हैं और 109 नए दिशा केंद्रों में परामर्श सेवाएं शुरू की गई हैं ताकि लोग तम्बाकू से मुक्त होकर स्वस्थ जीवन जी सकें। मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को तम्बाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता की शपथ भी दिलाई और समाज के सभी वर्गों से इस अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

# प्रदेश में एक जैसे पंचायत घरों का निर्माण विकास की नई पहचान: अनिरुद्ध सिंह


ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह पंचायत घर बरमु केल्टी का उद्घाटन करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने शनिवार को कुसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बरमु केल्टी में 1.14 करोड़ रुपए की लागत से बने बहुमंजिला पंचायत भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने बताया कि पहले पंचायत कार्यालय किराए के कमरे में संचालित होता था, लेकिन अब आधुनिक सुविधाओं से युक्त भवन से स्थानीयों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी।

नए भवन में पंचायत प्रधान, सचिव व तकनीकी सहायक के कक्ष, बैठक हॉल, सामान्य सेवा केंद्र और शौचालयों का निर्माण किया गया है। अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि पहले पंचायत भवनों के लिए महज 33 लाख रुपए स्वीकृत होते थे, लेकिन वर्तमान सरकार ने लोक निर्माण विभाग से एकरूपता वाले डिजाइन तैयार करवाकर पूरे प्रदेश में एक जैसे पंचायत घरों का निर्माण शुरू किया है।

कुसुम्पटी क्षेत्र में 17 पंचायत भवनों का कार्य जारी है, जबकि प्रदेश में पिछले दो वर्षों में 125 नए पंचायत भवनों को स्वीकृति दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि केल्टी क्षेत्र में 75 प्रतिशत सीवरेज कार्य पूर्ण हो चुका है, और यह स्थानीय सहयोग से संभव हो पाया। अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि केल्टी पटवारखाना के लिए 42 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। पंचायत को सामुदायिक भवन निर्माण के लिए तीन बीघा भूमि मिली है, जिस पर जल्द कार्य शुरू होगा।



### सेरी पुल मार्ग दो माह बाद छोटे वाहनों के लिए बहाल

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** रामपुर उपमंडल के तहत सेरी पुल मार्ग को दो महीने बाद छोटे वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया गया है। भारी बारिश और भूस्खलन के कारण यह मार्ग बंद हो गया था, जिससे देवठी, कूहल, काशापाट और मुनीश पंचायतों के लोगों को भारी दिक्कतें झेलनी पड़ीं। अब मार्ग खुलने से कर्मचारी वर्ग, विद्यार्थी और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। लोक निर्माण विभाग रामपुर मंडल के अधिशासी अभियंता शक्ति सिंह ने बताया कि बड़े वाहनों के लिए बहाली कार्य जारी है और जल्द ही उन्हें भी अनुमति मिल जाएगी।

# हिमाचल में पंचायत चुनाव पर गहराई अनिश्चितता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनाव को लेकर संशय की स्थिति लगातार बनी हुई है। लंबे समय से तैयारियों और चर्चाओं के बीच अब राज्य निर्वाचन आयोग ने सरकार से औपचारिक रूप से यह जानने का निर्णय लिया है कि प्रदेश में चुनाव करवाने के लिए परिस्थितियां कब अनुकूल मानी जाएंगी। पंचायत चुनाव का यह मुद्दा प्रशासनिक और राजनीतिक दोनों स्तरों पर संवेदनशील बन गया है, क्योंकि इसके साथ प्रदेश के ग्रामीण ढांचे की दिशा और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की निरंतरता जुड़ी हुई है।

राज्य निर्वाचन आयोग के सूत्रों के अनुसार, पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूचियों का अपडेट जारी है और मतदाता संख्या में बढ़ोतरी की संभावना भी जताई जा रही है। हिमाचल में करीब 56 लाख वोटर हैं, जिनकी सूची 13 नवंबर तक फाइनल की जाएगी। वहीं एक अक्तूबर 2025 तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं को भी वोटर सूची में नाम दर्ज करवाने का अवसर दिया गया है। डिलिमिटेशन का कार्य पूरा होने के बाद पंचायतवार सीमाएं तय कर दी गई हैं। हालांकि, सरकार की ओर से अब तक यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि चुनाव कब कराए जा सकते हैं। हाल ही में प्रदेश के कई जिलों से आई रिपोर्टों में डीसी स्तर पर भी यह सुझाव दिया गया था कि वर्तमान परिस्थितियों में चुनाव स्थगित किए जाएं। इसके पीछे आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्निर्माण कार्यों की व्यस्तता और प्रशासनिक संसाधनों की कमी को कारण बताया गया है।

**आयोग अब सरकार से मांगेगा स्पष्ट जवाब**

### सरकार के सहयोग के बिना चुनाव कराना मुश्किल: खाची

**राज्य** निर्वाचन आयुक्त अनिल खाची ने कहा है कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह से सरकार के सहयोग पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि आधारभूत ढांचे से लेकर कर्मचारियों की तैनाती तक सब कुछ सरकार की जिम्मेदारी होती है। आयोग की ओर से सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं, लेकिन यह जानना आवश्यक है कि प्रदेश सरकार किन परिस्थितियों में और कब पंचायत चुनाव करवाने को उपयुक्त मानती है।

### न्यू शिमला में काउंसलर पर अस्पायर अकादमी के छात्रों से मारपीट का आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के न्यू शिमला क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया, जब स्थानीय काउंसलर आरआर वर्मा पर चार स्कूली छात्रों से मारपीट और दुर्व्यवहार का आरोप लगा। मामला 10 अक्टूबर रात करीब 10:30 बजे का है, जब अस्पायर अकादमी के छात्र रोहित, चैतन्य, हर्षित और मुनिश गिटार बजाते हुए बातचीत कर रहे थे। शिकायत के अनुसार, एक व्यक्ति के फोन पर वर्मा कुछ लोगों के साथ मौके पर पहुंचे और छात्रों से आक्रामक पूछताछ की। जैसे ही चैतन्य ने अपनी पहचान बताई, वर्मा ने उसे कथित तौर पर तीन थप्पड़ मारे, बाल खींचे और पिता को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी। छात्रों पर नशा करने के झूठे आरोप भी लगाए गए और उन्हें जबरन पैर छूकर माफी मांगने को कहा गया। छात्रों को लगभग एक घंटे तक अवैध रूप से रोके रखा गया। संस्थान के प्रबंधक सुरेंद्र सिंघटा ने कहा कि यह पहला मौका नहीं है जब वर्मा ने एकेडमी को निशाना बनाया हो। उन्होंने पुलिस से आईपीसी की धाराओं 126(2), 115(2), 351(2) और 352 के तहत कड़ी कार्रवाई की मांग की है।


महेंदली-टिक्कर सड़क मढारली के पास डंगा ढहने से बदहाल स्थिति में।

### महेंदली-टिक्कर सड़क बदहाली पर भाजपा ने कांग्रेस को घेरा

**अनंत ज्ञान, रोहडू।** जुब्बल-कोटखाई और रोहडू को जोड़ने वाली महेंदली-टिक्कर सड़क की खस्ताहाल हालत पर भाजपा ने कांग्रेस सरकार को घेरा है। भाजपा जिला अध्यक्ष अरुण फाल्टा ने कहा कि मढारली में डंगा गिरने के बाद सड़क एक माह से बंद पड़ी है, जिससे स्कूली बच्चों, कर्मचारियों और आम लोगों को भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और विधायक मोहन लाल ब्राक्टा पर समस्या से बेखबर रहने का आरोप लगाया। भाजपा नेताओं ने नावर क्षेत्र की सड़कों की जल्द मरम्मत की मांग की है।

### संजौली में कार में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के संजौली क्षेत्र में खड़ी एक कार से युवक का शव बरामद होने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान ठियोग के मालेड़ी निवासी विनोद कंवर के रूप में हुई है। 8 अक्तूबर की रात शनान क्षेत्र में स्थानीय लोगों ने युवक को अचेत देख पुलिस को सूचना दी।आईजीएमसी ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है, क्योंकि मृतक का मोबाइल और पर्स गायब था तथा नाक से खून बह रहा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# प्राकृतिक आपदा से 4000 करोड़ का नुकसान: विक्रमादित्य सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शनिवार को शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में कुफरीधार-शनोल सड़क का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनने वाली यह 2.16 किमी लंबी सड़क लगभग 90 लाख रुपए की लागत से तैयार होगी, जिसमें से 20 लाख रुपए की पहली किस्त जारी की जा चुकी है।

देवनगर मूलबरी पंचायत में आयोजित 'मंत्री आपके द्वार' कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि यह सड़क स्थानीय लोगों के लिए राहतदायक होगी और क्षेत्र के आर्थिक विकास को गति देगी। उन्होंने बताया कि शिमला ग्रामीण में अब तक इस योजना के तहत 2.40 करोड़ रुपए की परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं।

उन्होंने देवनगर-घनाहट्टी सड़क की मेटलिंग के लिए एक करोड़ रुपए और रूपनाला-थाची बझोल मार्ग के उन्नयन हेतु 8 करोड़ रुपए स्वीकृत किए जाने की जानकारी दी। मंत्री ने पंचायत को विधायक निधि से 5 लाख रुपए देने की घोषणा भी की। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने 13 अक्तूबर को रिज मैदान पर वीरभद्र सिंह की प्रतिमा अनावरण में शामिल होने के लिए जनता को आमंत्रित किया।


विक्रमादित्य सिंह शिमला ग्रामीण के देवनगर में जनसभा को संबोधित करते हुए।

# ड्रग्स के खिलाफ दौड़ और पर्यावरण संरक्षण की ओर कदम: एडवर्ड्स संघ


एडवर्ड्स स्कूल में नशे के खिलाफ आयोजित दौड़ में भाग लेते प्रतिभागी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला में एडवर्ड्स स्कूल द्वारा समाज में नशे के बढ़ते प्रभाव के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक विशेष दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ की शुरुआत हाईकोर्ट से हुई और इसका समापन स्कूल के मैदान में हुआ।

इस अवसर पर एडवर्ड्स संघ के अध्यक्ष राजीव सूद मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि एडवर्ड्स स्कूल के 100 वर्ष 9 मार्च 2025 को पूर्ण हो चुके हैं और इस उपलक्ष्य में स्कूल प्रबंधन लगातार विभिन्न खेल और सामाजिक गतिविधियों का आयोजन कर रहा है। दौड़ में करीब 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। राजीव सूद ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई में युवा शक्ति को तैयार करना समय की मांग है और खेल इस मुहिम को नई दिशा दे सकते हैं। राजीव सूद ने बताया कि एडवर्ड्स स्कूल पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। स्कूल में बच्चों को वेस्ट प्रोडक्ट के पुनः उपयोग और रिसाइकलिंग की प्रक्रिया के प्रति जागरूक किया जा रहा है। एडवर्ड्स संघ द्वारा 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में 11 से 13 अक्तूबर तक तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इस दौरान एक कार रैली का आयोजन भी किया जाएगा। इस रैली में 315 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे, जिनमें तमिलनाडु, दिल्ली, गोवा, चिन्नई, अमेरिका, शिकागो और न्यूयॉर्क से आए प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। इसके बाद गोल्फ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जस्टिस दीपक गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**अभियान** | वोट चोर, गद्दी छोड़ का नारे को मिला जनता का समर्थन

# भाजपा जनमत चोरी कर लोकतंत्र को कर रही कमजोर: पाटिल

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य, प्रदेश मामलों की प्रभारी एवं सांसद रजनी पाटिल ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी देश के लोकतंत्र को कमजोर कर जनमत की भी चोरी कर रही है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देश के कई राज्यों में भाजपा के वोट चोरी के पुख्ता प्रमाण दिए हैं, लेकिन चुनाव आयोग इसकी जांच करने से बच रहा है।

रजनी पाटिल ने कहा कि यह देश का दुर्भाग्य है कि आज चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं और आयोग अपनी जवाबदेही से भाग रहा है। नारकंडा और ठियोग में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में रजनी पाटिल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का नारा 'वोट चोर, कुर्सी छोड़' देशभर में जन-जन की आवाज बन चुका है। उन्होंने बताया कि भाजपा के खिलाफ कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान लोगों में व्यापक समर्थन प्राप्त कर रहा है। लोग बढ़-चढ़कर इसमें हिस्सा ले रहे हैं, जिससे स्पष्ट है कि जनता अब भाजपा की जनादेश चोरी के खिलाफ खड़ी हो रही है।

रजनी पाटिल ने कार्यकर्ताओं से कहा कि उन्हें पार्टी की ओर से जो भी जिम्मेदारी सौंपी जाए, उसे वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और अनुशासन के साथ निभाएं। उन्होंने निर्देश दिया कि 'वोट चोर, गद्दी छोड़' अभियान के तहत चल रहा हस्ताक्षर अभियान 15 अक्तूबर तक पूरा कर लिया जाए, ताकि इसे प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के माध्यम से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को भेजा जा सके।


ठियोग में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल व अन्य।

### ठियोग क्षेत्र में 70 प्रतिशत हस्ताक्षर अभियान पूरा: राठौर

**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता और ठियोग के विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने बताया कि ठियोग विधानसभा क्षेत्र में भाजपा विरोधी हस्ताक्षर अभियान 70 प्रतिशत तक पूरा किया जा चुका है और 15 अक्तूबर तक इसे शत-प्रतिशत पूरा कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ठियोग क्षेत्र के लोग कांग्रेस पार्टी के साथ मजबूती से खड़े हैं और इसके लिए उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

### जन समर्थन से कांग्रेस का मनोबल हुआ मजबूत

**बैठक** में मौजूद नेताओं ने कहा कि जनता के उत्साह और सहयोग से कांग्रेस पार्टी का मनोबल लगातार मजबूत हो रहा है। कार्यकर्ताओं ने भरोसा जताया कि आने वाले समय में हिमाचल प्रदेश सहित पूरे देश में भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ

# धनतेरस पर भाजपा प्रदेश कार्यालय का शिलान्यास करेंगे जेपी नड्डा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

धनतेरस के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रदेश संगठन के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। शिमला के टूटू स्थित एयरपोर्ट रोड पर बनने वाले भाजपा के नए प्रदेश कार्यालय भवन का शिलान्यास 18 अक्तूबर को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के करकमलों से होगा।

इस आयोजन की तैयारियों को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई, जिसमें पदाधिकारियों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। डॉ. बिंदल ने कहा कि यह भवन संगठन की एकता, अनुशासन और समर्पण की भावना को नई ऊर्जा देगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियां गठित की गई हैं, जो स्वागत, यातायात, आवास व सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेंगी।

विधायक बलबीर वर्मा ने कहा कि यह नया कार्यालय आने वाले वर्षों में पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा स्थल बनेगा। भवन को भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर आधुनिक व सुविधाजनक बनाया जा रहा है।

### डॉ. बिंदल ने की तैयारियों की समीक्षा, भवन बनेगा संगठन की एकता व सेवा भावना का प्रतीक



टूटू में बनने वाले भाजपा प्रदेश कार्यालय के शिलान्यास की तैयारियों की समीक्षा बैठक करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल।

# पोस्ट कार्ड पर एचपीसीए स्टेडियम और कांगड़ा आर्ट म्यूजियम

## डाक टिकट प्रदर्शनी के समापन पर पोस्टकार्ड किए गए रिलीज

प्रदर्शनी में देश-विदेश के पांच हजार टिकट किए गए प्रदर्शित

राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**धर्मशाला।** विश्व के बेहतरीन स्टेडियमों में शुमार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला अब डाक विभाग के पोस्टकार्ड पर भी नजर आएगा।

यही नहीं जिला मुख्यालय धर्मशाला स्थित कांगड़ा आर्ट म्यूजियम भी पोस्टकार्ड पर दिखेगा। इसको लेकर शनिवार को डाक विभाग की ओर से दो पोस्टकार्ड जारी किए गए, एक पोस्टकार्ड पर एचपीसीए स्टेडियम और दूसरे पर कांगड़ा आर्ट म्यूजियम की फोटो नजर आएगी। यही नहीं पालमपुर स्थित सेंट पॉल स्कूल के सौ वर्ष पूरे होने पर डाक विभाग ने एक लिफाफा जारी करते हुए उस पर सेंट पॉल स्कूल की फोटो को कवर पर लिया गया है। इस डाक लिफाफे के पिछली तरफ सेंट पॉल स्कूल का इतिहास भी अंकित किया गया है। तीन दिवसीय डाक टिकट प्रदर्शनी भारत सहित अन्य देशों के करीब 5 हजार टिकट प्रदर्शित किए गए। प्रदर्शनी के समापन समारोह में धर्मशाला के पूर्व विधायक विशाल नैहरिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान स्कूल, कॉलेज व विश्वविद्यालय के बच्चों की प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। डाक विभाग धर्मशाला के अधीक्षक रविंद्र कुमार ने बातया कि भारतीय डाक विभाग की ओर से डाक मंडल धर्मशाला द्वारा तीन दिवसीय डाक टिकट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 5 हजार टिकट प्रदर्शित किए गए। प्रदर्शनी का थीम पर्यावरण बचाओ, धरती बचाओ रहा, जिस पर ही प्रदर्शनी के तीनों दिनों की गतिविधियां केंद्रित रही। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी के समापन पर दो पोस्टकार्ड जारी किए गए, जिसमें एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला और दूसरा कांगड़ा कला संग्रहालय पर जारी किया गया।





सेंट पॉल स्कूल पालमपुर के कवर फोटो के साथ डाक लिफाफा।

## द्रोणाचार्य कॉलेज में बीएड का 20वां सत्र कल से

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** द्रोणाचार्य स्नातकोत्तर शिक्षा महाविद्यालय रैत में बीएड 2025-27 सत्र के 20वें सत्र का शुभारंभ 13 अक्तूबर 2025 को महाविद्यालय परिसर में हवन यज्ञ के साथ किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रवीण शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर केंद्रीय विश्वविद्यालय शाहपुर के भौतिकी और खगोल विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर ओएसकेएस शास्त्री मुख्य अतिथि होंगे। साथ ही पूजा शर्मा, जो महर्षि विद्या मंदिर स्कूल की प्रिंसिपल और द्रोणाचार्य कॉलेज की पूर्व छात्रा हैं, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। प्राचार्य ने बीएड सत्र के प्रशिक्षुओं के अभिभावकों से भी अनुरोध किया है कि वे इस शुभारंभ कार्यक्रम में पहुंचकर इसका सम्मान बढ़ाएं और छात्रों को प्रोत्साहित करें। इस कार्यक्रम से महाविद्यालय में नए सत्र की शुरुआत उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा के साथ होगी।

## अवैध माइनिंग : पुलिस ने तीन लोग दबोचे

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान

**पठानकोट।** थाना सुजानपुर पुलिस ने अवैध माइनिंग के दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, दो पोकलेन मशीनें और एक जेसीबी भी जब्त की गई हैं। एसएसपी दलजिंदर सिंह ढिल्लों ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस और माइनिंग विभाग की संयुक्त टीम ने नवदुर्गा स्टोन क्रशर, बेहड़ियां बजुर्ग पर छापेमारी की।

**दो पोकलेन और एक जेसीबी की जब्त**

पुलिस ने मौके पर पाया गया कि 1 पोकलेन मशीन और 1 टिप्पर के माध्यम से अवैध रूप से हजारों क्यूबिक मटीरियल की माइनिंग की जा रही थी। पुलिस ने सोहित कुमार (निवासी मरोचा, कोड़ा कटिहार, बिहार) और राजेश कुमार (निवासी फिरोजपुर कलां, पठानकोट) को गिरफ्तार किया, जबकि एक अन्य आरोपी मौके से फरार हो गया।



अवैध माइनिंग मामले में पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार किए आरोपी।

दूसरे मामले में, पुलिस ने रात के समय मारूति स्टोन क्रशर, बेहड़ियां जोन में छापा मारकर मुनीश कुमार (निवासी पल्ली मोड़, कठुआ, जेएंडके) को अवैध माइनिंग करते हुए पकड़ा। पुलिस ने सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### सुनील बने नूरपुर कॉलेज के पीटीए अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** राजकीय आर्य महाविद्यालय नूरपुर कांगड़ा में अभिभावक प्राध्यापक संघ की नवीन कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ठाकुर ने पुरानी कार्यकारिणी का धन्यवाद करते हुए नवनिर्वाचित सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने आह्वान किया कि संघ प्रशासन के साथ मिलकर सहयोग जारी रखेगा। नई कार्यकारिणी में सुनील सिंह अध्यक्ष, अनूप सिंह उपाध्यक्ष, सुरेश कुमार सहसचिव, ओंकार सिंह कोषाध्यक्ष, प्रो. मनजीत सिंह को सचिव बनाया गया। अन्य सदस्य और सलाहकार भी शामिल हैं। इस अवसर पर अभिभावक और कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### पथ संचलन से दिया एकता, राष्ट्रभक्ति का संदेश

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में परागपुर खंड में एक भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। यह संचलन परागपुर के स्थानीय बाजार से शुरू होकर 127 स्वयंसेवकों ने गणवेश में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांगड़ा विभाग प्रचारक भगवती प्रसाद ने संघ की पंच परिवर्तन यात्रा और समाज में उसके प्रभाव पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि परिवार प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य और स्व का बोध संघ की प्राथमिकताएं हैं। पथ संचलन ने अनुशासन, एकता और राष्ट्रभक्ति का संदेश फैलाया और संघ प्रार्थना के साथ संपन्न हुआ।

### शाहपुर में शस्त्र पूजन एवं पथ संचलन कार्यक्रम



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** शाहपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, शाहपुर खंड द्वारा शताब्दी वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में विजयदशमी उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त अधिकारी सुरेश ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में बलिदानी सूबेदार मेजर पवन जरयाल के पिता गरज सिंह उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता विपिन, सह प्रांत कार्यवाह, हिमाचल प्रांत ने संघ के 100 वर्षों की यात्रा और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस श्रृंखला का पहला कार्यक्रम विजयदशमी 2025 है, जिसके बाद गृह संपर्क अभियान, हिंदू सम्मेलन जैसे महत्वपूर्ण आयोजन होंगे। इस कार्यक्रम में 301 स्वयंसेवकों ने पथ संचलन में भाग लिया और 163 समाजबंधु एवं भगिनियां उपस्थित रहीं।

### निरंकारी मिशन के गायक सुनील का निधन



**अनंत ज्ञान, गगल।** कांगड़ा ब्रांच के निरंकारी मिशन से जुड़े गायक सुनील सूफी का निधन हो गया है, जिससे मिशन में अपूरणीय क्षति हुई है। उनकी मधुर आवाज ने निरंकारी संगत को भक्ति और आनंद के रंग में डूबो दिया था। सुनील सूफी की गायकी में ऐसा जादू था कि कार्यक्रमों में लोग नृत्य करने को मजबूर हो जाते थे। निरंकारी मिशन के प्रभारी डॉक्टर केसी, धीमान, क्षेत्रीय संचालक महात्मा तिलक राज डोगरा सहित अन्य महात्माओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी और कहा कि उनका जाना मिशन के लिए भारी क्षति है। उनकी कमी हमेशा महसूस होगी।

## वोट चोर ही नहीं, चुनाव चोर भी प्रदेश सरकार : त्रिलोक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**प्रदेश** की कांग्रेस सरकार वोट चोर ही नहीं, बल्कि चुनाव चोर भी है। यह बात प्रदेश भाजपा वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने पालमपुर में आयोजित एक प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट की आड़ में लोकतंत्र की हत्या कर रही है। एक के बाद एक चुनाव रद्द करके सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार वोट चोर के बाद अब चुनाव चोर भी बन चुकी है। पंचायत चुनाव, केसीसी बैंक के चुनाव, वूल फेडरेशन के चुनाव को मनमाने ढंग से रद्द करना यह साबित करता है कि कांग्रेस को जनता के लोकतंत्रिक अधिकारों की कोई भी परवाह नहीं है। जहां एक और लगभग एक लाख लोग पंचायत चुनाव में अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग करने के लिए आतुर बैठे थे वहीं आपदा प्रबंधन का बहाना बनाकर उनके संवैधानिक अधिकार छीनने का प्रयास किया है। यह सीधे-सीधे रूप से एक इमरजेंसी है या आपातकाल है। मुख्यमंत्री को जो विषय संवेदनशीलता से लेने चाहिए उसकी तरफ उनका कोई भी ध्यान नहीं है। इसके विपरीत उनकी असंवेदनशीलता के जो उदाहरण है कभी वह ऐसे बच्चे जो सरकार के खिलाफ सत्य को बयां करते हैं उनके खिलाफ एफआईआर, ऐसे प्रेस वाले जो सच लिखते हैं सच बोलते हैं उनके खिलाफ एफआईआर हो रही है। उन्होंने कहा कि पालमपुर की जनता का भरोसा प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार और उनके जन प्रतिनिधि से पूरी तरह खत्म हो चुका है और आने वाले समय में पालमपुर की जनता अब दोबारा इसके षड्यंत्र के जाल में न फंसकर बल्कि करारा जवाब देने के लिए पूरी तरह इंतजार पर बैठी है।

## बस सेवाएं बंद, आवागमन के लिए टैक्सियों पर निर्भर लोग

### मैक्लोडगंज व आसपास के क्षेत्रों के लोगों की बढ़ी परेशानी

राज शर्मा, अनंत ज्ञान

**मैक्लोडगंज।** पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज व आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोग, जिनके पास अपने वाहन नहीं हैं, उन्हें इन दिनों हर दिन अपनी जेब ढीली करनी पड़ रही है। वजह यह है कि बरसात में पर्यटन नगरी को धर्मशाला से जोड़ने वाला खड़ा डंडा मार्ग बंद हो चुका है। वहीं, धर्मशाला-मैक्लोडगंज वाया कैंट मार्ग पर भी जगह-जगह से धंस चुका है।

**सरकारी व निजी बस सेवा शुरू करने की उठाई मांग**

ऐसे में सरकारी व निजी बसों का संचालन मैक्लोडगंज के लिए नहीं हो पा रहा है। इसके चलते स्थानीय लोग, जिनके पास अपने वाहन नहीं हैं, उन्हें अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने या अन्य कार्यों के लिए टैक्सी लेनी पड़ रही है, जो उन्हें महंगा पड़ रहा है। मैक्लोडगंज, धर्मकोट, गलू, भागसूनाग, सतोवरी, नड्डी क्षेत्र के लोगों को हर रोज इस तरह की परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने लोक निर्माण विभाग से धर्मशाला-मैक्लोडगंज वाया कैंट मार्ग की जल्द मरम्मत करने की मांग की है। वहीं, एचआरटीसी और परिवहन विभाग से सरकारी व निजी बसों का संचालन मैक्लोडगंज के लिए शुरू करने का आग्रह किया है। उधर, व्यापार मंडल मैक्लोडगंज के अध्यक्ष नरेंद्र पठानिया का कहना है कि विभागों द्वारा सरकारी व निजी बसों का संचालन मैक्लोडगंज के लिए सुरक्षा के मद्देनजर बंद किया गया है, जबकि मालवाहक वाहन आए दिन मैक्लोडगंज पहुंच रहे हैं। स्थानीय लोगों को बस सेवा न मिलने की वजह से खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है, जिन्हें अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने या फिर अपने कार्यों के लिए धर्मशाला व अन्य स्थानों पर जाने के लिए टैक्सी की सेवाएं लेनी पड़ रही हैं। उन्होंने एचआरटीसी और परिवहन विभाग से सरकारी व निजी बस सेवा का संचालन शुरू करने का आग्रह किया है। वहीं, लोक निर्माण विभाग से धर्मशाला-मैक्लोडगंज वाया कैंट मार्ग की मरम्मत कर इसे बसों के लिए खोलने की मांग की है।

## दरिणी में सात दिवसीय एनएसएस कैंप संपन्न

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दरिणी में सात दिवसीय एनएसएस कैंप संपन्न हो गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य रितिका शर्मा रहीं। समापन एसएमसी प्रधान रिशिपाल तथा प्रधानाचार्य जीएसएस दरिणी नरेंद्र शर्मा की उपस्थिति में हुआ। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम अधिकारी पंकज जम्वाल तथा महिला कार्यक्रम अधिकारी उपासना चौधरी द्वारा सात दिवसीय कैंप रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें कैंप में करवाई गई विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। आंदिता तथा सूर्यवंश को वेस्ट एनएसएस वॉलंटियर चुना गया। मुख्य अतिथि द्वारा सभी वॉलिंटियर्स को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यापक कपिल डोगरा, ओमप्रकाश, देशराज, राकेश, अशोक, अजय, विशाल, सतीश, औंकार, राकेश आदि मौजूद रहे।

## हिमक्वेस्ट टैलेंट सर्च एग्जाम में 9,000 स्टूडेंट्स ने दिखाई अपनी प्रतिभा

### 1.5 करोड़ की छात्रवृत्ति और पुरस्कारों के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**मिनर्वा** स्टडी सर्किल द्वारा आयोजित हिमक्वेस्ट टैलेंट सर्च एग्जाम में हिमाचल के विभिन्न जिलों से आए लगभग 9,000 छात्रों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। राज्यस्तरीय परीक्षा में कक्षा दसवीं, जमा एक और जमा दो (विज्ञान वर्ग) के छात्रों ने भाग लिया। परीक्षा के लिए प्रदेशभर में 55 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए थे, जिससे दूरदराज के क्षेत्रों के छात्र भी इस अवसर का लाभ उठा सकें।

संस्थान के प्रबंधक राकेश चंदेल और एमडी स्वदेश चंदेल ने बताया कि इस परीक्षा के माध्यम से मेधावी छात्रों को 1.5 करोड़ की छात्रवृत्ति और कई आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। यह पहल न केवल छात्रों को प्रोत्साहित करती है, बल्कि उन्हें उच्च शिक्षा की दिशा में एक सशक्त मंच भी प्रदान करती है। हिमक्रेस्ट अब प्रदेश के बेहतर छात्रवृत्ति कार्यक्रमों में से एक बनकर उभरा है, जो विद्यार्थियों को आने वाले समय मे भी प्रतिस्पर्धी माहौल में अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतरीन अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि आंसर-की 16 अक्तूबर को जारी की जाएगी और 18 अक्तूबर तक आपत्तियां स्वीकार की जाएंगी। अंतिम परिणाम 28 अक्तूबर को घोषित किया जाएगा, जबकि पुरस्कार वितरण समारोह नवंबर में आयोजित किया जाएगा। जमा दो साइंस वर्ग में प्रथम स्थान पाने वाले छात्र को टीवीएस एनटार्क स्कूटी या एक लाख रुपए नकद पुरस्कार के साथ 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति दी जाएगी। जमा एक साइंस और 10वीं कक्षा में प्रथम स्थान पाने वाले छात्रों को ऐपल मैकबुक एयर तथा 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति मिलेगी। दूसरे से 20वें स्थान तक के छात्रों को लैपटॉप, टैबलेट, स्मार्ट वॉच, डिजिटल पैड जैसे पुरस्कार और 70 से 100 प्रतिशत तक की छात्रवृत्ति दी जाएगी। 21वें से 120वें स्थान तक आने वाले छात्रों को गिफ्ट हैम्पर्स के साथ 60 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। जिला स्तर पर प्रथम से पांचवें स्थान तक नकद पुरस्कार भी दिए जाएंगे।



दसवीं, जमा एक और कक्षा जमा दो (विज्ञान वर्ग) के छात्रों ने भाग लिया।

## बणी में आज होगा बाबा बलोटु पहाड़िया महादंगल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जसवां परागपुर विधानसभ क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली पंचायत बणी में बाबा बलोटु पहाड़िया को समर्पित महादंगल का आयोजन 12 अक्तूबर को किया जाएगा, जिसमें हिमाचल प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों के बड़े पहलवान अखाड़े में कुश्ती के जौहर दिखाएंगे। दंगल कमेटी द्वारा मेले की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। महादंगल में कमेटी द्वारा नामी पहलवानों को आमंत्रित किया गया है और कमेटी ने यह घोषणा की है कि दंगल में अन्य पहलवानों के अलावा विशेष रूप से आमंत्रित किए गए पहलवानों की ही कुश्तियां प्राथमिकता के आधार पर करवाई जाएंगी। बड़ी माली की राशि डेढ़ लाख रुपए निर्धारित की गई है, जबकि छोटी माली कमेटी द्वारा अलग से करवाई जाएगी, जिसके लिए एक लाख रुपए देने का ऐलान किया गया है। बणी पंचायत की प्रधान बिंदु ठाकुर ने बताया कि कमेटी द्वारा 25 से भी ऊपर बड़े पहलवानों को आमंत्रित किया गया है। बीजेपी विधायक बिक्रम ठाकुर दंगल के मुख्य अतिथि होंगे।

## पेंशनर्स को सितंबर तक जारी की 157 करोड़ रुपए की पेंशन

### जिले में वृद्ध पेंशनधारकों की संख्या एक लाख से अधिक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला



**जिला** कांगड़ा के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारकों को सितंबर माह तक 157 करोड़ रुपए की राशि पेंशन के रूप में वितरित की जा चुकी है। जिले में वृद्धा पेंशनधारकों की संख्या एक लाख 5 हजार 61 है। वहीं, अंतरजातिय विभाग के तहत पात्र कप्लस को वर्ष 2024-25 में 1 करोड़ 35 लाख रुपये की राशि की जा चुकी है।

**अंतरजातीय विवाह में पात्रों को पिछले वर्ष जारी हुए 1.35 करोड़**

जिला कल्याण अधिकारी साहिल मंडला ने बताया कि कांगड़ा जिले में जुलाई से सितंबर माह तक 1 लाख 78 हजार 707 लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान की गई, जिस पर करीब 78 करोड़ रुपए की पेंशन पात्रों को दी गई, जबकि अप्रैल से जून तक की पेंशन राशि को मिलाकर इस वर्ष अब तक कल्याण विभाग 157 करोड़ रुपये की पेंशन जारी कर चुका है। उन्होंने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन के पात्रों में सबसे अधिक आंकड़ा वृद्धा पेंशन प्राप्त करने वालों का है, जो कि 1 लाख 5 हजार 61 है। योजना के तहत 60 से अधिक आयु के वृद्धजन सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए पात्र होते हैं। जिला कल्याण अधिकारी ने बताया कि अंतरजातिय विवाह के तहत कल्याण विभाग को वर्ष 2024-2025 में 2072 मामले स्वीकृत किए गए थे, जिनमें से विभाग की ओर से पात्रों को 1 करोड़ 35 लाख रुपए की राशि प्रदान की गई है। योजना के तहत हर कपल को 50 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाती है।

**प्रतियोगिता** जिला स्तरीय मिनी अंडर-11 एवं सब जूनियर अंडर-13 बैडमिंटन स्पर्धा का समापन

## एकल मुकाबले में राजवीर व तन्मय का दबदबा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

धर्मशाला इंडोर स्टेडियम में जिला बैडमिंटन संघ द्वारा जिलास्तरीय मिनी अंडर 11 तथा सब जूनियर अंडर 13 बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सिटी सुपरस्पेशलिस्ट हॉस्पिटल कांगड़ा के प्रबंध निदेशक डॉक्टर आशीष गर्ग द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करके सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि ने विजेता एवं उपविजेता रहे खिलाड़ियों को बधाई और जिला स्तर से चयनित खिलाड़ी जो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे उनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जताई। इस मौके पर जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ के पदाधिकारी ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

**आराध्या और रावया ने भी मारी बाजी**

जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ के महासचिव विलास हंस ने बताया कि अंडर-11 लड़कों की एकल मुकाबले में राजवीर सिंह पटियाल विजेता तथा आदर्श उपविजेता रहे। अंडर-11 लड़कियों के एकल मुकाबले में निरोसा रावत विजेता तथा हजल भाटिया उपविजेता रही।

अंडर-13 लड़कों के एकल मुकाबले में राजवीर राणा विजेता तथा तन्मय आर्य उपविजेता रहे। अंडर-13 लड़कियों के एकल मुकाबले में आराध्या विजेता तथा रावया धीमान उपविजेता रही। अंडर-11 लड़कों युगल मुकाबले में राजवीर सिंह पटियाल एवं आदर्श की जोड़ी विजेता तथा आयुष्मान पंडित एवं तरशीत की जोड़ी उपविजेता रही। अंडर 11 लड़कियों के युगल मुकाबले में निरोसा रावत एवं हजल भाटिया की जोड़ी विजेता तथा यशस्विनी चौधरी एवं कृषिका की जोड़ी उपविजेता रही। अंडर-13 लड़कों के युगल मुकाबले में राजवीर राणा एवं तन्मय आर्य की जोड़ी विजेता तथा आरव एवं दर्श चौरसिया की जोड़ी उपविजेता रही। अंडर-13 लड़कियों के युगल मुकाबले में आराध्या एवं रावया धीमान की जोड़ी विजेता तथा निधि एवं रिद्धिमा की जोड़ी उपविजेता रही।




धर्मशाला इंडोर स्टेडियम में आयोजित जिलास्तरीय मिनी अंडर-11 तथा सब जूनियर अंडर-13 बैडमिंटन प्रतियोगिता संपन्न।

### चार खिलाड़ियों का राज्यस्तरीय स्पर्धा के लिए हुआ चयन

**प्रतियोगिता** में एकल मुकाबले के पहले चार खिलाड़ियों तथा युगल मुकाबले के विजेता एवं उपविजेताओं का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। ये सभी खिलाड़ी 12 अक्तूबर से लेकर 14 अक्तूबर तक शिमला में आयोजित होने वाली राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में जिला कांगड़ा का नेतृत्व करेंगे।

## अतिक्रमण से जलवायु परिवर्तन वन्य जीवों के लिए गंभीर खतरा

### पौधरोपण के साथ संरक्षण पर ध्यान देना जरूरी : डॉ. निशांत

अनंत ज्ञान, पालमपुर

**गोस्वामी** गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज राजपुर के जैव विज्ञान विभाग की ओर से हिमाचल प्रदेश के वन्य जीवों की जैव विविधता एवं संरक्षण की रणनीतियां एवं उपाय विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता सहायक प्रोफेसर डॉ. निशांत वर्मा (हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर) ने हिमाचल प्रदेश की समृद्ध वन्य जीव जैव विविधता और राष्ट्रीय उद्यानों की जानकारी देते हुए स्नो लेपर्ड, आईबेक्स, ब्लू शीप, भालू, मस्क डियर, हिमाचली मोनाल, जुजुराना जैसी संकटग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. वर्मा ने संरक्षण के प्रभावी उपायों के लिए पौधरोपण के साथ वन्य जीवों की देखभाल पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि मानव अतिक्रमण, जलवायु परिवर्तन और शिकार इन जीवों के लिए गंभीर खतरा हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरणीय अध्ययन एवं संबंधित क्षेत्रों में शोध और रोजगार के अवसरों के प्रति जागरूक करते हुए मेहनत और समर्पण का महत्व भी समझाया। महाविद्यालय के निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में पर्यावरणीय चेतना बढ़ाने में सहायक हैं, जिससे वे भविष्य में प्राकृतिक धरोहर के संरक्षण में भूमिका निभा सकेंगे। विज्ञान संकाय के सहायक प्राध्यापक श्री अनीश कुमार ने मंच संचालन किया और डॉ. उषा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।



जीजीडीएसडी कॉलेज राजपुर में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया।

## न्यूज ब्रीफ

### सलागड़ी से इच्छी तक निकाली रैली

**अनंत ज्ञान, गगल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर शनिवार को देवेंद्र कोहली की अध्यक्षता में गगल खंड द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पथ संचलन में सैकड़ों स्वयंसेवकों ने भाग लिया। यह पथ यात्रा सलागड़ी खेल मैदान से लेकर इच्छी तक निकाली गई, जिसमें कांगड़ा विधानसभा के विधायक पवन काजल भी उपस्थित थे।

### नुक्कड़ नाटक से एचआईवी से बचाव का संदेश



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला की पंचायत रक्कड़ और चैतड़ू में हिमाचल प्रदेश एड्स कंट्रोल शिमला के सौजन्य से लोक संपर्क विभाग द्वारा एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर धौलाधार सांस्कृतिक युवा मंच बड़ोल के कलाकारों ने प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एचआईवी से बचाव और इससे जुड़ी भ्रांतियों पर संदेश दिया। कलाकारों ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए लोगों को जागरूक किया कि किस तरह एचआईवी से मानव समाज को सुरक्षित रखा जा सकता है। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों सहित कलाकार बबलू, सुरेश, रोहित, साहिल, वरुण, रीना, श्रेय, दीपक, पिंकी, रक्षित तथा आशा वर्कर पिंकी, तारा, शिल्पा और सीमा देवी उपस्थित रहीं।

### बाथू टिपरी में 288 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम ने एमओ डॉक्टर विजय जरियाल के नेतृत्व में शनिवार को ऊझे खासं पंचायत के बाथू टिपरी गांव में निशुल्क स्वास्थ्य शिवर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 288 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। 220 मरीजों के लैब टेस्ट किऐ गए, जिसमें 40 मरीज हड्डियों के रोगी, 36 शुगर के मरीज और 51 बीपी के मरीज और 16 स्त्री रोगी व 145 साधारण रोगी मरीज पाए गए। शिविर के दौरान लोगों की पूरी जांच के बाद उन्हें उचित रहन सहन व उचित खानपान के लिए प्रेरित किया गया।

### बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जागरूकता शिविर आयोजित

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बाल विकास परियोजना के वृत्त अवैरी के अधीन आने वाले गांव कमलेहड़ में ब्लॉक स्तरीय स्तरीय बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना अधिकारी रानी देवी ने की। उन्होंने उपस्थित किशोरियों और महिलाओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के बारे में विस्तृत तरीके से जागरूक किया। शिविर में प्रदेश में लिंग अनुपात पर भी चिंता जाहिर की गई तथा इस बात पर जोर दिया गया कि बेटियों को पढ़ा लिखा कर सशक्त बनाना है। मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के बारे में भी जानकारी दी गई।

### अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर करवाई स्पर्धा

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बाल विकास परियोजना पंचरुखी के वृत्त रजोट के अंतर्गत रक्कड़ भेड़ी पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विभिन्न पंचायतों से 11 से 18 वर्ष की किशोरियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मेंहदी व चार्ट प्रतियोगिता भी करवाई गई, जिसमें सभी बालिकाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। आयोजन के दौरान एक छोटी बच्ची के जन्म दिवस पर केक काटकर बच्ची को प्रोत्साहित भी किया गया। कार्यक्रम में वृत परिवेशिका बीना देवी, रक्कड़ भेड़ी पंचायत के सभी सदस्य, महिला मंडल सदस्य, आंगन बाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर व बहुत से लोग मौजूद रहे।

### वॉलीबाल प्रतियोगिता का समापन आज

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** स्वर्गीय सूबेदार मेजर मुंशी राम राणा मेमोरियल वॉलीबाल प्रतियोगिता लंबागांव के कुंज्जेश्वर महादेव के प्रांगण में चल रही प्रतियोगिता के दूसरे दिन त्रिवेणी लडभड़ोल व आलमपुर के बीच मैच हुआ। त्रिवेणी ने जीत दर्ज की। दूसरा मुकाबला जयसिंहपुर और तलवाड़ के बीच खेला गया, जिसमें तलवाड़ विजय हुआ। तीसरा मैच खैरा और लंबागांव के बीच हुआ, जिसमें लंबागांव विजय हुआ। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता का समापन रविवार को होगा। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 11000 रुपए व स्मृति चिन्ह, उपविजेता को 7100 रुपए व स्मृति चिन्ह दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त वेस्ट प्लेयर को 1000 रुपए व ट्रॉफी दी जाएगी। इस मौके पर पंचायत के पूर्व प्रधान विनोद मैहरा, उपप्रधान हरि दास, कुलवंत राणा के साथ अन्य लोग मौजूद रहे।

### धर्मशाला कॉलेज में स्वच्छता अभियान का आयोजन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला में ईको क्लब गोरिया द्वारा स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें 202527 बैच के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह अभियान प्रधानाचार्य आरती वर्मा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्राचार्या ने बताया कि जीवन परिसर और विद्यार्थी परस्पर जुड़े होते हैं। ये अनुभव न सिर्फ शैक्षणिक विकास बल्कि व्यक्तिगत और सामाजिक कौशल जैसे समय प्रबंधन, जिम्मेदारी, कार्यक्रमों की भागीदारी को आकार देते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 इस तरह के जीवंत परिसर जीवन का समर्थन करती है। क्लब प्रभारी प्रो. युगराज सिंह ने कहा कि इस बैच को खुशियों और आनंद से भरपूर बनाना है, और विद्यार्थी अपने परिसर की सुंदरता के लिए अपने योगदान देंगे। उन्होंने बताया कि क्लब प्रत्येक महीने हर शनिवार को बड़े पैमाने पर सौंदर्यीकरण अभियान आयोजित करेगा।

# विधायक ने किया 74.58 लाख रुपए के विकासात्मक कार्यों का लोकार्पण

## आशीष बुटेल बोले- राजपुर स्कूल में होगा नया साइंस ब्लॉक तैयार

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल ने शनिवार को नगर निगम पालमपुर के वार्ड नंबर 11 राजपुर का दौरा कर विभिन्न विकासात्मक कार्यों का लोकार्पण किया।

उन्होंने मुख्य सड़क मार्ग से महाविद्यालय राजपुर तक 8 लाख 50 हजार रुपए की लागत से निर्मित सड़क, 8 लाख 50 हजार रुपए की लागत से निर्मित ई-लर्निंग सेंटर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजपुर में 35 लाख रुपए की लागत से नव निर्मित ओवर ब्रिज तथा 22 लाख 58 हजार रुपए की लागत से मुख्य मार्ग से सूद बस्ती की ओर जाने वाले मार्ग सहित कुल 74 लाख 58 हजार रुपए की लागत से निर्मित विकासात्मक कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजपुर में ओवर ब्रिज के निर्माण से विद्यार्थियों को अब मुख्य सड़क से होकर नहीं गुजरना पड़ेगा। विधायक ने बताया कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजपुर में लगभग 1 करोड़ 25 लाख रुपए की लागत से एक नया साइंस ब्लॉक भी शीघ्र तैयार हो जाएगा, जिससे विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों को आधुनिक प्रयोगशाला सुविधाएं प्राप्त होंगी। विधायक ने कहा कि ई-लर्निंग सेंटर के निर्माण से आसपास के बच्चों को डिजिटल शिक्षा की सुविधा मिलेगी और यह केंद्र ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा से जोड़ने में सहायक सिद्ध होगा। इस अवसर पर उन्होंने विशेष रूप से उपस्थित विश्व बैंक के सेवानिवृत्त निदेशक डॉ. इंद्र कुमार सूद द्वारा ई-लर्निंग सेंटर के उत्थान के लिए एक लाख रुपए की राशि प्रदान करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। विधायक ने महाविद्यालय तक जाने वाले मार्ग के निर्माण में जिन्होंने अपनी भूमिदान की, उन सभी लोगों का भी इस पुण्य कार्य के लिए हृदय से आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि पेयजल से संबंधित समस्याओं का स्थायी समाधान भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा, जिसके लिए उन्होंने जलशक्ति विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। वहीं, स्थानीय निवासी त्रिलोक कुमार सूद ने आपदा राहत कोष के लिए 11 हजार का चेक भेंट किया, जिसके लिए विधायक ने उनका आभार व्यक्त किया।



पालमपुर के वार्ड नंबर 11 राजपुर में विकासात्मक कार्यों का लोकार्पण किया।

### स्कूल बच्चे को स्कूटी चालक ने मारी टक्कर, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, गगल।** पुलिस थाना गगल के अंतर्गत बीती रात सुनीता देवी पत्नी बलबंत सिंह निवासी गाँव वैदी ने शिकायत दर्ज करवाई है कि चार अक्तूबर को इसका बेटा अक्षित चौधरी स्कूल जा रहा था तो गांव बैदी में एक तेज रफ्तारी स्कूटी ने इसे टक्कर मार दी, जिसका उसे नंबर नहीं पता है जिसे हर्ष कुमार पुत्र चरनजीत निवासी बैदी चला रहा था टक्कर में उसके बेटे की दाएं बाजू में चोट आई है और छ अक्तूबर को इनका आपसी समझौता हो गया, जिस कारण उन्होंने इसकी शिकायत नहीं करवाई लेकिन अब वो उपरोक्त स्कूटी सवार के विरुद्ध कार्रवाई करवानी चाहती है, जिस पर स्थानीय पुलिस द्वारा उपरोक्त स्कूटी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। गगल पुलिस के थाना प्रभारी उधम सिंह राजपूत ने बताया है कि स्कूटी चालक हर्ष कुमार के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है और छानबीन शुरू कर दी है।

### खेल और शिक्षा के उत्थान को लेकर सरकार प्रतिबद्ध : प्रो. चंद्र

**अनंत ज्ञान, जवाली।** कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुगलाड़ा में अंडर-14 मेजर जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरमाड़ में अंडर-14 माइनर गर्ल्स खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। ये खेल प्रतियोगिताएं 11 से 13 अक्तूबर तक आयोजित की जा रही हैं। अंडर-14 मेजर जिला स्तरीय खेलों में 320 खिलाड़ी फुटबाल, हॉकी, हैंडबॉल और बास्केटबाल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। वहीं, अंडर-14 माइनर गर्ल्स खेलकूद प्रतियोगिता में 738 बालिकाएं खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन और वॉलीबाल जैसी प्रतियोगिताओं में भाग ले रही हैं। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। खेल न केवल शारीरिक तंदुरुस्ती बनाए रखते हैं, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना को भी प्रोत्साहित करते हैं। प्रो. चंद्र कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

**अंडर-14 जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का किया शुभारंभ**

# सैन्य जवान सुमित पंचतत्व में विलीन

## गोहजू श्मशानघाट पर गमगीन रहा माहौल, सैकड़ों लोगों ने जवान को दी अंतिम विदाई

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

**शाहपुर** के दरगेला स्थित गोहजू के श्मशानघाट में गमगीन माहौल में सुमित सिंह अमर रहे के नारों के साथ 13 जैक के सुमित सिंह पंचतत्व में विलीन हो गए। दुर्गेला के सुमित सिंह को अंतिम विदाई देने के लिए सैकड़ों लोग पहुंचे।

इसके अलावा शाहपुर के विधायक और डिप्टी चीफ व्हिप और प्रशासन की ओर से कानूनगो अजय कुमार और भारतीय सेना की पंजाब रेजिमेंट और जैकलाई के जवानों ने अपने जाबांज जवान की अंतिम यात्रा में शिरकत कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान भारतीय सेना की टुकड़ियों ने पूरे सैनिक सम्मान के साथ सुमित सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किए। हालांकि सुमित सिंह की मौत उनकी ड्यूटी क्षेत्र में नहीं, बल्कि घर में अवकाश के दौरान हुई है। बावजूद इसके भारतीय सेना ने अपने जवान को उसी तरह से राजकीय और सैनिक सम्मान दिया जैसे एक शहीद को दिया जाता है। भारतीय सेना की दो रेजिमेंट की टुकड़ियों ने शाहपुर के चंबी में आकर मोर्चा संभाला और धर्मशाला से पोस्टमार्टम करवाकर लाई जा रही सुमित की पार्थिव देह को चंबी में ही संभाल लिया और उन्हें तिरंगे में लपेटकर अपने वाहन में रखकर वहीं से उनके पैतृक गांव के लिए रवाना हुए। जैसे ही सेना के जवान सुमित की पार्थिव देह को लेकर मौके पर पहुंचे चारों ओर मातम छा गया। सेना के जवानों ने अपने साथी सुमित को उसके घर में बने उसके कमरे तक पहुंचाया जहां पहले से ही उनके इंतज़ार में बैठी उनकी धर्मपत्नी, माता पिता भाई भाभी और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया, क्योंकि सुमित की आयु अभी महज 28 साल ही थी और तीन साल पहले ही उसकी शादी हुई थी और अभी उसकी कोई औलाद भी नहीं थी, ऐसे में हर कोई इस घटना से न केवल स्तब्ध था, बल्कि उनके परिवार को लेकर भी बेहद चिंतित था। अंतिम संस्कार से पहले पार्थिव शरीर से तिरंगे को सम्मानपूर्वक उतार लिया गया और सेना के जवानों ने इसे इस तरह से मोड़ा कि अशोक चक्र सबसे ऊपर दिखाई दे और फिर उस ध्वज को मृतक सुमित के पिता उत्तम सिंह को सौंप दिया गया।



गोहजू के श्मशानघाट पहुंचकर जवान को श्रद्धासुमन अर्पित करते विधायक केवल सिंह पठानिया।

### जनसभा छोड़ विधायक केवल पठानिया भी पहुंचे

**सैनिक** सुमित की मौत की खबर मिलते ही विधायक केवल पठानिया भी अंतिम संस्कार में शामिल होने मीलों दूर दरीनी पंचायत से जनसभा को छोड़कर दरगेला पहुंच गए और मृतक को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान विधायक केवल पठानिया ने कहा कि सुमित सिंह वॉलीबाल के आउटस्टैंडिंग प्लेयर थे, भारतीय सेना में भी उन्होंने इस खेल को बुलंदियों पर पहुंचाया, वो भले ही 13 जैक में भर्ती थे मगर अभी कुपवाड़ा में तैनात थे और तीन साल का कार्यकाल समाप्त कर घर छुट्टियों पर आए थे। उन्होंने कहा उनकी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवार के साथ हैं, सुमित एक अच्छे खिलाड़ी थे इसलिए भविष्य में उनके नाम पर कोई खेल का मैदान या ट्रॉफी का सुझाव आया तो निश्चित तौर पर करवाने का काम करेंगे।

## शैक्षणिक और जन जागरूकता से जुड़ी गतिविधियों में निभाएं सक्रिय भागीदारी



प्राचार्य डॉ. सचिन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

**जिला** कांगड़ा की विधानसभा फतेहपुर के अंतर्गत वजीर राम सिंह राजकीय महाविद्यालय देहरी के जीव विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय वन्यजीव सप्ताह का समापन समारोह आयोजित किया गया।

इसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सचिन कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सप्ताहभर चली विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान विभाग की संयोजक प्रो. रेखा और डॉ. शिवानी शर्मा ने विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरणीय संवेदनशीलता और प्रकृति प्रेम की भावना को मजबूत करते हैं। प्राचार्य डॉ. सचिन कुमार ने कहा कि वन्यजीव हमारे पारिस्थितिकी तंत्र का अभिन्न अंग हैं, उनका संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे भविष्य में भी शैक्षणिक, पर्यावरणीय और जन-जागरूकता से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाएं, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रकृति को सुरक्षित रखा जा सके।

## किसानों को बताई मुर्गी पालन की तकनीकें

### प्रधानमंत्री कृषि एवं पशुपालन परियोजना के तहत किसान गोष्ठी का आयोजन

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**चौधरी** सरवन कुमार के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर के पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय में शनिवार को प्रधानमंत्री की कृषि एवं पशुपालन परियोजना के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश के किसानों को 42,000 करोड़ की कृषि परियोजनाओं का उपहार देने की घोषणा की। गोष्टि का आयोजन कृषि अवसंरचना कोष के अंतर्गत किया गया था, जिसमें कांगड़ा जिले की अनेक पंचायतों के किसान और विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक एकत्रित हुए।

कार्यक्रम में तीन प्रमुख विभागों-पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन, पशुपालन प्रसार, एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषदकुक्कुट अनुसंधान निदेशालय, हैदराबाद द्वारा संचालित अखिल भारतीय कुक्कुट अनुसंधान परियोजना ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान विभागाध्यक्ष डॉ. सुभाष वर्मा एवं परियोजना अन्वेषक डॉ. वरुण संख्यान ने किसानों को मुर्गी पालन के आधुनिक तरीकों, विशेषकर पर्वतीय क्षेत्रों में उपयोगी तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हिमस्मृद्धि नस्ल को स्थानीय जलवायु के अनुकूल विकसित किया गया है, जो बेहतर उत्पादन और लाभ सुनिश्चित करती है। कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अशोक कुमार पांडा ने उपस्थित किसानों का धन्यवाद किया एवं उन्हें विश्वविद्यालय की मुर्गी पालन गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। गोष्ठी के समापन अवसर पर किसानों को हिमस्मृद्धि नस्ल के चूजे और आवश्यक दवाइयां वितरित की गईं। यह पहल किसानों की आमदनी बढ़ाने और क्षेत्रीय पशुपालन को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। ये कार्यक्रम न केवल किसानों को तकनीकी ज्ञान प्रदान करने का माध्यम बना, बल्कि कृषि और पशुपालन के बीच समन्वय स्थापित करने, स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने की दिशा में लोचदार पहल भी रहा।



गोष्ठी में किसानों को कृषि विश्वविद्यालय की मुर्गी पालन गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

### 57 लाख से बनेगा सब तहसील दरीणी का भवन : पठानिया

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने धारकंडी क्षेत्र के रिड़कमार में अस्पताल परिसर में आयोजित स्वच्छ नारी-सशक्त नारी एवं मल्टी स्पेशियलिटी कैंप तथा स्कूल बैग वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विधायक पठानिया ने कहा कि इस कैंप का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाना, जांच करवाना और किसी भी कमी का समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा स्वच्छ एवं सशक्त नारी ही परिवार और समाज की सच्ची आधारशिला होती है। उन्होंने गोद भराई और अन्नप्राशन संस्कार जैसे पारंपरिक आयोजनों को हमारी संस्कृति के संरक्षण का प्रतीक बताया। विधायक पठानिया ने बताया कि भनाला-रूलेड़ सड़क के अपग्रेडेशन पर 18 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं, जिससे धारकंडी क्षेत्र की सात पंचायतों के हजारों लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि दरीणी सब तहसील भवन के निर्माण के लिए 57 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं और रेडियोग्राफर का पद भी शीघ्र भरा जा रहा है।

**दौरा** धर्मशाला के युवा पर्यटन क्लब आगरा, मथुरा व वृंदावन की चार दिवसीय यात्रा पर रवाना

# युवा होंगे संस्कृति से रू-ब-रू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

राजकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला के युवा पर्यटन क्लब ने प्राचार्य आरती वर्मा के मार्गदर्शन में आगरा, मथुरा और वृंदावन की चार दिवसीय यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

इस सर्किल टूर में राजकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय, धर्मशाला के 49 छात्र और शिक्षक उपरोक्त स्थलों का दौरा करेंगे। प्राचार्य आरती वर्मा ने कहा कि युवा पर्यटन राष्ट्रीय महत्व के पर्यटन स्थल को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार का आदर्श उपक्रम है। शैक्षणिक संस्थान संस्थान में छात्रों के पाठ्यक्रम के दौरान पर्यटन को बढ़ावा देते हैं।

एक पर्यटन क्लब के उद्देश्यों में युवाओं को विविध संस्कृतियों और भौगोलिक क्षेत्रों के बारे में शिक्षित करना, जिम्मेदार और टिकाऊ पर्यटन को बढ़ावा देना और यात्रा और जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को प्रोत्साहित करना शामिल है। अन्य लक्ष्य पर्यटन के सामाजिक-आर्थिक महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना क्लब की प्रभारी प्रो. बबीता कुमारी कहा कि युवा पर्यटन क्लब ने धर्मशाला, कांगड़ा और राज्य के आसपास के स्थानीय पर्यटन को जानने के लिए छात्रों के लिए स्थानीय भ्रमण आयोजित किये जाते है। यह क्लब युवाओं को देश की विविध संस्कृतियों, प्राकृतिक परिदृश्यों और ऐतिहासिक स्थलों के बारे में सिखाता है। साथ ही, कम उम्र से ही भारत में पर्यटन के अवसरों के बारे में जागरूकता पैदा करता है। युवाओं को भारतीय पर्यटन के ज्ञानवर्धक राजदूत बनने के लिए तैयार करता है। इस अवसर पर प्राचार्य आरती वर्मा, डॉ. बीना सी नायर, प्रो. अंकुर महाजन, डॉ. अतुल आचार्य, डॉ. मनोज कुमार और क्लब प्रभारी प्रो. बबीता कुमारी और अंजू कुमारी भी इस भ्रमण कार्यक्रम में शामिल रहीं।




प्राचार्य आरती वर्मा के मार्गदर्शन में आगरा, मथुरा और वृंदावन की चार दिवसीय यात्रा पर रवाना हुआ दल।

## जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं के प्रभावों पर डाला प्रकाश



इम्पेक्ट ऑफ क्लाइमेट चेंज ऑन नेचुरल डिजास्टर विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**राजकीय** महाविद्यालय धर्मशाला के रसायनशास्त्र विभाग एवं विज्ञान सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में इम्पेक्ट ऑफ क्लाइमेट चेंज ऑन नेचुरल डिजास्टर विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया द्वारा किया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता डॉ. संजय पाठानिया (भूगोल विभाग, डिग्री कॉलेज धर्मशाला) ने जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं के प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन आज की सबसे बड़ी चुनौती है, जिससे निपटने के लिए विज्ञान एवं समाज दोनों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। प्राचार्य प्रो. राकेश पाठानिया ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि विज्ञान तभी सार्थक है जब उसका उपयोग मानवता और पर्यावरण के संरक्षण के लिए किया जाए। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया। कार्यशाला के दौरान पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन, भाषण, क्विज, पोस्टर मेकिंग और स्लोगन लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम का संचालन प्रो. संजय जसरोटिया (कार्यवाहक विभागाध्यक्ष, रसायनशास्त्र विभाग) ने किया, जबकि डॉ. ऋतु बाला (संयोजक, विज्ञान सोसायटी) ने मुख्य अतिथि का सम्मान किया। प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन डॉ. अंजली शर्मा एवं प्रो. हर्षा राणा द्वारा किया गया। कार्यशाला में विज्ञान संकाय के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण एवं आपदा जोखिम न्यूनीकरण के प्रति सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

## सड़क दुर्घटनाओं पर शांता चिंतित, सख्त कानून की मांग

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने सड़क दुर्घटनाओं में हो रही बढ़ोतरी पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने एक दिल दहला देने वाली घटना का जिक्र करते हुए कहा कि एक तेज रफ्तार बस ने एक बाइक सवार को कुचल दिया और उसकी पत्नी करवाचौथ के दिन अपने पति का इंतजार कर रही थी। यह दृश्य न केवल दुखद है, बल्कि समाज में सड़क सुरक्षा की गंभीर स्थिति को भी दर्शाता है। शांता कुमार ने बताया कि भारत में दुनिया के 1 प्रतिशत वाहन हैं, लेकिन सड़क दुर्घटनाओं में 11 प्रतिशत हिस्सेदारी है। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के अनुसार, 2025 में 5 लाख सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 1.8 लाख लोग मारे गए। इनमें से 90 प्रतिशत दुर्घटनाएं तेज रफ्तार, शराब पीकर गाड़ी चलाने और नियमों के उल्लंघन के कारण हुईं। उन्होंने सुझाव दिया कि सड़क सुरक्षा के लिए सख्त कानून बनाना आवश्यक है। पहली बार नियम तोड़ने पर 25,000 रुपए का जुर्माना और तीन महीने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस रद्द किया जाए। दूसरी बार अपराध करने पर छह महीने की सजा और एक साल के लिए लाइसेंस रद्द किया जाए।

इसके अलावा, सड़क पर नियम पालन के लिए आधुनिक यंत्र लगाए जाएं। शांता ने सरकार से आग्रह किया कि वह सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए। यदि ऐसा नहीं किया गया, तो उन्होंने सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि वह इन मौतों के लिए सरकार को दोषी मानेंगे। यह बयान सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सख्त कानून लागू करने की आवश्यकता को रेखांकित करता है।

# सर्वांगीण विकास के लिए खेलें अहम : धर्माणी

## मंत्री ने औहर स्कूल में अंडर-14 जिलास्तरीय छात्रा खेल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि खेल व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेलों के माध्यम से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि मानसिक मजबूती, आत्मविश्वास, टीम भावना तथा अनुशासन की भावना का भी विकास होता है।

उन्होंने कहा कि खेल मैदान विद्यार्थियों के जीवन के अनिवार्य अंग हैं, जो उन्हें जीवन में कठिन परिस्थितियों से जूझने और सफलता पाने का मार्ग सिखाते हैं। राजेश धर्माणी शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला औहर में आयोजित तीन दिवसीय अंडर-14 जिलास्तरीय छात्रा खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।

इससे पहले उन्होंने खेल प्रतियोगिता का ध्वज फहराकर इसका विधिवत शुभारंभ किया और विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत भव्य मार्चपास्ट की सलामी ली। इससे पहले स्थानीय स्कूल की प्रधानाचार्य ने मुख्यातिथि मंत्री राजेश धर्माणी का स्वागत करते हुए खेल आयोजन से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा नरेश चंदेल, विभिन्न स्कूलों के अध्यापकों, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित कई लोग मौजूद रहे।



औहर स्कूल में मुख्यातिथि मंत्री राजेश धर्माणी को स्मृति चिन्ह प्रदान करते आयोजक।

### खेल मैदान के विकास के लिए राशि देने का ऐलान

### प्रतियोगिता में 400 खिलाड़ी ले रहीं भाग

**प्रतियोगिता** में जिला के पांच जोन तथा 10 डायरेक्ट पार्टिसिपेशन स्कूलों के लगभग 400 छात्रा खिलाड़ी भाग ले रही हैं, जो कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, बैडमिंटन, हॉकी, जूडो, कुश्ती जैसी अन्य खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। राजेश धर्माणी ने शिक्षकों का आह्वान किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक बच्चा स्कूली शिक्षा के दौरान खेल गतिविधियों में अवश्य भाग लें। तकनीकी शिक्षा मंत्री ने कहा कि औहर विद्यालय की आधारभूत संरचना को और सुदृढ़ बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यालय के पुराने भवन की मरम्मत, खेल मैदान के विकास तथा शौचालयों के निर्माण इत्यादि कार्यों के लिए शीघ्र ही पर्याप्त धनराशि स्वीकृत की जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे विद्यालय का वातावरण और भी सुदृढ़ होगा तथा विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण सुविधाएं प्राप्त होंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### घंडीर में 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान की गूंज

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** विकास खंड झंडूत्ता की ग्राम पंचायत घंडीर के विश्राम गृह में वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के अंतर्गत भारी जनसंख्या में लोग एकत्रित हुए। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव विवेक कुमार ने कहा कि वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के अंतर्गत कार्यकर्ताओं को हर बूथ से 20 लोगों के हस्ताक्षर करके इस अभियान को केंद्र सरकार के खिलाफ और तेज किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होने 13 तारीख सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री राजा वीरभद्र सिंह की प्रतिमा के अनावरण के अवसर पर झंडूत्ता विधानसभा क्षेत्र से 1000 कार्यकर्ताओं के पहुंचने की बात कही। उन्होंने कहा की इस कार्यक्रम में प्रियंका गांधी और खड़गे सहित बड़े नेताओं के इस कार्यक्रम में पहुंचने की बात कही। इस अवसर पर सेवनिवृत थानेदार रामशरण ने कांग्रेस पार्टी भी ज्वाइन की!विवेक कुमार ने हार पहनाकर पार्टी में शामिल होने पर स्वागत किया। इस अवसर पर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष पंकज राणा, जिला परिषद शालू रनौत, उपप्रधान राकेश मेहता,पूर्व पीसीसी सदस्य विजय कौशल, पूर्व प्रधान गंभीर, गगन सिंह, राजकुमार कौशल, पंकज सोनी व ओम प्रकाश सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

### दसगांव स्कूल में विजेताओं का भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दसगांव में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता टीम के सदस्यों का भव्य स्वागत किया गया। शारीरिक शिक्षक रितेश राणा के नेतृत्व में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। विद्यालय पहुंचने पर ढोल नगाड़ों से व फूल माला पहनकर टीम का स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य राकेश शर्मा ने टीम के कोच और टीम को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाइयां दी। वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छकोह में आयोजित खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में अंडर 19 छात्र वर्ग मेंए वॉलीबॉल की टीम विजेता रही। तीन खिलाड़ियों परीक्षित शर्मा, सुशांत शर्मा और करण कुमार को जिला स्तरीय टीम के लिए चुना गया। वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय. बरठीं में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के होनहार छात्र परीक्षित शर्मा को राज्य स्तरीय टीम के लिए चयनित किया गया। छात्र, वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय. सोलन में जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हटवाड में, अंडर-14 वॉलीबॉल में टीम ने जिला स्तर परए प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के दो छात्र साहिल व नक्श को अब राज्य स्तरीय टीम के लिए चुना गया जो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में, छात्रए वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय. चंबा में जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### बिलासपुर में केंद्रीय छात्र परिषद ने ली शपथ



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बिलासपुर महाविद्यालय में सत्र 2025-26 के लिए महाविद्यालय केंद्रीय छात्र परिषद की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को आयोजित किया गया। मुख्यातिथि प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने सदस्यों को कर्तव्य और निष्ठा की शपथ दिलाई। समारोह में प्रेसिडेंट नेहा ठाकुर, वाइस प्रेसिडेंट खुशी, सेक्रेटरी शुभम कुमार, जॉइंट सेक्रेटरी समीर सहित कुल 56 सदस्यों को शपथ दिलाई। डॉ. कटवाल ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यकारिणी का गठन मेरिट और विश्वविद्यालय के निर्देशों के अनुसार हुआ है और सभी सदस्यों से अनुशासन एवं सहयोग की अपेक्षा है। उन्होंने महाविद्यालय के शैक्षणिक और खेल क्षेत्रों में निरंतर प्रगति को भी सराहा। समन्वयक प्रो. प्रेमजीत और विशिष्ट अतिथि पीटीए अध्यक्ष श्री नईम मोहम्मद ने कार्यक्रम के आयोजन में योगदान देने वाले सभी का धन्यवाद किया। समारोह में महाविद्यालय का समस्त परिवार उपस्थित रहा।

### स्वयंसेवियों ने दिया स्वच्छता का संदेश

**अनंत ज्ञान, दधोल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विशेष शिविर के छठे दिन स्वयंसेवियों ने ग्राम दधोल तथा आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने गांव की प्राचीन बावड़ी की सफाई की तथा रास्तों में उगी झाड़ियों को काटकर स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही स्वयंसेवियों ने विद्यालय प्रांगण में सफेदी का कार्य कर वातावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाने में योगदान दिया। इस अवसर पर सचिव, सहकारिता सभा समिति दधोल, निखिल ने विशेष आमंत्रित वक्ता के रूप में शिविर में भाग लिया और सभी स्वयंसेवियों को सहकारी समितियों के कार्य, उनके महत्व और ग्रामीण विकास में उनके योगदान के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की। विद्यालय के एनएसएस प्रभारी एवं भूगोल प्रवक्ता दीनानाथ शर्मा ने बताया कि इस प्रकार के शिविर युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व, अनुशासन एवं सेवा भावना को विकसित करते हैं। उन्होंने स्वयंसेवियों के समर्पण और कार्य के प्रति सजगता की सराहना की।

### झंडूता में हुआ आएएसएस का शस्त्र पूजन कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान झंडूता।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में झंडूता मंडल में भव्य शस्त्र पूजन एवं पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यातिथि के रूप में सुंदर राम शर्मा ने शिरकत की। यह आयोजन संगठन की अनुशासन, राष्ट्रीय भावना और समाजसेवा की प्रतिबद्धता को उजागर करने के लिए किया गया। पूजन अनुष्ठान में प्रमुख पदाधिकारियों, स्वयंसेवकों और गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। शस्त्र पूजन के उपरांत स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में पथ संचलन निकाला, जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पूर्ण हुआ। संचलन मार्ग के किनारे झंडूतावासियों पुष्प वर्षा कर तथा शंखनाद के साथ स्वयंसेवकों का स्वागत किया। अनेक स्थानों पर नारों व 'भारत माता की जय' आदि उद्घोषों से नगर गूंज उठा। इस अवसर पर 11 खंड के 277 स्वयं सेवकों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में जिला संघ चालक सोहन सिंह ने कहा कि संघ की स्थापना का उद्देश्य व्यक्ति निर्माण, सेवा भाव और राष्ट्र चेतना को बढ़ावा देना था। आज शताब्दी वर्ष में प्रवेश करते हुए हम इन मूल्यों को और प्रगाढ़ करने का संकल्प लें। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में संघ विभिन्न समाज कल्याण कार्यक्रमों, जन संपर्क अभियानों और युवा सशक्तिकरण कार्यक्रमों को और व्यापक रूप से लाएगा। उन्होंने बताया कि संघ सौ वर्षों से व्यक्ति निर्माण की सतत प्रक्रिया चला रहा है और देशहित ही इसका मूल उद्देश्य रहा है। इसी लक्ष्य को साकार करने के लिए संघ ने पंचतंत्र सूत्र परिवार संवर्धन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, स्वबोध और नागरिक कर्तव्य पर आधारित जागृति अभियान पूरे देश में प्रारंभ किया है।

## डीएवी विद्यालय जमथल में जांचा बच्चों का स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी जमथल में धन्वंतरि हॉस्पिटल, एनटीपीसी कोलडैम के सहयोग से कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए विस्तृत स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में नेत्र जांच, दंत जांच तथा हीमोग्लोबिन टेस्ट की सुविधा उपलब्ध कराई गई। यह जांच विद्यालय परिसर में प्रातः आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों को आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षणों के साथ.साथ स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी जानकारी भी प्रदान की गई। शिविर का संचालन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरजीत कौर के मार्गदर्शन में हुआ। जिन्होंने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को संपूर्ण रूप से समझने और सुधारने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। विद्यालय प्रबंधन ने धन्वंतरि हॉस्पिटल एवं एनटीपीसी कोलडैम की चिकित्सा टीम के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य दीपिका शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य जांच शिविर बच्चों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, क्योंकि अच्छे स्वास्थ्य के बिना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संभव नहीं है।

## बिलासपुर को मिलेगा प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना का लाभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर से 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' एवं 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' का शुभारंभ किया। किसान भवन बिलासपुर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें हिमाचल प्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

मंत्री धर्माणी ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत देश के 100 आकांक्षी कृषि जिलों को चयनित किया गया है, जिनमें बिलासपुर जिला हिमाचल का एकमात्र जिला है। उन्होंने बताया कि इस योजना में ऐसे जिलों को शामिल किया गया है, जहां फसल की औसत उत्पादकता राष्ट्रीय औसत से कम है, किसान क्रेडिट कार्ड की पहुंच सीमित है तथा जहां प्रति वर्ष 1.55 से कम फसल चक्र लिए जाते हैं। इस योजना के अंतर्गत लगभग 11 विभागों की 36 कृषि संबंधित योजनाओं को एकीकृत करते हुए एक समग्र मॉडल तैयार किया गया है, जिससे योजनाओं का लाभ अधिक प्रभावी रूप से किसानों तक पहुंच सके। उन्होंने बताया कि प्रत्येक चयनित जिले में जिला धन-धान्य कृषि योजना समिति का गठन किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त करेंगे। यह समिति जिला कृषि विकास योजना को तैयार करने और क्रियान्वित करने की जिम्मेदारी निभाएगी।

### योजना में शुमार हिमाचल प्रदेश का एकमात्र जिला

उन्होंने जिला प्रशासन और कृषि विभाग को निर्देश दिए कि बिलासपुर जिले की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए एक सशक्त एवं व्यवहारिक प्लान तैयार किया जाए, ताकि योजना का लाभ किसानों को पशुपालन, दुग्ध उत्पादन और मत्स्य पालन जैसे संबद्ध क्षेत्रों में भी प्राप्त हो सके। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे पारंपरिक कृषि और व्यवसायों की ओर लौटें, ताकि स्थानीय स्तर पर ही उत्पादन को बढ़ावा मिल सके।

## बरमाना स्कूल की छात्राएं कबड्डी चैंपियन

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरमाना की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा और उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय की कबड्डी टीम ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल घुमारवीं में आयोजित की गई थी। इसके साथ ही विद्यालय की अंडर.14 बास्केटबॉल बॉयज टीम रनरअप रही। यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषय है। विद्यालय की प्रिंसिपल नीलम कुमारी ने विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। स्टेट स्तर के लिए चयनित खिलाड़ियों में बास्केटबॉल टीम से शिवानी ठाकुर तथा कबड्डी टीम से कृतिका ठाकुर, अनमोल, स्वाति और पूनम देवी का चयन हुआ है।

## नाल्टी की टीम ने घगूस को हराकर जीता क्रिकेट टूर्नामेंट

**अनंत ज्ञान, कंदरौर**

कंदरौर स्पोर्ट्स लीग द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कंदरौर के मैदान में एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें कुल आठ टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5,100 और द्वितीय पुरस्कार 3,100 रुपए घोषित किया गया। इस टूर्नामेंट का शुभारंभ पूर्व एसएमसी प्रधान सुरेंद्र पाल उर्फ नीटू ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना और अनुशासन के साथ खेल में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ाता है। सुरेंद्र पाल ने युवाओं को नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रहने और खेलकूद जैसी सकारात्मक गतिविधियों में भाग लेने का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि यह न केवल व्यक्तिगत जीवन को बेहतर बनाता है, बल्कि समाज में एक मिसाल भी पेश करता है। इस अवसर पर सुरेंद्र पाल ने कंदरौर स्पोर्ट्स लीग को प्रोत्साहन स्वरूप 2,100 रुपए की राशि प्रदान की और आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम में स्थानीय खेल प्रेमी, ग्रामीण और स्कूल स्टाफ भी उपस्थित रहे। टूर्नामेंट का समापन उत्साह और खेल भावना के साथ हुआ। फाइनल मैच नाल्टी और घगूस की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें नाल्टी टीम विजेता रही, जिसे 5,100 रुपए का पुरस्कार दिया गया।

## प्रदेशभर में हजारों छात्रों ने दी हिमक्वेस्ट टैलेंट सर्च परीक्षा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

मिनर्वा स्टडी सर्किल द्वारा आयोजित हिमक्वेस्ट टैलेंट सर्च एग्जाम में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लगभग 9,000 छात्रों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कक्षा दसवीं, जमा एक और जमा दो (विज्ञान वर्ग) के छात्रों ने भाग लिया। परीक्षा के लिए प्रदेश भर में 55 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए थे, जिससे दूर-दराज के क्षेत्रों के छात्र भी इस अवसर का लाभ उठा सके।

संस्थान के प्रबंधक राकेश चंदेल और एमडी स्वदेश चंदेल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस परीक्षा के माध्यम से मेधावी छात्रों को 1.5 करोड़ की छात्रवृत्ति और कई आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। उनका कहना है कि यह पहल न केवल छात्रों को प्रोत्साहित करती है, बल्कि उन्हें उच्च शिक्षा की दिशा में एक सशक्त मंच भी प्रदान करती है। हिमक्वेस्ट अब प्रदेश के बेहतर छात्रवृत्ति कार्यक्रमों में से एक बनकर उभरा है, जो विद्यार्थियों को आने वाले समय मे भी प्रतिस्पर्धी माहौल में अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतरीन अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि आंसर-की 16 अक्तूबर को जारी की जाएगी और 18 अक्तूबर तक आपत्तियां स्वीकार की जाएंगी। अंतिम परिणाम 28 अक्तूबर को घोषित किया जाएगा, जबकि पुरस्कार वितरण समारोह नवंबर में आयोजित किया जाएगा।

### 55 परीक्षा केंद्रों में हुआ एग्जाम

इस परीक्षा में दसवीं, जमा एक और जमा दो साइंस वर्ग के छात्र शामिल हुए। जमा दो साइंस वर्ग में प्रथम स्थान पाने वाले छात्र को टीवीएस एनटार्क स्कूटी या एक लाख रुपये नकद पुरस्कार के साथ 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति दी जाएगी। जमा एक साइंस और 10वीं कक्षा में प्रथम स्थान पाने वाले छात्रों को ऐपल मैकबुक एयर तथा 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति मिलेगी।

दूसरे से 20वें स्थान तक के छात्रों को लैपटॉप, टैबलेट, स्मार्ट वॉच, डिजिटल पैड जैसे पुरस्कार और 70 से 100 प्रतिशत तक की छात्रवृत्ति दी जाएगी। 21वें से 120वें स्थान तक आने वाले छात्रों को गिफ्ट हैंपर्स के साथ 60 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

### डंगार स्कूल में एनएसएस कैंप शुरू

**अनंत ज्ञान, दधोल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार में एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान मनोहर लाल ने किया व स्कूल प्रबंधन समिति सदस्य श्री मनोज महाजन विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। इस शिविर में 23 लड़के और 19 लड़कियां भाग ले रही हैं। मुख्यातिथि ने स्वयंसेवियों की परेड की सलामी ली। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जिसमें प्रेरणा तथा सहेलियों ने नृत्य कर सभी उपस्थित अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्वयंसेवी कुसुम व रोहित ने एन एस एस विषय पर भाषण दिया।कार्यक्रम का आगाज वंदे मातरम् से हुआ। प्रधानाचार्य रेखा शर्मा ने मुख्यातिथि व विशेष अतिथि को शाल तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### हिम अकादमी नम्होल कबड्डी विजेता

**अनंत ज्ञान, नम्होल।** पशु मंडी एवं किसान मेले के अवसर पर नम्होल में जिलास्तरीय महिला एवं पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कमेटी के प्रधान बाबू राम सिसोदिया मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। महिला वर्ग में कुल पांच टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबले में हिम अकादमी नम्होल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नम्होल को 10 अंकों के अंतर से हराकर खिताब अपने नाम किया। वहीं, पुरुष वर्ग में कुल 15 टीमों ने भाग लिया, जिनके बीच कड़े मुकाबले जारी हैं। मैचों के दौरान खिलाड़ियों ने दमखम और टीम भावना का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

## नम्होल किसान मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या में लोकल कलाकारों ने बांधा समां

**अनंत ज्ञान, नम्होल**

नम्होल में आयोजित पारंपरिक पशु मंडी एवं किसान मेले की प्रथम सांस्कृतिक संध्या पूरी तरह लोकल कलाकारों के नाम रही। कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। सुंदरनगर से आए गायक आशीष भारद्वाज ने अपनी सुरीली आवाज से शुरुआत की, जिसके बाद हमीरपुर की प्रसिद्ध लोकगायिका निम्बो देवी ने पहाड़ी लोकगीतों से समां बांध दिया। जिला सोलन के अनिल धीमान और डैहर से आए विजय गुलशन ने भी अपनी गायकी और मंच संचालन से माहौल को जीवंत बना दिया।



कार्यक्रम के मुख्यातिथि सरकारी ठेकेदार सोनू के साथ आए ललित ठाकुर और धीरज ने मंच से कलाकारों के प्रदर्शन की खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि स्थानीय कलाकारों को ऐसे मंच देने से न केवल प्रतिभा को प्रोत्साहन मिलता है, बल्कि लोकसंस्कृति भी सशक्त होती है। मेला समिति के सदस्यों ने बताया कि आज की सांस्कृतिक संध्या की सफलता पूरे दल के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। कार्यक्रम के समापन पर दर्शकों ने कलाकारों के प्रदर्शन पर जमकर तालियां बजाईं और मेले की टीम को इस शानदार आयोजन के लिए बधाई दी।

## कमल राव को बनाया विकास चर्चा प्रभारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कांग्रेस ने झंडूता विधानसभा क्षेत्र से जुड़े ऊर्जावान और जनसेवी चेहरा कमल राव को विकास चर्चा प्रभारी नियुक्त किया है। उनकी इस जिम्मेदारी को लेकर पूरे क्षेत्र में हर्ष की लहर है। अपनी नियुक्ति पर कमल राव ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू तथा तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी का गहरा आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ जनता की सेवा का अवसर है। कमल राव ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश में जो पारदर्शी और जनसरोकारों से जुड़ा विकास मॉडल चल रहा है, उसे झंडूता की धरती पर जनभागीदारी से और मजबूत करना मेरा संकल्प है। उन्होंने क्षेत्र के युवाओं, महिलाओं और किसानों से अपील की कि वे 'विकास चर्चा' अभियान का हिस्सा बनें ताकि हर गांव की आवाज सरकार तक पहुंचे और योजनाएं जमीनी स्तर पर असर दिखा सकें। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और लोगों ने भी कमल राव की इस नियुक्ति पर व्यक्त की है।



## कुड्डी और देवली में बताईं सरकारी योजनाएं

### सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों ने जागरूक किए ग्रामीण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग हिमाचल प्रदेश के तत्वावधान में प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के कल्याणार्थ चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, नीतियों, उपलब्धियों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए आज सदर उपमंडल की ग्राम पंचायत कुड्डी व देवली में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता संबंधित पंचायतों के प्रधानों ने की। सूचना एवं जन संपर्क विभाग द्वारा अनुमोदित सांस्कृतिक दल महासंगम थिएटर ग्रुप बिलासपुर के कलाकारों ने उपस्थित जनसमूह को नुक्कड़-नाटक के माध्यम से बताया कि अनुसूचित जाति वर्ग की ऐसी महिलाएं जिनकी वार्षिक आय 1 लाख रुपए से कम हो वह व्यवसाय हेतु 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर 3 लाख रुपये तक का ऋण ले सकती हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षा ऋण योजना के अंतर्गत 3 लाख रुपए तक का ऋण 4 प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध करवाया जाता है तथा उच्च शिक्षा प्राप्त करने, रोजगार व आमदनी बढाने के लिए कम ब्याज दर पर ऋण सुविधा भी प्रदान की जाती है। कलाकारों ने लोगों का मनोरंजन करते हुए बताया कि हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास निगम द्वारा संचालित योजनाओं में अनुसूचित जाति से संबंध रखने वाले 18-55 आयु वर्ग के लोगों को, जिनकी वार्षिक आय 3 लाख रुपए तक हो उन्हें व्यवसाय हेतु 50 हजार से 1.40 लाख रुपए तक का ऋण 6.50 प्रतिशत ब्याज दर पर तथा 50 लाख रुपए तक का ऋण 8 प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध करवाया जाता है। इस दौरान उपस्थित लोगों का कहना है कि इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करना सरकार का एक अच्छा कदम है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कुड्डी के प्रधान राजकुमारी, उपप्रधान राजकुमार तथा पंचायत देवली के प्रधान दीपक सोनी उपस्थित रहे।



**आरएसएस** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर बिलासपुर के रौड़ा बास्केटबॉल मैदान में हुआ कार्यक्रम

## समाजसेवा के नए संकल्प के साथ गूंजा शहर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बिलासपुर नगर इकाई की ओर से शनिवार को रौड़ा बास्केटबॉल मैदान में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शस्त्र पूजन से हुआ, जिसके बाद स्वयंसेवकों ने बैंड और बिगुल की गूंज के बीच 5 किलोमीटर लंबा पथ संचलन निकाला।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर संघ चालक सुरेंद्र सांख्यान ने की, जबकि कत्थक भूषण डॉ. शालिनी मुख्यातिथि और विभाग संघ चालक शांति स्वरूप मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। संघ पदाधिकारियों ने मुख्यातिथि को हिमाचली टोपी, शाल और तुलसी का पौधा भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यातिथि डॉ. शालिनी ने कहा कि आरएसएस का शताब्दी वर्ष केवल संगठन का उत्सव नहीं, बल्कि समर्पण, अनुशासन और सेवा की मिसाल है। उन्होंने कहा कि संघ ने 100 वर्षों तक निस्वार्थ भाव से राष्ट्र निर्माण के कार्य किए हैं, जो अपने आप में अद्वितीय उदाहरण है। मुख्य वक्ता शांति स्वरूप ने कहा कि आरएसएस का उद्देश्य भारत को पुनः 'विश्व गुरु' की भूमिका में स्थापित करना है।



मुख्यातिथि डॉ. शालिनी शर्मा को सम्मानित करते कार्यक्रम के आयोजक।

उन्होंने बताया कि आने वाले समय में प्रदेशभर में 1400 हिंदू सम्मेलन, सामाजिक सद्भाव बैठकें, युवा संवाद और प्रबुद्धजन गोष्ठियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे इन कार्यक्रमों में भाग लेकर भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण में सहयोग दें।

### बैंड-बिगुल की धुनों पर निकला पथ संचलन

### विधायक जम्वाल, पूर्व मंत्री गर्ग व पूर्व सांसद सुरेश भी हुए शामिल

कार्यक्रम में सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल, पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग और पूर्व सांसद सुरेश चंदेल ने भी पूर्ण गणवेश में शामिल होकर स्वयंसेवकों के साथ मार्चपास्ट में भाग लिया। इस अवसर पर समाज की अनेक हस्तियों को भी सम्मानित किया गया, जिनमें केंद्रीय विश्वविद्यालय के सहायक आचार्य एवं आरएसएस सह उत्तर क्षेत्र कार्यवाह किस्मत कुमार, सह प्रांत प्राध्यापक प्रमुख संजीव, सह प्रांत शारीरिक प्रमुख मितिल, विभाग प्रचारक रोशन, किसान संघ संगठन मंत्री हरी राम, सह प्रांत समरसता संयोजक देवेंद्र, संत निरंकारी मिशन के सुदेश भट्टी, हरनाम नड्डा, राजेंद्र भट्टी, आर्ट ऑफ लिविंग के मीडिया प्रभारी अरुण डोगरा, साहित्यकार कुलदीप चंदेल, विद्या भारती जिलाध्यक्ष अमीं चंद, तथा 97 वर्षीय समाजसेवी दिला राम भूप सिंह राजपूत प्रमुख रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान वातावरण देशभक्ति, अनुशासन और संगठन की भावना से ओतप्रोत रहा, और शहर की गलियां स्वयंसेवकों की एकता और ऊर्जा से गूंज उठीं।

# गरीबी और बेबसी के बीच न्याय की आस

## चौगान नंबर-2 की मेहनतकश महिलाओं की रोजी पर चोरों का कहर, शिकायत दर्ज

राहुल सहगल, अनंत ज्ञान

**चंबा।** चंबा शहर के चौगान नंबर-2 में बीते डेढ़ महीने से दो गरीब महिलाओं की जिंदगी मानो संघर्ष की मिसाल बन चुकी है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत अपनी छोटी सी कैनोपी लगाकर मेहनत से रोजगार चलाने वाली अंजू और अनीता कुमारी लगातार उत्पीड़न और चोरी की घटनाओं से जूझ रही हैं। दोनों महिलाएं सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चौगान में अपनी कैनोपी लगाकर स्थानीय उत्पाद, हस्तशिल्प और घर के उपयोगी सामान बेचती हैं। यही उनकी मुख्य आजीविका का साधन है। लेकिन कुछ असामाजिक तत्वों ने उनकी मेहनत पर पानी फेरना शुरू कर दिया है।

अंजू और अनीता बताती हैं कि रात के समय कुछ शराबी युवक चौगान क्षेत्र में आकर उनकी कैनोपी से सामान तोड़फोड़ देते हैं, कई बार चोरी भी कर लेते हैं, और जब वे सुबह पहुंचती हैं, तो दुकान का हाल बेहाल मिलता है। अंजू ने गुस्से और बेबसी के मिश्रण से कहा कि हर सुबह हमें अपने बिखरे हुए सामान को फिर से समेटकर सजाना पड़ता है, ताकि ग्राहक आएं और कुछ बिक्री हो सके, लेकिन रोज यह सब देखकर हिम्मत टूट जाती है।

अनीता कुमारी, जो इस कैनोपी के जरिए अपने परिवार की जरूरतें पूरी करती हैं, कहती हैं, 'एक तरफ गरीबी और दूसरी तरफ बढ़ती चोरी की घटनाएं, अगर एक गरीब ईमानदारी से मेहनत करना भी चाहे तो उसे चैन से काम करने नहीं दिया जाता। कोई हमारी मदद को आगे नहीं आया। उन्होंने बताया कि वे और अंजू सिटी चौकी थाना चंबा में अपनी शिकायत दर्ज करवा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। दोनों महिलाएं रोजाना इसी उम्मीद में आती हैं कि शायद आज पुलिस या प्रशासन से कोई मदद मिलेगी, लेकिन अब तक जवाब सिर्फ 'जांच जारी है' तक ही सीमित है।

### महिला सशक्तिकरण की हकीकत पर सवाल

**यह** घटना उस समय सवाल खड़े करती है जब सरकारें महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भर भारत और ग्रामीण उद्यमिता के बड़े-बड़े दावे करती हैं। चौगान नंबर-2 की ये दोनों महिलाएं न सिर्फ अपने परिवार का सहारा हैं बल्कि समाज में आत्मनिर्भरता की मिसाल भी हैं, लेकिन अगर उनके साथ बार-बार चोरी और उत्पीड़न जैसी घटनाएं होती रहे और कोई सुरक्षा या सहयोग न मिले, तो ऐसे प्रयासों का क्या औचित्य रह जाता है?



अंजू और अनीता कुमारी के कैनोपी पर बार-बार चोरी और तोड़फोड़ की घटनाएं

### न्याय और सुरक्षा की गुहार

**अंजू** और अनीता का अब एक ही अनुरोध है कि हमें हमारा सामान वापस दिलाया जाए और दोषियों पर कार्रवाई हो। वे कहती हैं कि अगर प्रशासन और पुलिस समय रहते कदम नहीं उठाएंगे, तो ऐसे हालात में अन्य महिलाओं का भी हौसला टूटेगा जो अपनी मेहनत के दम पर जीवन चलाना चाहती हैं।

### स्थानीय प्रशासन से अपेक्षा

**स्थानीय** लोगों ने भी इस घटना पर नाराजगी जताई है और प्रशासन से आग्रह किया है कि चौगान क्षेत्र में रात्री गश्त बढ़ाई जाए तथा एनआरएलएम से जुड़ी महिलाओं को सुरक्षा और स्थायी ठिकाने की सुविधा दी जाए। गरीबी में भी इज्जत की रोटी कमाने की चाह रखने वाली अंजू और अनीता जैसी महिलाएं समाज की असली रीढ़ हैं, अब जरूरत है कि समाज और सिस्टम उनकी रीढ़ को मज़बूती दे, न कि उसे तोड़ने वालों को मौका।

# बघेईगढ़ में चालक ने नियंत्रण खोया सड़क से लुढ़की बस, बड़ा हादसा टला

हाशू शेख, अनंत ज्ञान

**चुराह।** चंबा जिले के चंबा-चांजू मार्ग पर स्थित बघेईगढ़ जीरो पर शनिवार शाम को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बिट्टू बस सेवा की एक बस अचानक सड़क से नीचे लुढ़क गई।

जानकारी के अनुसार, बस को चालू करने के बाद चालक कुछ देर के लिए बाहर निकले थे। इसी दौरान बस अनियंत्रित होकर धीरे-धीरे नीचे की ओर खिसक गई। गनीमत रही कि उस समय बस में कोई सवार नहीं था, जिससे कोई जनहानि या चोट का मामला नहीं बना।

स्थानीय लोगों ने बताया कि यदि बस में कोई यात्री होता तो हादसा गंभीर रूप ले सकता था। बस के लुढ़कने के कारण सड़क पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा, लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस और बस सेवा के कर्मियों ने स्थिति को नियंत्रण में कर लिया। बस सेवा प्रबंधन ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है और आगे से ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़े सुरक्षा उपाय किए जाएंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि बघेईगढ़ जीरो जैसे खतरनाक मोड़ पर वाहन खड़ा करने के दौरान अतिरिक्त सावधानी बरतना बेहद जरूरी है, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना को टाला जा सके।




बस में नहीं था कोई यात्री हादसे की जांच शुरू

# राडी प्रीणा को जोड़ने वाले रास्ते पर सुरक्षा की मांग तेज



अनंत ज्ञान, धरवाला

राडी प्रीणा को जोड़ने वाला एकमात्र संकरा रास्ता बरसात के मौसम में सपैडा नाला के पास कई जगहों पर अवरुद्ध हो गया है, जिससे सफर करना खतरनाक हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रास्ते के एक तरफ गहरी खाई है, जहां पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इस रास्ते से होकर छोटे बच्चे स्कूल जाते हैं, जिससे अभिभावकों में भी सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

ग्रामीणों ने इस मार्ग की साफ-सफाई, डंगों का निर्माण और समय रहते रेलिंग लगाने की मांग उठाई है ताकि बच्चों और राहगीरों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

प्रीणा ग्राम पंचायत के प्रधान ठाकुर राम ने बताया कि उन्होंने जिला परिषद सदस्य ललित ठाकुर को 9 अक्टूबर को प्रस्ताव और संबंधित दस्तावेज सौंप दिए हैं। ललित ठाकुर ने तुरंत कार्रवाई का आश्वासन दिया है और धनराशि स्वीकृति के बाद शीघ्र ही कार्य शुरू करने की बात कही है।

रेलिंग व डंगों के निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने उठाई आवाज

# हर जरूरतमंद की सेवा में समर्पित अशोक

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा जिले में समाजसेवा की मिसाल बन चुके अशोक कुमार लगातार असहायों और जरूरतमंदों की मदद के लिए तत्पर हैं। कांग्रेस सेवा दल के जिला महासचिव और युवा कांग्रेस मैहला के उपाध्यक्ष होने के साथ-साथ वह प्रयास फाउंडेशन, चंबा के अध्यक्ष के रूप में भी सक्रिय हैं।



अशोक कुमार का सेवा भाव उन्हें आम लोगों से जोड़ता है। सरकारी कार्यालयों में जटिल प्रक्रियाओं को समझना जहां आम आदमी के लिए मुश्किल होता है, वहीं अशोक कुमार निशुल्क सहायता देकर लोगों का काम आसान बनाते हैं। आवेदन पत्र भरना हो, पेंशन या सरकारी योजनाओं की जानकारी लेनी हो या अस्पताल से जुड़ी मदद—अशोक हर मोर्चे पर खड़े नजर आते हैं।

उनकी समाजसेवा की शुरुआत गरीब बच्चों को निःशुल्क ट्यूशन पढ़ाने से हुई थी। आज भी वह अस्पताल में मरीजों की सहायता, दस्तावेजों की प्रक्रिया में मार्गदर्शन और ज़रूरतमंदों को समय पर सहायता देकर समाज में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं।

# अभिराज ठाकुर बने जिला चंबा भाजयुमो कार्यालय के सचिव

अनंत ज्ञान, चंबा

**भारतीय** जनता पार्टी के युवा मोर्चा ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए अभिराज ठाकुर को जिला चंबा के कार्यालय सचिव नियुक्त किया है। अभिराज ठाकुर वर्ष 2022 से सक्रिय राजनीति में हैं और इस दौरान उन्होंने जिला स्तर पर भाजपा संगठन को मज़बूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। युवा वर्ग में उनकी कार्यशैली और नेतृत्व क्षमता की सराहना की जा रही है।



अभिराज ठाकुर ने अपनी नियुक्ति पर हिमाचल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन, चुराह विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ हंस राज, डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डी.एस. ठाकुर, प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज नरयाल, पूर्व भाजयुमो अध्यक्ष एवं वर्तमान करियां मंडल अध्यक्ष विनायक रैना तथा भाजयुमो जिला अध्यक्ष मिलाप ठाकुर के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो विश्वास उन पर जताया है, वह उसके प्रति पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उनका उद्देश्य संगठन के विस्तार के साथ-साथ युवाओं को भाजपा की विचारधारा और राष्ट्र निर्माण के मिशन से जोड़ना रहेगा। अभिराज ठाकुर ने कहा कि वे राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन को अपना आदर्श मानते हैं और राजनीति में अब तक जो भी अनुभव प्राप्त हुआ है, उसमें उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि हर्ष महाजन के साथ रहकर उन्हें जनसेवा, संगठन और नेतृत्व की गहरी समझ हासिल करने का अवसर मिला है, जो उनके राजनीतिक जीवन की दिशा तय करने में सहायक रहा है। स्थानीय कार्यकर्ताओं ने अभिराज ठाकुर की नियुक्ति को युवा मोर्चा के लिए एक प्रेरणादायक कदम बताया है। उनका कहना है कि अभिराज ठाकुर के नेतृत्व में युवा मोर्चा और अधिक गतिशील, संगठित और प्रभावशाली रूप में उभरेगा।

# चंबा में यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर पुलिस काट रही चालान



अनंत ज्ञान, चंबा

चंबा शहर में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती बढ़ा दी गई है। हेलमेट न पहनने वाले बाइक सवारों और गलत पार्किंग करने वालों के खिलाफ रोजाना 25 से 40 चालान काटे जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से की जा रही है।

शहर में बढ़ती वाहनों की संख्या के कारण पार्किंग की समस्या गंभीर होती जा रही है। सीमित पार्किंग स्पेस के कारण वाहन मालिक गलत जगह गाड़ी खड़ी करने को मजबूर हैं, जिससे ट्रैफिक बाधित होता है। प्रशासन द्वारा पार्किंग व्यवस्था सुधारने के प्रयास जारी हैं, लेकिन जमीन पर अभी तक ठोस समाधान नहीं मिल पाया है।

विशेषज्ञों का मानना है कि केवल सख्त नियमों से ही नहीं बल्कि प्रभावी पार्किंग व्यवस्था से ही सड़क सुरक्षा में सुधार संभव है। नए पार्किंग बैंक के निर्माण और बेहतर नियोजन के बिना समस्या बनी रहेगी। प्रशासन से जल्द स्थायी समाधान की उम्मीद है ताकि नागरिकों को राहत मिल सके।

# कल चंबा शहर व आसपास के क्षेत्रों में बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, चंबा।** मुख्य अभियंता विद्युत कार्यालय धर्मशाला के निर्देशानुसार, 13 अक्तूबर को चंबा उपमंडल-1 के अंतर्गत आने वाले 33/11 केवी उपकेंद्र चंबा में उपकरणों के रखरखाव और परीक्षण कार्य किए जाएंगे। इसके चलते सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक चंबा शहर और आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

इन फीडरों पर पड़ेगा असर: सिटी-1, सिटी-2, रामगढ़, राजनौन, पक्का टाला, सरोल और खज्जियार फीडर प्रभावित रहेंगे, जिससे सुल्तानपुर, राजेरा, कठन्ना, साहू, सराहन, डुगली सहित अन्य क्षेत्रों में भी बिजली नहीं रहेगी। विभाग ने अपील की कि उपभोक्ता असुविधा के लिए तैयार रहें और सहयोग करें, क्योंकि यह कार्य बिजली की गुणवत्ता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए आवश्यक है। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि कार्य मौसम पर निर्भर करेगा — खराब मौसम होने पर तिथि बदली जा सकती है।

# कोठीगैहरी में पर्यावरण संरक्षण की जगाई अलख



मंडी जिला के कोठीगैहरी में सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान स्वयंसेवी पर्यावरण जागरूकता की अलख जगाते हुए।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत मंडी जिला के कोठीगैहरी में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने पर्यावरण जागरूकता की अलख जगाते हुए आसपास के परिवेश को प्लास्टिक मुक्त किया और जल स्रोतों को संवारा। प्रधानाचार्य बालकृष्ण यादव ने बताया की इस विशेष शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थीयों का सर्वांगीण विकास और राष्ट्र के प्रति सेवा भाव को जाग्रत करना है। इस दौरान स्वयंसेवियों को विभिन्न स्रोत व्यक्तियों द्वारा प्रेरित किया गया। जिनमें अधिवक्ता राजेश भारद्वाज ने न्यायपालिका की कार्य प्रणाली को समझाया। वहीं अन्य सत्र में डॉ. ईशांत ठाकुर ने मानव शरीर को रोग मुक्त रखने और मनोरोग तथा प्राथमिक उपचार के तौर तरीकों, समाज सेवी आशु ठाकुर और चंद्रमणी ठाकुर ने समाज में विद्यार्थी की भूमिका पर जानकारी दी।

कार्यक्रम प्रभारी भगत चंदेल ने बताया कि शिविर में 48 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। जो एक निश्चित समय सारणी के तहत हर गतिविधि करते रहे। जिसमें प्रभात फेरी, योगाभ्यास, प्रार्थना सभा, परेड अभ्यास, खेलकूद, प्रोजेक्ट वर्क, सांस्कृतिक कार्यक्रम, संध्या आरती, डायरी लेखन शामिल है। वहीं सह प्रभारी आशा देवी ने भी शिविर में महिला ईंचार्ज के रूप में सहयोगी रही। इस सात दिवसीय एनएसएस कैंप का समापन समारोह स्कूल के प्रधानाचार्य बालकृष्ण यादव तथा एसएमसी प्रधान रीना चंदेल, आशु ठाकुर, सहायक शिक्षक भी उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य बालकृष्ण यादव ने एनएसएस के स्वयंसेवकों को संबोधित कर कई तरह के अनुभवों को साझा किया।वहीं पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी भगत चंदेल ने इस सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर बारे संक्षिप्त विवरण दिया। समापन्न अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा कई तरह मनोरंजक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

# अरुण कुमार, विनय राठौर, टिकम राम और चूड़ामणि को उपाध्यक्ष की मिली जिम्मेदारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा राजीव बिंदल, भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष संजीव देष्टा, भाजपा मंडी लोकसभा विस्तारक सुरेश शर्मा, भाजपा जिला मंडी अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा व सभी मंडलों के मंडल अध्यक्षों से विचार विमर्श करने के उपरांत भाजपा किसान मोर्चा जिला मंडी दलीप कुमार ने किसान मोर्चा के जिला पदाधिकारियों, जिला कार्यसमिति सदस्यों व सभी मंडलों के मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की घोषणा कर दी है ।

भाजपा किसान मोर्चा जिला मंडी में दलीप कुमार ने जिला पदाधिकारियों की नियुक्ति करते हुए अरुण कुमार, कोटली, विनय राठौर, चौंतड़ा, टिकम राम, थुनाग व चूड़ामणि, स्नोर को उपाध्यक्ष व नवीन गुलेरिया कोटली व सुरेन्द्र ठाकुर नेरचौक को महामंत्री व ज्ञान चंद, जोगिंद्रनगर को कोषाध्यक्ष व नरेश कुमार, बल्ह-रिवाल्सर, सतीश कुमार, लड-भड़ोल, इन्द्र सिंह, बालीचौकी, रमा शर्मा, जोगिन्द्रनगर व प्रेम लाल, नेरचौक को सचिव व विनोद शर्मा, दरंग को मीडिया प्रभारी व दिनेश कुमार, पधर को प्रवक्ता व जगदीश ठाकुर, दरंग को सोशल मीडिया सयोंजक व कमल भारद्वाज, जोगिन्द्रनगर मंडल का आई0टी0 सयोंजक नियुक्त किया गया है ।

इसके अतिरिक्त विधानसभा क्षेत्र सिराज के मंडल जंजैहली से जय कुमार, थुनाग से चमन कुमार, बालीचौकी से भीमा देवी व विधानसभा क्षेत्र बल्ह के मंडल नेरचौक से केसरी चन्द व राम सिंह, विधानसभा क्षेत्र मंडी के मंडल कोटली से दमा देवी व विधानसभा क्षेत्र दरंग के मंडल दरंग से नरोतम व नेत्र सिंह, मंडल स्नोर से धर्मेन्द्र शर्मा व लुदरमनी व विधानसभा क्षेत्र जोगिन्द्रनगर के मंडल लड-भड़ोल से जगदीश चन्द भाजपा किसान मोर्चा जिला मंडी का जिला कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है ।

दलीप कुमार ने किसान मोर्चा में मण्डल अध्यक्षों की नियुक्ति करते हुए रोशन लाल को जंजैहली मंडल, दुर्गा सिंह को थुनाग, टिक्कम राम को बालीचौकी, हेम सिंह को नेरचौक, सुरेन्द्र कुमार को बल्ह-रिवाल्सर, लेख राज राणा को कोटली, दीनानाथ को दरंग, कौल सिंह को स्नोर, अच्छर सिंह को पधर, कै0 चुनी लाल को जोगिन्द्रनगर, वीरेन्द्र कुमार को चौंतड़ा व हंस राज को लड-भड़ोल मंडल का मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है ।

किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष दलीप कुमार ने सभी नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों, जिला कार्यसमिति सदस्यों व सभी मंडलों के मण्डल अध्यक्षों को उनकी नियुक्ति पर बधाई देते हुए कहा की यह सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी । भाजपा जिला मंडी अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने सभी नए दायित्ववान कार्यकर्ताओं को बधाई दी है ।

भाजपा किसान मोर्चा जिला मंडी अध्यक्ष दलीप ने किया कार्यकारिणी विस्तार

# 4.35 ग्राम चिट्टे के साथ दो युवक पकड़े

**अनंत ज्ञान, चंबा।** थाना चंबा पुलिस ने 10 अक्तूबर को हनी कुमार (20) और मोहित भर्मोत्रा (27) के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21, 25 और 29 के तहत मामला दर्ज किया। दोनों युवक सरोल के निवासी हैं। पुलिस टीम गश्त और नाका जांच के दौरान मुख्य चंबा-जोत सड़क पर हनुमान मंदिर भटालवां के पास मंगला की ओर से आ रही मोटरसाइकिल को रोककर तलाशी ली। जांच में पता चला कि मोटरसाइकिल पर चालक हनी कुमार और पिलियन सवार मोहित भर्मोत्रा सवार थे। पुलिस ने बताया कि मोहित के पास लाल रंग का बैग था और पूछताछ के दौरान वह असामान्य रूप से घबराया दिखा। संदेह के आधार पर, स्वतंत्र गवाह की मौजूदगी में बैग की तलाशी ली गई। बैग की छोटी जेब से एक पारदर्शी पॉलीथीन पैकेट बरामद हुआ, जिसमें 4.35 ग्राम चिट्टा/हेरोइन पाया गया। पुलिस ने बताया कि नशीले पदार्थ की मात्रा कम होने के कारण दोनों आरोपियों को नोटिस पर जमानत दे दी गई है।

# एसआरडीए संस्था ने कटौला के आपदा पीड़ितों को बांटी राहत राशि व सामग्री



रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बरोट।** चौहार घाटी की समाजसेवी संस्था सोसायटी फॉर रूरल डवेलपमेंट एंड एक्शन (एसआरडीए) थल्टूखोड द्वारा शनिवार को मंडी जिला के कटौला पंचायत में आपदा पीड़ितों को राहत राशि प्रदान की गई। संस्था के निदेशक अमर सिंह कौंडल ने बताया कि वर्ष 2024-25 की भारी बारिश से कई क्षेत्रों में जन-धन की भारी क्षति हुई। कटौला पंचायत के 16 परिवारों के मकान पूर्णत: ध्वस्त हो गए, जो वर्तमान में किराये के मकानों में रह रहे हैं। ऐसे में संस्था ने ₹1.60 लाख की राहत राशि पीड़ितों के खातों में ट्रांसफर की और साथ में आवश्यक सामग्री भी वितरित की गई। संस्था पूर्व में भी सक्रिय रही है। वर्ष 2024 में धमच्यान पंचायत के राजवन गांव में बादल फटने से 10 लोगों की मृत्यु हुई थी और 5 घर तबाह हो गए थे, उस समय भी संस्था ने ₹75,000 की राहत राशि प्रदान की थी। राहत वितरण में संस्था के कार्यकर्ता सोबर दत्त, राजूराम, आरती ठाकुर व पंचायत प्रतिनिधियों, पटवारी, जलशक्ति विभाग के अधिकारी का विशेष सहयोग रहा। संस्था का उद्देश्य अन्य प्रभावित क्षेत्रों तक भी मदद पहुंचाना है।

# एक बार फिर खतरे की जद में बरोट-घटासनी मार्ग

## गुराहला में भारी चट्टान गिरी, ब्लास्टिंग के बाद बहाल हुआ यातायात, वाहनों की कतारें

रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बरोट।** लोक निर्माण विभाग उपमंडल झटिंगरी के अंतर्गत आने वाला बरोट-घटासनी मार्ग एक बार फिर गुराहला स्थान पर भूस्खलन के कारण खतरे की जद में आ गया है। शुक्रवार शाम करीब सात बजे बिना वर्षा के ही एक विशाल चट्टान सड़क के बीच गिर गई, जिससे मार्ग शनिवार दोपहर दो बजे तक पूर्ण रूप से बंद रहा। विभाग की तैनात पोकलेन मशीन से पत्थर हटाने में असमर्थता के बाद ब्लास्टिंग कर चट्टान को हटाया गया, जिसके बाद मार्ग बहाल हो पाया। इस दौरान दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं और घाटी की रात्रि ठहराव वाली बसें सुबह से दोपहर तक मार्ग पर ही रुकी रहीं। निचले क्षेत्रों से आने वाली बसें भी गुराहला व वोचिंग तक ही सीमित रहीं। इस स्थान पर पूर्व में भी भूस्खलन से सड़क पूरी तरह तबाह हो चुकी है, जिसे विभाग ने तीन सप्ताह में बहाल किया था। वर्तमान में पहाड़ी में दरारें बनी हुई हैं जिससे भविष्य में और पत्थर गिरने का खतरा बना हुआ है। प्रशासन ने क्षेत्र को संवेदनशील घोषित कर पुलिस बल व बेरिकेट्स तैनात कर दिए हैं। एसडीएम पधर सुरजीत ठाकुर ने जनता से अपील की है कि रात्रि में इस मार्ग पर यात्रा न करें और प्रशासन से सहयोग बनाए रखें।



गुराहला में गिरे भारी पत्थर को हटाने में जुटी लोक निर्माण विभाग की पोकलेन मशीन का दृश्य।

# रिवालसर कॉलेज में गूगल एआई टूल्स पर ज्ञानवर्धक व्याख्यान

अनंत ज्ञान, रिवालसर

राजकीय महाविद्यालय रिवालसर के करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा 'गूगल एआई टूल्स' पर व्याख्यान आयोजित किया गया। सेल के समन्वयक प्रो. सूरज मणि ने बताया कि छात्रों के लिए %गूगल एआई टूल्स = करियर में उनका महत्व% विषय पर एक ज्ञानवर्धक अतिथि व्याख्यान गूगल स्टूडेंट एंबेसडर, राजकीय जवाहरलाल नेहरू इंजीनियरिंग कॉलेज सुंदरनगर के खुशाल ठाकुर द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दुनिया में गूगल द्वारा विकसित नवीनतम और सबसे प्रभावी उपकरणों से परिचित कराना था, साथ ही उन्हें यह समझाना था कि ये उपकरण उनके भविष्य के करियर और रोजगार के अवसरों में किस प्रकार क्रांतिकारी बदलाव ला सकते हैं। प्रो यश पाल ने छात्रों को बताया कि कैसे वे इन टूल्स का उपयोग करके शोध कार्यों को सरल बना सकते हैं, और डिजिटल युग की मांगों के अनुरूप अपने कौशल को उन्नत कर सकते हैं। प्राचार्य डॉ. केसी कश्यप ने ज्ञानवर्धक सेशन की सराहना की। प्रो कुलदीप कुमार, प्रो रमणीक शर्मा व अन्य स्टाफ सहित छात्रों ने भाग लिया।

खुशाल ठाकुर ने छात्रों को करियर में एआई टूल्स के महत्व से कराया अवगत

# मंडी में पेंशनर्स का धरना-प्रदर्शन 14 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** छठे वेतन आयोग के लाभ, डीए की किस्तों और लंबित मेडिकल बिलों को लेकर हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट 14 अक्टूबर को मंडी जिला मुख्यालय में धरना देगा। संयोजक हरीश शर्मा ने बताया कि मंडी के 15 खंडों के पेंशनर्स चानणी में एकत्र होंगे। पुलिस पेंशनर्स भी प्रदर्शन में भाग लेंगे। सरकार को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

‘एक समय में एक काम करो, ऐसा करते समय अपनी पूरी आत्मा उसमें डाल दो और बाकी सब कुछ भूल जाओ। –स्वामी विवेकानंद

## संपादकीय

# पर्यटकों की बहार

हिमाचल प्रदेश में बरसात खत्म होते ही मौसम ने रूप बदल लिया है और प्रदेश की वादियां फिर से अपनी पुरानी चमक बिखेरने लगी हैं। वर्षा के बाद की ताजा हवा, धूप में झिलमिलाती पहाड़ियां, हरियाली से लदे खेत, नदी की कलकल आवाज, झरनों की ठंडक–ये सभी उन लोगों को बुला रहे हैं जिन्हें प्रकृति में आत्मा की शांति चाहिए। कई जगहों की बंद पड़ी सड़कें अब ठीक हो चुकी हैं, सुरक्षित रास्ते बन गए हैं, जिसके चलते पर्यटक सोच समझकर हिमाचल आने से नहीं डर रहे। वैसे भी हिमाचल प्रदेश हमेशा से ही उन गंतव्यों में रहा है जो प्राकृतिक सौंदर्य, नैसर्गिक शांति और भीड़भाड़ से थोड़ी दूरी का अनुभव देना चाहते हैं। यहां आना ही एक तरह की राहत है शहर की भागदौड़, प्रदूषण और व्यस्तता से।

इस मानसून सीजन में हिमाचल को व्यापक तबाही झेलनी पड़ी है। कई नदियां उफान पर आ गईं, भूस्खलन हुए, कई गांव कट गए, पुल टूटे, सैकड़ों लोग बेमौत मारे गए और हजारों बेघर हो गए। परिवारों की रोजमर्रा की जिंदगी अस्तव्यस्त हो गई, बुनियादी ढांचा गंभीर रूप से प्रभावित हुआ, लेकिन इस आपदा के बाद हिमाचल सरकार ने राहत कार्यों में कोई कमी न छोड़ी। राहत शिविरों की स्थापना हुई, जरूरी सामग्री जैसे खाने–पीने का सामान, दवाइयां, कपड़े, तंबू आदि उपलब्ध करवाए गए। साथ ही प्रभावित इलाकों की मरम्मत और पुनर्वास कार्यों में तेजी लाई गई। कई सड़कें खोलने में कठिनाई हुई, लेकिन स्थानीय प्रशासन और सरकार ने मिलकर काम किया, ताकि आने वाले मौसम में खुली सड़कें हों और पर्यटकों को कोई परेशानी न हो।

हालांकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश के लिए लगभग 1500 करोड़ रुपए की राहत राशि देने की घोषणा की थी, पर अब तक वह राशि नहीं मिली है। यह एक विडंबना है कि ऐसी घड़ी में, जब जरूरत सबसे ज्यादा हो, केंद्र राज्य के बीच देरी होती है और अपेक्षित समर्थन नहीं मिल पाता, लेकिन हिमाचल सरकार ने अपने दम पर कई मूलभूत ढांचागत सुधार कर लिए हैं, ताकि प्रदेश जल्दी सामान्य स्थिति में लौट सके। पुलों की मरम्मत, छोटे–बड़े सड़कों की बहाली, दुर्गम इलाकों में पुनर्वास, सुरक्षित पर्यटन मार्गों की व्यवस्था ये सब काम कठिनाइयों के बीच लगातार चले।

केंद्र सरकार से अपेक्षा थी कि वे राजनीति से ऊपर उठकर आपदा के बाद समर्थन देती और जनता की पीड़ा में शरीक होती, लेकिन दुर्भाग्यवश यहां भी बयानबाजियों का दौर शुरू हो गया। कांग्रेस की प्रदेश सरकार ने केंद्र पर आरोप लगाए कि वह देरी कर रहा है, सांसद विधायक दौरे कर रहे हैं पर वास्तविक राहत और पुनरुद्धार में योगदान कम दिख रहा है। भाजपा के सात सांसदों ने भी अपने संसदीय दायित्वों के अनुरूप केंद्र से सब कुछ नहीं ला पाए, इस बात की आलोचना हुई, पर हिमाचलवासियों ने हिम्मत नहीं हारी। सरकार के मंत्रियों ने मिलकर काम किया, स्वयंसेवक जुटाए गए, स्थानीय समाज और पंचायतों ने सहायता प्रदान की। इस तरह प्रदेश ने बड़ी तेजी से अपने आप को संभाला।


अब जब बरसात खत्म हो गई है और सुकून भरी धूप लौट रही है, तो पर्यटन को पुनर्जीवित करने का समय आ गया है। पर्यटन हिमाचल की अर्थव्यवस्था का मुख्य स्रोत है। यह न केवल लोगों की रोजगार की उम्मीदों को प्रोत्साहित करता है, बल्कि राज्य की आय और विकास को भी गति देता है। राज्य सरकार ने इस ओर सजगता से कदम उठाए हैं। पर्यटन विभाग ने विभिन्न पैकेज और ऑफर पेश किए हैं, ताकि पर्यटक होटलों में ठहरने, ट्रैकिंग, हॉम स्टे आदि सेवाओं का लाभ ले सकें। होटलों और रिसॉर्ट्स ने मॉनसून के बाद विशेष ऑफर निकाले हैं, लेकिन सरकार को आधारभूत ढांचे में और सुधार करना होगा। सड़कें ऐसी होनी चाहिए कि बारिश के बाद भी नहीं टूटें, पुल मजबूत हों, ड्रेन और नालियां अच्छी तरह से रखरखाव हो। बिजली की आपूर्ति नियमित हो, मोबाइल और इंटरनेट कनेक्टिविटी हर गांव टोकरी तक पहुंचे ताकि पर्यटक डिजिटल युग में अपनी जरूरतें पूरी कर सकें।

स्वच्छता का ध्यान हो, कचरा प्रबंधन व्यवस्थित हो, पानी की व्यवस्था सुनिश्चित हो, ताकि ठहरने वाले पर्यटक सुविधाजनक महसूस करें। उनके अनुभवों की गुणवत्ता अच्छी हो तो संदेश स्वयं दूर तक जाएगा कि हिमाचल सुरक्षित, सौहार्द्रपूर्ण और सुंदर स्थान है। भले ही केंद्र की राहत राशि आने में देरी हो रही हो, लेनि हिमाचल ने यह स्पष्ट कर दिया है कि विपदा और वर्षा–बाढ़ जैसी परिस्थितियां उसे दबा नहीं सकतीं। प्रदेश ने अपनी आत्मनिर्भरता दिखाई है। हिमाचलवासियों को, प्रदेश प्रशासन को और देशवासियों को मिलकर यह प्रयास करना होगा कि इस प्रकृति की कोख से निकले इस सुंदर पहाड़ी प्रदेश का सौंदर्य, सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक स्रोत संरक्षित रहें। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती


### ‘भारत के डॉन ब्रैडमैन’

**भारतीय** क्रिकेट इतिहास के महानतम बल्लेबाजों में गिने जाने वाले विजय मर्चेंट का जन्म 12 अक्तूबर 1911 को मुंबई के एक समृद्ध व्यापारी परिवार में हुआ था। उनका असली नाम विजय ठाकरसे था, लेकिन एक इंग्लिश टीचर द्वारा उनके पिता के व्यवसाय से जुड़ी एक भ्रांति के कारण उनका उपनाम ‘मर्चेंट’ बन गया और वही नाम आगे प्रसिद्ध हुआ।



विजय मर्चेंट
जन्म : 12 अक्तूबर, 1911
निधन : 27 अक्तूबर, 1987

विजय मर्चेंट को तकनीकी दृष्टि से भारत का सबसे कुशल बल्लेबाज माना जाता है। उन्हें ‘भारत का डॉन ब्रैडमैन’ भी कहा जाता था। घरेलू क्रिकेट में उनके शानदार प्रदर्शन के चलते मात्र 22 वर्ष की उम्र में उन्हें भारतीय टेस्ट टीम में स्थान मिला। हालांकि वे भारत के पहले टेस्ट (1932) का हिस्सा बन सकते थे, लेकिन महात्मा गांधी के विचारों और देशभक्ति से प्रेरित होकर उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों की गिरफ्तारी के विरोध में मैच खेलने से इनकार कर दिया। मर्चेंट ने दिसंबर 1933 में इंग्लैंड के खिलाफ अपना पहला टेस्ट खेला। उनका अंतरराष्ट्रीय करियर द्वितीय विश्व युद्ध की वजह से सीमित रहा और उन्होंने केवल 10 टेस्ट मैच खेले, जिनमें 47.72 की औसत से 859 रन बनाए। घरेलू क्रिकेट में उनका प्रदर्शन ऐतिहासिक रहा। उन्होंने 150 फर्स्ट क्लास मैचों में 71.64 की औसत से 13,470 रन बनाए, जिसमें 45 शतक और 52 अर्धशतक शामिल हैं। इस मामले में वह केवल डॉन ब्रैडमैन से पीछे हैं। 27 अक्तूबर 1987 को दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हुआ। ■



कविता

## बहरों के बीच कवि

मनीष कुमार ‘वात्सल्य’, महाराज नगर, जयसिंहपुर, जि. कांगड़ा

एक दिन हिम्मत करके
दिग्गज समूह में
अपनी सबसे प्रिय कविता सुनाई
सबकी खूब वाहवाही पाई
पर उसी रात किसी कोने में
पीठ पीछे जन्मे कुछ आस्तीन के सांप
बोले इरशाद तो हमसे करवाई
‘शब्द भी अच्छे थे
किंतु बात तो हमें समझ न आई।’
उस दिन एहसास हुआ लेकिन
मैंने बहरों को खूब कविताएं सुनाईं।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# अमित शाह की चिंता : भारत का असली भारत बने रहना

भारत केवल एक भौगोलिक या राजनीतिक इकाई नहीं, बल्कि यह एक प्राचीन सभ्यता, संस्कृति और धर्म का समागम है। इसकी पहचान हिंदू धर्म व संस्कृति के साथ गहराई से जुड़ी है। भारतीय संस्कृति का मूल संदेश ‘सर्वे भवन्तु सुखिन:’ केवल व्यक्तिगत या धार्मिक कल्याण का संदेश नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर शांति, समरसता और मानव कल्याण की भावना को दर्शाता है।



डॉ. मयंक चतुर्वेदी
स्वतंत्र लेखक

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में अवैध घुसपैठ, जनसंख्या असंतुलन और इसके प्रभावों को लेकर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की है। उनके अनुसार, भारत में 1951 से 2011 के बीच हिंदू आबादी का प्रतिशत 84.1% से घटकर 79% रह गया है, जबकि मुस्लिम आबादी का प्रतिशत 9.8% से बढ़कर 14.2% तक पहुंच चुका है। इसी अवधि में हिंदू जनसंख्या वृद्धि दर 16.8% थी, जबकि मुस्लिम आबादी की वृद्धि दर 24.6% रही।

ये आंकड़े केवल संख्याओं का खेल नहीं हैं, बल्कि इसके पीछे सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक कारण छिपे हैं। शाह ने इन आंकड़ों को अवैध घुसपैठ और वोट बैंक राजनीति से जोड़कर समझाया। उनकी चिंता केवल सीमा सुरक्षा तक सीमित नहीं है। उनका मानना है कि अवैध घुसपैठ राजनीतिक संरक्षण के कारण भी बढ़ रही है, जिससे जनसंख्या असंतुलन और सामाजिक संरचना में गड़बड़ी हो रही है। यदि इस प्रवृत्ति पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो भारत ‘धर्मशाला’ जैसा समाज बन जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शरणार्थी और घुसपैठियों में बड़ा अंतर है। धार्मिक उत्पीड़न और दमन से बचने वाले शरणार्थियों का भारत हमेशा स्वागत करेगा, विशेषकर पड़ोसी देशों के प्रताड़ित हिंदुओं का, लेकिन जो आर्थिक कारणों से अवैध रूप से भारत में प्रवेश करते हैं, वे घुसपैठिये माने जाएंगे और उन पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। शाह ने यह स्पष्ट करना चाहा कि भले ही भारत का विभाजन धर्म के आधार पर हुआ हो, लेकिन अखंड भारत के क्षेत्र में रहने वाले हिंदू जीवन को संरक्षण भारत की प्राथमिकता होगी। इसलिए, अवैध घुसपैठ और जनसंख्या असंतुलन पर नियंत्रण देश की सुरक्षा, सांस्कृतिक अखंडता और सामाजिक स्थिरता के लिए आवश्यक है।

यह नीति केवल राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए ही आवश्यक नहीं है, बल्कि हिंदू संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के लिए भी अनिवार्य है। जनसंख्या असंतुलन केवल संख्या का मामला नहीं है, बल्कि यह समाज की संरचना, सांस्कृतिक पहचान और राष्ट्रीय एकता को प्रभावित करता है। शाह ने



उदाहरण के तौर पर झारखंड में जनजातीय आबादी की गिरावट को अवैध घुसपैठ से जोड़ा है। इसलिए उन्होंने ‘हाई–पावर्ड डेमोग्राफिक मिशन’ की घोषणा की, जिसका उद्देश्य अवैध प्रवासन की व्यापक जांच और नियंत्रण करना है। यह मिशन देश की सांस्कृतिक और सामाजिक संरचना की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

अमित शाह की चिंता केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक अस्तित्व से भी जुड़ी हुई है। शाह ने यह भी स्पष्ट किया कि राजनीतिक दलों द्वारा अवैध प्रवासियों को संरक्षण देने की नीति देश के जनसंख्या संतुलन को बिगाड़ रही है और यह सांस्कृतिक पहचान पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। इसलिए भाजपा की नीति ‘डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट’ अवैध घुसपैठियों के नियंत्रण और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जरूरी है।

यहां यह समझना भी आवश्यक है कि हिंदू संस्कृति का संरक्षण केवल धार्मिक स्तर पर नहीं, बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय कर्तव्य भी है। जनसंख्या संतुलन बनाए रखना, संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करना और अवैध घुसपैठ पर नियंत्रण रखना भारत के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम हैं। अमित शाह ने मतदाता सूची शुद्धिकरण (SIR) प्रक्रिया के तहत अवैध प्रवासियों की पहचान और पहचान सुनिश्चित करने की बात कही है, जिसमें देश में रह रहे सभी नागरिकों के अधिकार सुरक्षित रहेंगे, खासकर मुस्लिम समुदाय के। यह प्रक्रिया देश की संप्रभुता और सांस्कृतिक पहचान की रक्षा में सहायक साबित होगी।

हिंदू संस्कृति का वैश्विक संदेश मानवता के लिए प्रेरक है। इसके सिद्धांत राष्ट्र की नैतिक दिशा तय करते हैं और समाज में एकता एवं सहिष्णुता की भावना बनाए रखते हैं। भारत में हिंदू जनसंख्या में गिरावट का सांस्कृतिक व राष्ट्रीय स्तर पर प्रभाव पड़ता है। इसलिए यह आवश्यक है कि भारत अपनी सांस्कृतिक विरासत, हिंदू संस्कृति और जनसंख्या संतुलन की रक्षा करे।

भारत का अस्तित्व केवल भौगोलिक और राजनीतिक सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक समृद्ध सभ्यता, संस्कृति और धर्म पर आधारित पहचान है। अमित शाह की यह चिंता कि भारत का भारत बने रहना चाहिए, केवल एक राजनीतिक बयान नहीं है, बल्कि यह सांस्कृतिक और राष्ट्रीय अस्तित्व की गंभीर चुनौती भी है। हिंदू संस्कृति, जो विश्व कल्याण और सर्वे भवन्तु सुखिन: की भावना में निहित है, केवल धार्मिक पहचान नहीं बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह आवश्यक है कि भारत अपनी सांस्कृतिक जड़ों, हिंदू संस्कृति और जनसंख्या संतुलन को संरक्षित करे। जब तक हिंदू संस्कृति जीवित रहेगी और उसके मूल सिद्धांतों का पालन होगा, तब तक भारत वास्तव में भारत रहेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# विश्व के सबसे विशाल संगठन आरएसएस की लोकप्रियता का रहस्य

विश्व का सबसे विशाल सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपनी स्वर्णिम यात्रा के सौ वर्ष पूरे कर चुका है। दशहरे के पावन अवसर पर संघ के शताब्दी कार्यक्रम संपूर्ण भारतवर्ष में आयोजित हुए। प्रत्येक स्वयंसेवक के लिए यह गौरवमयी क्षण था।



आचार्य दीप चंद भारद्वाज
(आध्यात्मिक चिंतक)

1925 में भारत में दो प्रकार की विचारधाराओं का जन्म हुआ। एक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा दूसरी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी। संघ का मूल मंत्र राष्ट्र प्रथम एवं मातृभूमि सर्वोपरि था तथा इस संगठन का मूल तत्व प्राचीन गौरवमयी तथा स्वर्णिम भारतीय सनातन संस्कृति के मूल्यों पर आधारित जन मानस की हृदय से जुड़ा हुआ था। दूसरी ओर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की विचारधारा के मुख्य केंद्र बीजिंग और रूस थे। कम्युनिस्ट पार्टी आज पूर्ण रूप से पतन के कगार पर है और संघ अपनी मूल विचारधारा के बल पर विश्व का विशाल संगठन बन गया है। 1925 में डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा लगाया गया यह पौधा आज विराट रूप धारण कर चुका है। प्रथम सर संघचालक हेडगेवार जी की प्रथम पीढ़ी ने संपूर्ण देश में संघ कार्य का विषम परिस्थितियों में बीजारोपण किया। उन्होंने त्याग, तप, समर्पण के बल पर संघ की कार्य पद्धति, प्रशिक्षण, कार्यकर्ता निर्माण पर अपना संपूर्ण ध्यान केंद्रित किया। संघ के निस्वार्थ प्रचारकों, राष्ट्र को समर्पित स्वयंसेवकों के अथक परिश्रम के फलस्वरूप लोकप्रियता को प्राप्त किया। हेडगेवार से लेकर वर्तमान सर संघ चालक मोहन भागवत के राष्ट्र के प्रति सेवा भाव, समर्पण, राष्ट्र भक्ति, सनातन संस्कृति के मूल्यों से परिपूर्ण समाज निर्माण तथा सामाजिक समरसता के लक्ष्य पर आज भी प्रतिबद्ध है। संघ का यह चिंतन है कि स्वधर्म, स्वदेशी, स्वराज के लक्ष्य प्राप्ति हेतु समस्त समाज की सहभागिता होना अति



आवश्यक है। संघ की सौ वर्षों की यात्रा की तीन सुदृढ़ विशेषताएं रही हैं अनवरत, अखंड तथा निरंतरता। संघ ने अपने मूल भाव को कभी नहीं छोड़ा तथा काल संगत नए विचारों का स्वागत किया। विषम से परिस्थितियों में भी चरैवेति चरैवेति अर्थात चलते रहो का ध्येय धारण करके संघ सदैव आगे बढ़ता रहा। गांधी जी की हत्या के बाद चाहे संघ पर प्रतिबंध का दौर हो, राजनेताओं द्वारा कटु आलोचनाओं के आक्षेप को सहन करते हुए संघ सदैव राष्ट्र प्रथम के लक्ष्य पर बढ़ता गया। मनसा वाचा कर्मणा एवं निस्वार्थ भाव से समर्पित प्रचारक तथा शाखा संघ के विचार तत्व को सुदृढ़ता प्रदान करने के दो प्रमुख आयाम हैं। संघ के आजीवन प्रचारक त्याग, सेवा, निष्काम जीवन का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। प्रतिदिन शाखाओं के माध्यम से स्वयंसेवकों में दृढ़ अनुशासन, संयम, सादगी, नैतिक मूल्यों से परिपूर्ण, समाज सेवा भाव को प्रखरता के साथ संचारित किया जाता है प्रचारक अपने गृहस्थ जीवन को त्याग कर संपूर्ण राष्ट्र को अपना जीवन समर्पित करता है। डॉ. मोहन भागवत ने भी कहा था कि संघ कुछ पाने के लिए नहीं, बल्कि जो हमारे पास है वह भी राष्ट्र को देने के लिए है। संघ का स्वयंसेवक प्रशंसा और प्रशस्ति से परे होकर कार्य करता है। संघ कभी भी सोशल मीडिया, राष्ट्रीय समाचार पत्रों की सुर्खियां एवं टीवी चैनलों पर प्रशंसा प्राप्त करने के लिए कार्य नहीं करता। संघ सदैव आलोचना प्रशंसा के क्षेत्र से ऊपर उठकर अपने निर्धारित किए गए मूल तत्व को जनमानस तक पहुंचने में धरातल पर कार्य करता रहता है। सांगठनिक एकता संघ का मूल भाव है। सामाजिक और सांस्कृतिक आंदोलन की लहर से अनेक संस्थाएं बनी। अगर उन संस्थाओं के इतिहास पर दृष्टिपात किया जाए तो अधिकतर संस्थाएं कुछ दूर चलकर बिखर गई या फिर वैचारिक मतभेद के कारण उनके टुकड़े हो गए। 100 वर्ष की विशाल यात्रा के दौरान संघ में विभाजन की बात तो दूर उनमें दरार तक भी नहीं पड़ी। स्वयंसेवकों ने हर क्षेत्र में तत्परता दिखाते हुए लोगों के मानसपटल पर अपना स्थान बनाकर संपूर्ण राष्ट्र में लोकप्रियता प्राप्त की है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# डिजिटल क्रांति बनाम ग्रामीण हकीकत : शिक्षा के नए युग में गांवों की स्थिति

भारत एक विशाल देश है, जहां लगभग 70 प्रतिशत जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है। शिक्षा हमेशा से देश के सामाजिक और आर्थिक विकास की कुंजी रही है और 21वीं सदी में यह कुंजी अब डिजिटल तकनीक के माध्यम से एक नए रूप में सामने आई है।



साहिल शर्मा
चकमोह, दियोटसिद्ध

कोविड–19 महामारी के बाद जिस प्रकार से ऑनलाइन शिक्षा ने तीव्र गति पकड़ी, उसने यह प्रश्न खड़ा कर दिया कि क्या ग्रामीण भारत इस डिजिटल बदलाव के लिए वास्तव में तैयार है। डिजिटल शिक्षा का तात्पर्य है– इंटरनेट, मोबाइल, टैबलेट और अन्य तकनीकी माध्यमों द्वारा ज्ञान और शिक्षा तक पहुंच बनाना। आज कोई भी विद्यार्थी, चाहे वह देश के किसी भी कोने में क्यों न हो, ऑनलाइन माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षकों और अध्ययन सामग्री से जुड़ सकता है। यह शिक्षा को लोकतांत्रिक और समावेशी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। ग्रामीण भारत में लंबे समय से शिक्षा अनेक समस्याओं से जूझ रही थी– जैसे प्रशिक्षित शिक्षकों की कमी, संसाधनों का अभाव, अधूरी भौतिक संरचनाएं और सामाजिक बाधाएं। डिजिटल शिक्षा ने इनमें से कई बाधाओं को पार करने की आशा जरूर जगाई है, परंतु इसकी राह भी आसान नहीं है। आज भी बहुत से गांवों में इंटरनेट की गुणवत्ता बेहद कमजोर है, बिजली की आपूर्ति अनियमित है और कई विद्यार्थियों के पास स्मार्टफोन या टैबलेट जैसे उपकरण उपलब्ध नहीं हैं।

कई परिवारों में एक ही मोबाइल होता है, जिसे पूरे परिवार को साझा करना पड़ता है, जिससे पढ़ाई नियमित रूप से नहीं हो पाती। फिर भी, डिजिटल शिक्षा ने ग्रामीण समाज के लिए कई अवसरों के द्वार खोले हैं। इससे अब बच्चों को किसी अच्छे विद्यालय या शिक्षक पर निर्भर नहीं रहना पड़ता, वे देश के किसी भी कोने से श्रेष्ठ शिक्षकों से सीख सकते हैं। विशेष रूप से



लड़कियों के लिए यह एक नई उम्मीद लेकर आया है, जो पहले सामाजिक कारणों से विद्यालय नहीं जा पाती थीं, अब वे घर बैठे पढ़ाई कर पा रही हैं। इसके साथ ही युवाओं में तकनीकी समझ और दक्षता बढ़ी है, जो भविष्य में उन्हें रोजगार के नए अवसर दिलाने में सहायक होगी। कुछ गांवों में स्थानीय शिक्षक और स्वयंसेवी संस्थाएं मिलकर डिजिटल कक्षाएं चला रहे हैं, जो ग्रामीण आत्मनिर्भरता का सुंदर उदाहरण है। हालांकि, चुनौतियां अभी भी कई हैं। इंटरनेट और बिजली की कमी, उपकरणों की अनुपलब्धता, डिजिटल साक्षरता की कमी और ऑनलाइन शिक्षा में मानवीय संपर्क की न्यूनता जैसी समस्याएं अब भी बड़ी बाधा बनी हुई हैं। शिक्षा केवल जानकारी नहीं, बल्कि संवाद, प्रेरणा और भावनात्मक जुड़ाव का माध्यम भी है, जो ऑनलाइन शिक्षा में कई बार कम होता है। इन चुनौतियों के समाधान के लिए सरकार द्वारा चलाया गया ‘डिजिटल इंडिया’ अभियान एक सकारात्मक पहल है, लेकिन इसे जमीनी स्तर पर अधिक प्रभावी बनाना होगा। गांव–गांव में डिजिटल साक्षरता अभियान चलाए जाने चाहिए, ताकि शिक्षक और अभिभावक तकनीक के सही उपयोग को सीख सकें। साथ ही ऐसे सामुदायिक डिजिटल केंद्र स्थापित किए जाएं जहां बच्चे सामूहिक रूप से पढ़ाई कर सकें। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि सस्ते और गुणवत्तापूर्ण स्मार्ट डिवाइस तथा डेटा पैक ग्रामीण परिवारों को उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही, डिजिटल सामग्री को स्थानीय भाषाओं में तैयार किया जाए।

कुल मिलाकर, डिजिटल शिक्षा केवल एक तकनीकी बदलाव नहीं, बल्कि सामाजिक समावेशन का एक अवसर भी है। यह गांव के बच्चे को भी वही अवसर देने की दिशा में एक कदम है जो शहर के बच्चों को मिलता है, परंतु यह तभी सफल हो सकता है जब सरकार, समाज और प्रत्येक नागरिक मिलकर इसकी चुनौतियों का सामना करें। डिजिटल शिक्षा केवल मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी सोच है जो ज्ञान को हर घर, हर गांव और हर बच्चे तक पहुंचा सकती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# ‘जिसकी लाठी, उसी की भैंस’ से ऊपर उठे राजनीति, तभी नए चेहरों को मिलेगी पहचान

भारतीय राजनीति आज एक ऐसे मोड़ पर आ खड़ी हुई है जहां सत्ता की लालसा और व्यक्तिगत स्वार्थ ने लोकतंत्र की आत्मा को गहरा आघात पहुंचाया है। ‘जिसकी लाठी, उसकी भैंस’ जैसी कहावत अब सिर्फ ग्रामीण परिवेश की बात नहीं रही, बल्कि यह राजनीति की मुख्यधारा में घर कर चुकी है। लोकतंत्र, जो कभी जनता की आवाज, जनसेवा और पारदर्शिता पर आधारित था, अब सत्ता प्राप्ति का माध्यम बनकर रह गया है। ऐसे में राजनीति का मूल उद्देश्य–समाज को दिशा देना, नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देना और योग्य नेतृत्व को आगे लाना–कहीं पीछे छूटता जा रहा है।



शिशु गुप्ता
स्वतंत्र लेखक, चंबा

आज की राजनीति में योग्यता, ईमानदारी और जनसेवा का जज्बा कई बार उस भीड़ में खो जाता है, जहां पद और प्रतिष्ठा का निर्धारण परिवारवाद, जातिवाद और गुटबाजी से होता है। एक विडंबना यह भी है कि वर्षों से राजनीति में जमे वरिष्ठ नेता अपने पदों को इस तरह जकड़कर बैठे हैं कि युवा और कर्मठ नेतृत्व को उभरने का अवसर ही नहीं मिल पाता। उन्हें यह भय सताता है कि अगर कोई नया चेहरा लोकप्रिय हो गया, तो उनकी वर्षों की सत्ता यात्रा पर सवाल खड़े हो सकते हैं। यह मानसिकता न केवल राजनीति को दिशाहीन बनाती है, बल्कि लोकतंत्र को खोखला भी करती है।

राजनीतिक दलों के भीतर लोकतंत्र का अभाव एक बड़ी चिंता का विषय है। जब किसी पार्टी के अंदर ही विचारों की स्वतंत्रता और नेतृत्व के चयन में पारदर्शिता नहीं होगी, तो वह पार्टी देश को लोकतांत्रिक मूल्यों का पाठ कैसे पढ़ा सकती है? आज आवश्यकता इस बात की है कि राजनीतिक दल आंतरिक लोकतंत्र को मजबूती दें और मेरिट आधारित निर्णय प्रणाली अपनाएं। पद या टिकट केवल परिवार, जाति या प्रभाव के आधार पर नहीं, बल्कि कार्यकुशलता,



जनसेवा और जनता के विश्वास के आधार पर मिलना चाहिए।

युवाओं में अपार ऊर्जा, नवीन सोच और राष्ट्र निर्माण का उत्साह है। वे देश को एक नई दिशा दे सकते हैं, परंतु जब उन्हें अवसर नहीं दिया जाएगा, तो यह ऊर्जा व्यर्थ चली जाएगी। राजनीति का युवा चेहरा तभी उभर पाएगा जब वरिष्ठ नेता मार्गदर्शक की भूमिका अपनाएं और योग्य उत्तराधिकारियों को आगे लाने का मार्ग प्रशस्त करें। यदि ऐसा नहीं हुआ, तो राजनीति केवल सत्ता संरक्षण का माध्यम बनकर रह जाएगी, जहां परिवर्तन केवल चेहरों का होगा, विचारों का नहीं। मीडिया और जनता को भी अपनी भूमिका समझनी होगी। जब तक जनता केवल ‘बड़े नामों’ पर वोट देती रहेगी और नए चेहरों की उपेक्षा करती रहेगी, तब तक राजनीति में कोई वास्तविक परिवर्तन नहीं आएगा। जनता को चाहिए कि वह ‘नए काम’ को प्राथमिकता दे, न कि केवल ‘पुराने नाम’ को। लोकतंत्र का वास्तविक अर्थ तब ही सार्थक होगा जब हर योग्य नागरिक को समान अवसर मिले और राजनीति सेवा का माध्यम बने, सत्ता का नहीं।

आज हमें यह तय करना होगा कि हम कैसी राजनीति चाहते हैं– लाठी की राजनीति या लोकतंत्र की राजनीति? क्या हम केवल सत्ता परिवर्तन को ही लोकतंत्र मानते रहेंगे या फिर विचार परिवर्तन की दिशा में भी कदम बढ़ाएंगे? सत्ता परिवर्तन से कहीं अधिक आवश्यक है विचार परिवर्तन और यही परिवर्तन भारत के लोकतंत्र को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकता है।

राजनीति को अगर हम फिर से पवित्र बनाना चाहते हैं, तो उसे जनसेवा का माध्यम बनाना होगा, व्यक्तिगत स्वार्थों का नहीं। यही लोकतंत्र की आत्मा है और यही भारत के उज्जवल भविष्य की नींव भी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज–2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

### मुख्यमंत्री ने करसोग में 132.8 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया

# सीएम सुक्खू ने किया 34.25 करोड़ से निर्मित संयुक्त कार्यालय भवन लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, करसोग**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शनिवार को मंडी जिला के करसोग में लोगों को 132.8 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने करसोग में 34.25 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित संयुक्त कार्यालय भवन, 1.67 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित विषयवाद विशेषज्ञ उद्यान कार्यालय भवन, करसोग में 29.51 लाख रुपये की लागत से निर्मित पंचायत सामुदायिक केंद्र तृणम, 90.11 लाख रुपये की लागत से माहूंनाग मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण, 71.57 लाख रुपये से मैहंडी ग्राम पंचायत के कार्य, 13 लाख रुपये से निर्मित स्वास्थ्य उपकेंद्र भन्थल, 32.74 लाख रुपये से ग्राम पंचायत सामुदायिक केंद्र सूई कुफरीधार और 13.75 लाख रुपये से संयुक्त कार्यालय भवन में अपना पुस्तकालय का लोकार्पण किया।

उन्होंने 31.80 लाख रुपये से भकरोट-करसोग-सनारली-सैंज सड़क के उन्नयन कार्य, 13.18 करोड़ रुपये से खील से भगेलु सड़क के उन्नयन कार्य, 19.75 करोड़ रुपये की लागत से खील से भगेलु (कैलोधार गरजूब) के उन्नयन कार्य, 11.06 करोड़ रुपये की लागत से छलोग से बघेल मार्ग और 18.60 करोड़ की लागत से कैलोधार से सैंज सड़क के उन्नयन कार्य की आधारशिला रखी।



करसोग में 132.8 करोड़ की परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के दौरान सीएम सुक्खू व अन्य।

## मनरेगा मजदूरों को दिया जाए पूरा रोजगार : भूपेंद्र

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** सीटू से सम्बंधित मनरेगा एवं निर्माण मजदूर यूनियन मंडी जिला कमेटी की बैठक जिला प्रधान राजेश शर्मा की अध्यक्षता में मंडी में आयोजित की गई। बैठक में भूपेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि पंचायतें मनरेगा मजदूरों को गैरकानूनी रूप से काम से वंचित कर रही हैं, जबकि जबकार्ड धारकों को सौ दिन का रोजगार देना कानूनन जरूरी है।

उन्होंने कहा कि जिनके पति पेंशन या नौकरी में हैं, उन्हें पिछले तीन माह से काम नहीं मिल रहा, जबकि मनरेगा में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। बैठक में राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड से चार वर्षों से लंबित एक करोड़ रुपये की सहायता राशि पर भी चर्चा हुई। यूनियन नवंबर में खंड स्तर पर धरने और जनजागरण अभियान चलाएगी। साथ ही, न्यूनतम मजदूरी 425 रुपए देने, डंगे लगाने की बहाली और बोर्ड की मनमानी रोकने की मांग उठाई गई।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक हिमाचल प्रदेश के सभी घरों में करेंगे संपर्क : प्रदीप शर्मा

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** आरएसएस संघ शताब्दी वर्ष विजय दशमी उत्सव के तहत जिला मंडी के कोटली खंड में पथ संचलन का आयोजन किया गया। पथ संचालन में सैकड़ों स्वयं सेवकों ने भाग लिया। संघ के स्वयं सेवकों को बौद्धिक प्रदान करते हुए प्रदीप शर्मा ने कहा कि संघ के सौ वर्ष पूरे हो गए हैं। सौ वर्ष के इस बट वृक्ष की अनेक शाखाएं हिंदुत्व का संरक्षण, सनातन का प्रचार कर रहा है। संघ राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण में काम कर रहा है। आरएसएस के संस्थापक डॉ. केशव राम बलीराम हेडगेवार ने जो एक सशक्त भारत का नींव रखी थी वह अब एम भव्य महल बन चुका है। सौ वर्ष में आरएसएस विश्व का सबसे बड़ा संगठन बन चुका है जो सशक्त भारत की नींव है। उन्होंने कहा कि इस शताब्दी वर्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक हिमाचल प्रदेश के 17 लाख 80 हजार घरों में संपर्क करेंगे तथा उन्हें राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि जब भी भारत में कोई भी आपदा आई तो उस समय संघ के कार्यकर्ता देवदूत बन का सामने आए। शताब्दी वर्ष में संघ 5 प्रमुख बिंदुओं पर फोकस करके काम करेगा। हर कस्बे में शाखा लगाना आवश्यक है। जब देश का बच्चा बच्चा संघ और हिंदुत्व से जुड़ेगा तो भारत का विश्व गुरु बनने का सपना साकार होगा। हमारी सनातनी संस्कृति ऐसी है कि हम सभी का आदर करते हैं।

संघ के स्वयंसेवको ने घोष के साथ कोटली बाजार में पथ संचलन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष कैप्टन दलीप ठाकुर, परम देव शास्त्री, कर्नल टी पी प्रताप राणा सहित कई गणमान्य स्वयंसेवक भी उपस्थित थे।



मंडी जिला के कोटली खंड में पथ संचलन का आयोजन किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### 0.38 ग्राम चिट्टे सहित युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पुलिस थाना सरकाघाट की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए एक युवक को चिट्टे सहित गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने मुकाम जंझैल के पास तलाशी के दौरान अभिशेख पुत्र गुलाबुदीन, निवासी गांव जंझैल उम्र 24 वर्ष, के कब्जे से 0.38 ग्राम हैरोइन (चिट्टा) बरामद किया। बरामदशुदा चिट्टे को कब्जे में लेकर नमूने लिए गए और संबंधित सामग्री को पुलिस ने सील कर कब्जे में लिया। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। एसएचओ सरकाघाट रजनीश ठाकुर ने मामले की पुष्टि की है।

### धार्मिक उत्साह के साथ निकाली शोभायात्रा



**भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान, महादेव।** आर्य समाज और डीएवी स्कूल सुंदरनगर के संयुक्त तत्वावधान में जवाहर पार्क (मिलट्री ग्राउंड) से लेकर आर्य समाज मंदिर बीबीएमबी कॉलोनी तक निकाली गई। वेद प्रचार मंत्री श्रवण कुमार आर्य ने बताया कि आर्य समाज का वार्षिक उत्सव मनाने के दौरान यज्ञ करने सहित प्रवचनों की अमृत वर्षा और भजन संध्या आयोजित की गई, इसमें बाहरी राज्यों के विद्वानों ने भाग लेकर सैकड़ों श्रद्धालुओं को निहाल किया। इसके साथ ही दर्जनों हवन कुंडों में भारी उपस्थिति ने पूर्णाहुति डाली व लगाए गए ऋषि लंगर का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया।

### कुश्ती में नवीन ने स्वर्ण व वीर ने जीता कांस्य

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट के छात्रों ने अंतर महाविद्यालय कुश्ती और शतरंज प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया। कुश्ती में नवीन कुमार ने 74 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि वीर चौहान ने 61 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। वहीं शतरंज प्रतियोगिता में नितिन शर्मा, दीपक राज, अश्वनी कुमार, प्रणव शर्मा, लवली कुमार और रोहित शर्मा की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। नवीन कुमार और नितिन शर्मा का चयन अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। महाविद्यालय के प्राचार्य श्री आर. आर. कौंडल ने सभी विजेताओं को बधाई दी और आगे भी इसी उत्साह के साथ भाग लेने का आह्वान किया।

### हैंडबॉल में रखोह स्कूल का शानदार प्रदर्शन



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** जिला स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में रखोह स्कूल की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल की तीन छात्राएं - साक्षी, रितिका और श्रुति - राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। स्कूल प्रबंधन ने इस सफलता पर खुशी जताई और शारीरिक शिक्षकों विद्या प्रकाश, गुरदेव सिंह, रजनीश, संतोष, पूनम, भूप सिंह, सुषमा चौहान एवं अन्य स्टाफ सदस्यों के योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।

### पुलिस पेंशनरों ने उठाई विभिन्न मांगें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पुलिस पेंशनर्स वेल्फेयर एसोसिएशन की राज्य स्तरीय बैठक भीमा काली मंदिर में संपन्न हुई। इसमें पुलिस उप महानिरीक्षक मंडी ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। यह जानकारी देते हुए जिला महासचिव कृष्ण चंद ठाकुर ने बताया कि बैठक में 6 सूत्रीय मांगों पर चर्चा की गई। मुख्य मांगों में वर्ष 2016 से 2022 तक सेवानिवृत्ति हुए कर्मचारियों के बढ़े हुए वेतन का एरियर, 13% महंगाई भत्ते की भी मांग उठाई गई। इसके अलावा 2020 के दौरान का महंगाई भत्ता के बारे में भी सरकार को चेताया गया। सेवानिवृत कर्मचारियों के मेडिकल बिल का भुगतान समय पर करना और सेवानिवृत्ति के बाद अधिकारी व कर्मचारियों की शहादत पर उचित सम्मान देने व पुलिस कैंटीन में आर्मी पैटर्न पर सुविधाएं प्रदान करने का मुद्दा भी बैठक में उठाया गया।

### आयुष विभाग में फार्मासिस्ट के भरें खाली पद

**अनंत ज्ञान, मंडी।** बेरोजगार प्रशिक्षित आयुष फार्मासिस्ट संगठन की बैठक चैल चौक में आयोजित हुई इस में जिले के सैकड़ो बेरोजगार आयुष फार्मासिस्ट ने भाग लिया इस दौरान सभी सदस्यों ने रोस जताते हुए कहा की हम सरकार के पास बार-बार जाकर यह निवेदन कर रहे हैं कि आयुष विभाग में रिक्त पड़े आयुष फार्मासिस्ट के पदों को भरा जाए ताकि हमें इस बेरोजगारी से निजात मिल सके प्रधान भूपेंद्र गुलेरिया ने बताया कि वह प्रदेश के आयुष मंत्री यादवेंद्र गोमा से भी मिले लेकिन उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिले हैं उन्होंने कहा की सरकार जल्द विचार करें और उन्हें रोजगार प्रदान करें तथा सरकार ने जो बैच वाइज भर्ती में 45 साल की आयु सीमा लगा रखी है उसमें भी छूट दी जाए एलोपैथिक फार्मासिस्ट की तर्ज पर उन्हें भी छूट दी जाए इस बैठक में प्रधान भूपेंद्र गुलरिया सचिव राम प्रकाश संजय कुमार डिंपल कुमार वेद प्रकाश पंकज कुमार गुलाब शर्मा कुलदीप बबीता रीना कश्यप सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

## नशे से होने वाले मानसिक, शारीरिक व सामाजिक नुकसान की जानकारी दी



सरकाघाट में नशामुक्त भारत अभियान प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ करते विधायक चंद्रशेखर।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

उपमंडल सरकाघाट के शिव मंदिर कमेटी हाल में ब्रह्माकुमारी मिशन के तत्वावधान में एक दिवसीय नशामुक्त भारत अभियान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजयोगिनी बहन ब्रह्मा कुमारी निर्मला ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक चंद्रशेखर उपस्थित रहे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया।

शिविर में उपस्थित विशेषज्ञों ने नशे के दुष्प्रभावों और इससे होने वाले मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रसिद्ध न्यूरोसाइंटिस्ट डॉ. रामा जयश ने शरीर को निरोग रखने के उपायों पर प्रकाश डाला और खान-पान, नींद, व्यायाम तथा प्राणायाम के महत्व को बताया।

अन्य चिकित्सकों ने भी नशे से दूर रहने के लिए योग, ध्यान और सकारात्मक सोच को जीवन में अपनाने की सलाह दी। ब्रह्माकुमारी उर्मिला बहन ने राजयोग एवं मेडिटेशन का अभ्यास करवाया, जिससे उपस्थित लोगों ने आंतरिक शांति और आत्म-संतुलन का अनुभव किया।मुख्य अतिथि विधायक चंद्रशेखर ने ब्रह्माकुमारी मिशन के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान समाज में विशेषकर युवाओं में मानसिक जागरूकता और आध्यात्मिकता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने इसे समाजहित में एक उत्कृष्ट पहल बताया और भविष्य में भी ऐसे शिविरों के आयोजन का आग्रह किया। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, महिलाएं और युवा उपस्थित रहे।

## संघ के कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण के हर क्षेत्र में निभा रहे अग्रणी भूमिका: हेमराज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) नगर सरकाघाट द्वारा विजयादशमी के उपलक्ष्य में एकत्रीकरण कार्यक्रम नगर परिषद सेंट्रल पार्क सरकाघाट में बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संघ के स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में अनुशासित पंक्तियों में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना एवं ध्वजारोहण के साथ हुआ। इसके उपरांत शाखा के स्वयंसेवकों ने आकर्षक व्यायाम योग, दंडयुद्ध, गीत और सामूहिक प्रदर्शन प्रस्तुत किए, जिनसे उपस्थित जनसमूह मंत्रमुग्ध हो गया। कार्यक्रम उत्तर क्षेत्रीय शारीरिक प्रमुख हेमराज ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उद्देश्यों, इतिहास और समाज निर्माण में उसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विजयादशमी का पर्व संगठन, शक्ति और अनुशासन का प्रतीक है तथा यह दिन हमें अन्याय के विरुद्ध डटकर खड़े होने की प्रेरणा देता है। मुख्य अतिथि मंहत गिरी लक्ष्मी नारायण ने संघ की सामाजिक और राष्ट्रहित में की जा रही गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि संघ के कार्यकर्ता समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने उपस्थित स्वयंसेवकों से आग्रह किया कि वे संघ के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाएं। कार्यक्रम में नगर संघचालक अरुण शर्मा सहित विभिन्न ग्रामों से स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कुल 202 स्वयंसेवक इस एकत्रीकरण में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत के साथ हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

## टीहरा स्कूल का पब्लिक पुस्तकालय जर्जर, गिरने की कगार पर भवन




**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

- बच्चों के लिए बेहतर अध्ययन माहौल की आवश्यकता पर जोर

उप तहसील टीहरा के अंतर्गत स्थित टीहरा स्कूल का पब्लिक पुस्तकालय बदहाल स्थिति में पहुंच चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुस्तकालय का भवन इतनी जर्जर हालत में है कि कभी भी गिर सकता है। इस पुस्तकालय से न केवल टीहरा बल्कि आसपास की कई पंचायतों के लोग लाभान्वित हो सकते हैं, लेकिन वर्तमान समय में इसकी कोई सुध नहीं ले रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर इस पुस्तकालय को सही स्थान पर स्थानांतरित कर दिया जाए तो बच्चों को पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल मिल सकता है। स्थानीयवासी सतपाल सिंह चौहान, ग्राम पंचायत तनिहार के उपप्रधान पवन कुमार, अश्वनी, अनिता, रेखा, सपना तथा युवक मंडल सचिव राकेश कुमार उर्फ बडू ने प्रशासन से मांग की है कि इस पुस्तकालय को टीहरा के मिनी सचिवालय में स्थानांतरित किया जाए। उनका कहना है कि वहां बैठकर बच्चे पढ़ाई कर सकेंगे और टीहरा व आसपास के क्षेत्र में शिक्षा का माहौल विकसित होगा।

## जोगिंद्रनगर में राष्ट्रीय उत्थान के पंच प्रण के साथ आरएसएस का भव्य शस्त्र पूजन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

- आरएसएस के स्थापना शताब्दी वर्ष का आगाज
- एकता और समरसता का दिया संदेश

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जोगिंद्रनगर के रामलीला मैदान में शनिवार को भव्य शस्त्र पूजन का आयोजन हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर संघ के स्वयंसेवक और विभिन्न वर्गों के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया और राष्ट्र के सर्वांगीण उत्थान का संकल्प दोहराया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कैप्टन मंगल सिंह (सेना मेडल) ने की, जबकि कांगड़ा विभाग के संघचालक भूषण रैना ने मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित लोगों को संबोधित किया। नगर संघ चालक ओम प्रकाश ठाकुर समेत अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक विधि से शस्त्र पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद मैदान संघ गीतों और घोषों से गूंज उठा। भूषण रैना ने संघ की शताब्दी वर्ष की यात्रा और संस्थापक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार के देशभक्ति के आदर्शों को याद किया। उन्होंने बताया कि संघ ने इस वर्ष पूरे देश में सात प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए हैं, जिनमें विजयदशमी उत्सव, जनसंपर्क अभियान, सामाजिक सद्भाव बैठकों और युवाओं के लिए विशेष आयोजन शामिल हैं।

इस अवसर पर संघ ने 'पंच प्रण' भी घोषित किए — सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वत्व का भाव और नागरिक कर्तव्य, जो हिंदू समाज को समृद्ध बनाने के लिए मार्गदर्शक हैं। कार्यक्रम के अंत में स्वयंसेवकों ने अनुशासित पथ संचलन किया, जिसे स्थानीय नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर सम्मानित किया। पूरे नगर में राष्ट्रीय एकता और समरसता का संदेश गूंज उठा।

## जनता का ध्यान भटकाने के लिए किया जा रहा वोट चोर अभियान: दलीप ठाकुर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** विधायक दलीप ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस का तथाकथित 'वोट चोर अभियान' दरअसल अपनी ही नाकामियों और भ्रष्टाचार को छिपाने का एक हताश प्रयास है।विधायक ने कहा कि प्रदेश की जनता भली-भांति जानती है कि कांग्रेस के शासन में किस तरह सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को प्रभावित करने की कोशिशें होती रही हैं। अब जब जनता कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों से उकता चुकी है, तो यह पार्टी झूठे अभियानों और प्रचारों के सहारे सहानुभूति बटोरने में लगी है। विधायक ने आगे कहा कि कांग्रेस के नेता यह भूल रहे हैं कि लोकतंत्र में वोट जनता की ताकत है, जिसे झूठे अभियानों या आरोपों से नहीं जीता जा सकता। उन्होंने कांग्रेस सरकार से पूछा कि अगर वे सचमुच पारदर्शिता चाहते हैं तो पंचायत चुनावों की प्रक्रिया में देरी क्यों कर रहे हैं? प्रदेश में कांग्रेस सरकार के प्रति जनता का आक्रोश चरम पर है। जनता की नाराज़गी से बचने के लिए कांग्रेस अब राजनीतिक नाटक रचने में जुटी है, ताकि लोगों का ध्यान असली मुद्दों भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और सरकार की विफल योजनाओं से भटकाया जा सके।



## महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए आध्यात्मिक उत्थान जरूरी: बहन श्वेता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

महिलाओं की भूमिका हर क्षेत्र में महत्वपूर्णऔर प्रेरक है। हर क्षेत्र में महिलाएं अपनी क्षमताओं का दोहन कर रही हैं। विभिन्न क्षेत्रों के साथ ही अध्यात्म भी एक ऐसा क्षेत्र है जहां महिलाएं यदि प्रगति करतीं है तो उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है जिससे परिवार, समाज लाभान्वित होता है। वर्तमान में निरंकारी सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज आध्यात्मिक उत्थान के सूत्रधार बनकर इस दिशा में प्रेरित कर रहे हैं। निरंकारी मिशन में महिलाओं को सर्वांगीण रूप से विकसित होने का अवसर प्राप्त हो रहा है जिसके परिणामस्वरूप एक सुकून का वातावरण तैयार हो रहा है।



आज जिला मंडी के निरंकारी सत्संग भवन डडौर में महिला समागम का आयोजन हुआ जिसमें विभिन्न जिलों की लगभग 40 ब्रांचो की महिलाओं ने बढ़-चढ़ के भाग लिया। इस मौके पर पंजाब के खन्ना से आई बहन श्वेता जी ने बहनो को सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज का संदेश दिया और बताया कि कर्म में परिवर्तन के लिए विचारों में परिवर्तन आवश्य है अच्छे विचार ही अच्छे जीवन का आधार है और अच्छे विचार के लिए सत्संग जरूरी है। प्यार, सहयोग, विश्व वंधुत्व, शांति के लिए प्यार, शांति और आनंद के स्त्रोत परमात्मा से एकीकार जरूरी है जो सद्गुरु की शरण में जाने से ही सम्भव है। निरंकारी मिशन वैचारिक दृष्टिकोण से व्यक्ति में परिवर्तन का आधर बन रहा है। एक महिला के जीवन में हुआ सकारात्मक परिवर्तन पूरे समाज में सुधार का कारण बन जाता है।

बहन श्वेता ने कहा कि आज संत निरंकारी मिशन के माध्यम से महिलाओं को इस तरह के अवसर मिल रहे हैं कि वह अपने सामाजिक और पारिवारिक दायित्व को निभाते हुए कर्म क्षेत्र में सेवाएं देते हुए आध्यात्म के मार्ग पर भी आगे बढ़ सकती है इसके लिए संत निरंकारी मिशन में विशेष रूप से महिला समागम आयोजित किए जा हैं जहां महिलाओं को विशेष रूप से प्रेरणा मिलती है। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज जी का मानना है कि जब एक महिला संस्कारी होते हैं तो पूरा परिवार संस्कारी हो जाता है। इस अध्यात्मिक कार्यक्रम में उपस्थित मंडी ज़ोन, के ज़ोनल इनचार्ज आरके अभिलाषी ने मुख्य रूप से उपस्थित बहन श्वेता जी, क्षेत्रीय संचालक भगत राम, संयोजक प्रेम दास, डडौर के मुखी शिव लाल चौधरी तथा महिला सत्संग में विभिन्न ब्रांचों के उपस्थित संयोजकों, मुखी संचालक, महिला इनचार्ज तथा सभी बहनों का आभार व्यक्त किया तथा कहा कि वर्तमान संदर्भ में ऐसे कार्यक्रमों नितांत आवश्यक है।

**टूर्नामेंट** जोगिंद्रनगर में जिला स्तरीय अंडर-14 कन्या वर्ग खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

# 25 ब्लॉकों की 945 छात्राएं दिखाएंगी दमखम

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**जोगिंद्रनगर।** पीएमश्री राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर में शनिवार को जिला स्तरीय अंडर-14 कन्या वर्ग की खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में मंडी जिले के 25 ब्लॉकों से 945 छात्राएं भाग ले रही हैं। वॉलीबॉल, खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन, जूडो और रेसलिंग जैसे खेलों में छात्राएं अपनी प्रतिभा दिखा रही हैं।

मुख्यातिथि के रूप में कार्यक्रम में पहुंचे समाजसेवी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर का विद्यालय परिसर में पारंपरिक स्वागत किया गया। 945 छात्राओं की परेड और सलामी से मैदान उत्साह से गूंज उठा। जीवन ठाकुर ने अपने संबोधन में खेल और शिक्षा को जीवन के दो मजबूत स्तंभ बताते हुए कहा कि दोनों मिलकर ही बच्चों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करते हैं। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने और इसके खिलाफ जागरूकता फैलाने का आह्वान भी किया।



खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन करते मुख्यातिथि जीवन ठाकुर।

- जीवन ठाकुर बोले– शिक्षा और खेल से ही होता है सर्वांगीण विकास

इस अवसर पर तीसरी कक्षा की छात्रा एवं प्रतिभाशाली डांसर जाह्नवी को उत्तर भारत स्तर की ऑनलाइन डांस प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर ₹2100 की प्रोत्साहन राशि भेंट की गई। जाह्नवी ने हाल ही में उत्तरी भारत स्तर पर आयोजित ऑनलाइन डांस प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया था। मुख्य अतिथि ने छात्रा की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियां न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन करती हैं।प्रतियोगिता के पहले दिन विभिन्न खेल मुकाबले हुए। खो-खो वर्ग में दरंग-2 ने चचोट फर्स्ट को, धर्मपुर-2 ने चचोट-2 को तथा करसोग फर्स्ट ने चौतरा-2 को हराकर अगला चरण सुनिश्चित किया। वॉलीबॉल में ओट ब्लॉक ने सिराज को, रिवाल्सर ने सलवान को, सदर मंडी ने धर्मपुर को और सुंदरनगर ने चौंतड़ा-2 को पराजित किया। वहीं कबड्डी प्रतियोगिता में चचोट ब्लॉक ने ओट को और धर्मपुर-1 ने साइगलु ब्लॉक को हराया। खेल मैदान में दर्शकों ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज चौहान ने संगीत शिक्षक की नियुक्ति और परीक्षा हॉल निर्माण की मांग रखते हुए सभी गणमान्य अतिथियों का आभार जताया। उन्होंने स्मृति चिन्ह और टोपी भेंट कर सम्मानित किया।

तीन दिवसीय आयोजन की सफलता के लिए विद्यालय स्टाफ और छात्राओं ने मिलकर विशेष तैयारी की है। विजेता छात्राएं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी।

## सरकाघाट कॉलेज की टेबल टेनिस टीम ने हासिल किया तीसरा स्थान



ट्रॉफी के साथ सरकाघाट कॉलेज प्राचार्य व विजेता टीम के खिलाड़ी।

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** रविंद्र नाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय, सरकाघाट के खिलाड़ियों ने सरदार पटेल अंतर महाविद्यालय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। फर्स्ट एसपीयू टेबल टेनिस इंटर-कॉलेज टूर्नामेंट में गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज, सरकाघाट की टीम में हर्षित, दिनेश, रजत, ऋषि और गौरव शामिल थे। इन्होंने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज, लंभाथाच, सिराज में आयोजित की गई थी। इस कठिन टूर्नामेंट में सरकाघाट की टीम ने कड़े मुकाबलों के बाद तीसरा स्थान हासिल किया। सेमीफाइनल में रोमांचक संघर्ष के बाद, तीसरे स्थान के लिए खेले गए मैच में उन्होंने मेजबान लंभाथाच कॉलेज को पराजित कर यह उपलब्धि हासिल की। टीम की इस सफलता में खिलाड़ियों के सामूहिक प्रयास, अनुशासन, और खेल भावना प्रमुख रही, जिसने दर्शकों का दिल जीत लिया। इस सफलता पर महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा के सहायक आचार्य प्रो. दिनेश एवं सभी खिलाड़ियों को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कोंडल ने बधाई दी।

## न्यूज ब्रीफ

### भद्रकाली में ताले तोड़कर की घर में चोरी

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** जिला ऊना की पंचायत भद्रकाली बांन्दु जगदीश राम घर में हुई। चोरों ने घर के अंदर का सारा सामान बखेरा। चोरों ने घर के में दरवाजे का ताला कटर से कटकर घर में अलमारियां, दीवान बेड के अंदर से एक-एक कपड़ा एक-एक समान को चेक किया और जो उनके हाथ लगा लेकर निकल गए। अनिता कुमारी जो की रिश्तेदारी थी, उसको चाबी दी थी, जिसने सुबह आकर आकर देखा तो घर के सभी ताले टूटे थे और घर वालों को जो कि दिल्ली में रहते हैं उनको सूचित कर दिया गया है, ताकि चेक करें कि कौन-कौन सा सामान जो है गायब हुआ है

### दौलतपुर स्कूल में एनएसएस शिविर का शुभारंभ

**राकेश कुमार, अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, दौलतपुर चौक में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य राजदेव राणा रहे, जिनका प्रधानाचार्य वासुदेव ठाकुर ने सम्मान किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों संजीव शर्मा और मोनिका रतन ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की, जिसमें स्वच्छता, पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सेवा और यातायात जागरूकता जैसे विषयों पर कार्य किया जाएगा।

### दो दिवसीय श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना में ग्राम पंचायत अंबेहड़ा के सुंदर नारायण गुरुकुलम अटया में संस्कृत भारती द्वारा दो दिवसीय राज्य स्तरीय श्लोक प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। मुख्य वक्ता नरेंद्र कुमार और मुख्य अतिथि योगेश शर्मा रहे। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। नरेंद्र कुमार ने कहा कि यह प्रतियोगिता संस्कृत और संस्कृति के संरक्षण की परंपरा है। गुरुकुलम के अध्यक्ष आचार्य शिव कुमार शास्त्री द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक और वैदिक कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं, जिनके प्रयास सराहनीय हैं।

# डिप्टी सीएम ने हरोली को दी 81 करोड़ की सौगात

## मुकेश अग्निहोत्री ने किया 75 करोड़ की 'उठाऊ पेयजल योजना बीत एरिया फेज-दो' का शिलान्यास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**उपमुख्यमंत्री** मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार पेयजल और सिंचाई सुविधाओं के उन्नयन में निर्णायक कार्य कर रही है। सरकार का लक्ष्य है कि हर घर को शुद्ध जल और हर खेत को पर्याप्त सिंचाई सुविधा मिले। उन्होंने शनिवार को हरोली उपमंडल के पालकवाह में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। इससे पूर्व उन्होंने हरोली विधानसभा क्षेत्र को विकास की नई सौगात देते हुए जलशक्ति विभाग की 81 करोड़ रुपए की पेयजल एवं सिंचाई योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इनमें 75 करोड़ रुपए की महत्वाकांक्षी 'उठाऊ पेयजल योजना बीत एरिया फेज-दो' का शिलान्यास भी शामिल था। वहीं, पोलियां बीत में 2.36 करोड़ रुपये की उठाऊ पेयजल योजना,



हरोली-ऊना-शिमला बस सेवा को झंडी दिखाकर रवाना करते उपमुख्यमंत्री मुकेश।

लालूवाल में 1.78 करोड़ रुपए की उठाऊ पेयजल योजना, नंगल कलां में 1.02 करोड़ रुपए की उठाऊ सिंचाई योजना तथा बट्टकलां में 1.07 करोड़ रुपए की उठाऊ पेयजल योजना का लोकार्पण किया। इन योजनाओं से लगभग 10 हजार की आबादी को बेहतर पेयजल सुविधा प्राप्त होगी। इसके उपरांत पालकवाह में 75 करोड़ की लागत से बनने वाली उठाऊ पेयजल योजना बीत एरिया फेज-दो की आधारशिला रखी। इस योजना के तहत स्वां नदी से पानी उठाकर पालकवाह में 11 लाख लीटर क्षमता वाले भंडारण टैंक तक पानी पहुंचाया जाएगा, जहां से लगभग 43 किलोमीटर मेन पाइपलाइन और 80 किलोमीटर लंबी वितरण प्रणाली के माध्यम से पालकवाह, कर्मपुर, चंदपुर, नंगल खुर्द, नंगल कलां सहित बीत क्षेत्र के 28 गांवों की लगभग 50 हजार कनाल भूमि को सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि हरोली विधानसभा क्षेत्र के लिए एमसीएडी कंपोनेंट के तहत 100 करोड़ रुपए की नई सिंचाई योजना स्वीकृत की गई है। इसमें पूरे क्षेत्र को तीन क्लस्टर-टाहलीवाल, हरोली और खड्ड में विभाजित कर आधुनिक तकनीक से सिंचाई तंत्र का सशक्तीकरण किया जाएगा। इसके अलावा भभौर साहिब से पोलियां बीत तक 175 करोड़ रुपए की नई पेयजल योजना की भी तैयारी की जा रही है।

### हरोली-शिमला बस को दिखाई हरी झंडी

**उपमुख्यमंत्री** एवं परिवहन मंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने पालकवाह कार्यक्रम स्थल से हरोली-ऊना-शिमला बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह बस सेवा हरोली-ऊना-नंगल-किरतपुर (फोरलेन)-भराड़ी-बिलासपुर-एम्स-भराड़ीघाट-दाड़लाघाट-शालाघाट मार्ग से शिमला तक संचालित होगी। बस हरोली से शाम 5 बजे तथा ऊना से 5:20 बजे रवाना होगी, जबकि शिमला से सुबह 4:50 बजे प्रस्थान करेगी।

### बोले-बल्क ड्रग पार्क को मिली पर्यावरणीय स्वीकृति

**उपमुख्यमंत्री** ने बताया कि हरोली में निर्माणाधीन 2 हजार करोड़ की बल्क ड्रग पार्क परियोजना को केंद्र सरकार से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है और 300 करोड़ रुपए के टेंडर खोले जा चुके हैं। अग्निहोत्री ने हरोली के विकास का विरोध करने वाले तत्वों पर निशाना साधते हुए कहा कि विकास अवरोधक मानसिकता रखने वाले लोग हर काम में नुक्ताचीनी करते हैं, लेकिन इससे विकास रुकने वाला नहीं है। उन्होंने दोहराया कि उनका हर कदम हरोली के सर्वांगीण विकास को समर्पित है। वहीं, कार्यक्रम में पालकवाह के पूर्व प्रधान एवं कांग्रेस नेता संदीप अग्निहोत्री ने विकास की सौगातों के लिए उपमुख्यमंत्री का आभार जताया। कैप्टन शक्ति चंद राणा ने बीत क्षेत्र में आए बदलाव को हरोली के इतिहास में जल क्रांति का युग बताया। कार्यक्रम के दौरान जलशक्ति विभाग की ओर से एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी प्रदर्शित की गई, जिसमें बीत क्षेत्र में आई 'जल क्रांति' और किसानों की आर्थिक समृद्धि को प्रदर्शित किया गया।

### विधायक विवेक शर्मा का सराहनीय कार्य, कुटलैहड़ में मानवता की नई मिसाल

# अब तक 107 से ज्यादा जरूरतमंदों को बांटे उपकरण

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**कुटलैहड़** विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा निरंतर जनसेवा और मानवता की मिसाल बनकर उभर रहे हैं। क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में हमेशा आगे रहने वाले विधायक शर्मा ने एक बार फिर संवेदनशीलता और सेवा भावना का परिचय दिया है। अब तक वे कुटलैहड़ क्षेत्र के लगभग 107 अपंग, अस्वस्थ एवं ऑन-बेड मरीजों और बुजुर्गों को व्हीलचेयर तथा अन्य सहायक उपकरण प्रदान कर चुके हैं।

इस पहल से न केवल जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान लौटी है, बल्कि उनके परिवारों को भी राहत मिली है। विधायक विवेक शर्मा ने बताया कि उनका उद्देश्य सिर्फ राजनीति करना नहीं, बल्कि अपने क्षेत्र के हर व्यक्ति की तकलीफ को महसूस करना और उसे दूर करने की दिशा में कदम बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि


समर्थक बोले, विवेक शर्मा भाई और बेटा बनकर कर रहे जनता की सेवा।

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र मेरा परिवार है, जिन्होंने मुझे इस क्षेत्र का नेतृत्व प्रदान किया है, अब मेरा कर्तव्य है कि मैं उनके सुख-दुख का सहभागी बनूं। जनता ने मुझे जो स्नेह दिया है, वह मेरी सबसे बड़ी पूंजी है। विधायक का यह प्रयास केवल सामाजिक सेवा का उदाहरण नहीं, बल्कि एक मानवीय जिम्मेदारी का निर्वहन भी है। जिन लोगों को उन्होंने सहायता दी, उनमें कई ऐसे बुजुर्ग और मरीज हैं जो लंबे समय से घरों में बिस्तर पर थे और अपने आप चलने-फिरने में असमर्थ थे। व्हील चेयर और उपकरण मिलने से अब वे अपने घर-आंगन से बाहर आकर खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं। स्थानीय लोगों और गणमान्य नागरिकों ने विधायक विवेक शर्मा के इस कार्य की जमकर सराहना की है। पंडित राम आसरा शर्मा, विवेक मिंका, दिनेश खत्री, सुदेश शर्मा, केवल सिंह शर्मा, योगराज योगी धुंधला सहित सैकड़ों लोगों ने कहा कि विधायक विवेक शर्मा केवल एक जनप्रतिनिधि नहीं, बल्कि कुटलैहड़ की जनता के भाई और बेटे के समान हैं, जो हर जरूरत के समय जनता के साथ खड़े रहते हैं। लोगों का कहना है कि विधायक विवेक शर्मा ने राजनीति को सेवा का माध्यम बना दिया है। चाहे आपदा राहत कार्य हों, शिक्षा संस्थानों का विकास हो या असहाय लोगों की मदद, हर क्षेत्र में उनका योगदान सराहनीय रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि विधायक विवेक शर्मा ने कई बार बिना किसी प्रचार के जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाई है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि उनके लिए सेवा ही सबसे बड़ी प्राथमिकता है। कुटलैहड़ में विधायक विवेक शर्मा की लोकप्रियता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। जनता उन्हें जनसेवक के रूप में देख रही है, जिसने समाज के हर वर्ग के लिए दरवाजे खुले रखे हैं। उनका यह प्रयास निश्चित रूप से क्षेत्र में संवेदनशील प्रशासन और मानवीय नेतृत्व का परिचायक है।

## गगरेट में महिला व टाहलीवाल में कामगार ने की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिले में शनिवार को दो अलग-अलग स्थानों पर आत्महत्या की दर्दनाक घटनाएं सामने आईं। थाना गगरेट के तहत वबेहड़ गांव में 52 वर्षीय महिला ने भाड़े के मकान में फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली, वहीं औद्योगिक क्षेत्र टाहलीवाल में एक 40 वर्षीय कामगार ने भी आत्महत्या कर ली। पुलिस ने दोनों मामलों में कार्रवाई शुरू कर दी है। पहली घटना थाना गगरेट के अंतर्गत वबेहड़ गांव की है, जहां 52 वर्षीय जनको कुमारी निवासी बजीर दी बस्सी, जिला होशियारपुर (पंजाब) ने शनिवार सुबह भाड़े के मकान में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जनको कुमारी अपनी बहू के साथ वबेहड़ गांव में रहती थी। सुबह जब वह कमरे से बाहर नहीं निकली तो बहू ने दरवाजा खोला, जहां देखा कि उसने फंदा लगा लिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेज दिया। एएसपी ऊना सुरेंद्र शर्मा ने पुष्टि की है। वहीं, औद्योगिक क्षेत्र टाहलीवाल में घटित हुई, जहां कौशल फ्लोर मिल में कार्यरत 40 वर्षीय हरवंस कुमार पुत्र सोहन सिंह निवासी वल्लूआना, तहसील जलालाबाद (पंजाब) ने अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर से अनुशासन नेतृत्व और सामाजिक चेतना का संदेश

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**

**लठियानी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रायपुर मैदान में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दौरान स्वयंसेवियों को मार्च पास्ट कार्यक्रम ने अनुशासन, एकता और समर्पण का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम अधिकारी पवन कुमार के कुशल निर्देशन में स्वयंसेवियों ने कदम से कदम मिलाकर मार्च पास्ट का अभ्यास किया। उन्होंने न केवल मार्च पास्ट की तकनीकी बारीकियों से स्वयंसेवियों को अवगत कराया, बल्कि उसके पीछे छिपे समूह अनुशासन, सामूहिक चेतना और राष्ट्र भक्ति के मूल्यों को भी समझाया। स्वयंसेवियों ने पूरे उत्साह और गर्व के साथ मार्च पास्ट में भाग लेकर यह दर्शाया कि वे न केवल अच्छे विद्यार्थी हैं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक भी हैं। शिविर में भाग ले रही अक्षरा और कमलप्रीत ने कहा कि मार्च पास्ट से उन्हें नेतृत्व क्षमता, टीम वर्क,


स्वयंसेवियों को अनुशासन, एकता का महत्व समझाया गया।

अनुशासन और आत्मविश्वास के गुण सीखने को मिले। जब सैकड़ों कदम एक साथ उठते हैं, तो उसमें एक संघर्ष की आवाज नहीं, बल्कि एकता की गूंज सुनाई देती है। यह अनुभव उन्हें आने वाले जीवन में भी सदा प्रेरित करता रहेगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार चौधरी ने कार्यक्रम अधिकारी पवन कुमार की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल मार्च पास्ट, बल्कि संपूर्ण शिविर में प्रशिक्षण को इस प्रकार संचालित किया कि हर स्वयंसेवक ने अपने अंदर नैतिक मूल्यों, सामाजिक दायित्वों और आत्म-विकास की भावना को महसूस किया। उनका मार्गदर्शन स्वयंसेवियों के लिए प्रेरणास्रोत बन गया है। कार्यक्रम अधिकारी पवन कुमार ने कहा कि स्वयंसेवियों ने शिविर के दौरान नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक जलस्रोतों के महत्व को लेकर रैलियां निकालकर समाज को जागरूक किया।

# बंगाणा कॉलेज में छात्र संघ पदाधिकारियों को दिलाई शपथ


अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित स्टूडेंट्स।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**अटल** बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए कॉलेज केंद्रीय छात्र संघ के मनोनीत कार्यकारी एवं अन्य सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने की।

उन्होंने अध्यक्ष शिल्पा, उपाध्यक्ष संजना, सचिव प्रीति, तथा सहसचिव आदित्य शर्मा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके अलावा कक्षा प्रतिनिधियों बबिता, श्वेता, शिखा शर्मा, सुनीता रानी, अंजलि देवी, किरण कनैट, दीक्षा, अंशु कुमारी, आदित्य शर्मा, पलक शर्मा, कीर्ति ठाकुर, हर्षित कौशल, आकृत, संजना, मुस्कान, निधि शर्मा एवं सक्षम ने भी शपथ ग्रहण की। विभिन्न इकाइयों से नामांकित सदस्यों मे एनएसएस से वेदेही शर्मा और अंकुश शर्मा, एनसीसी से कौशल और कृति, स्पोर्ट्स विभाग से शशांक और अंकिता ठाकुर, रोड सेफ्टी क्लब से तन्वी, कल्चरल विभाग से तनु ठाकुर और कल्पना, रेड रिबन क्लब से पलक, तथा रोवर-रेंजर इकाई से अनिरुद्ध और पमिता को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में केंद्रीय छात्र संघ सलाहकार समिति के सदस्य प्रो. रेखा शर्मा, प्रो. नंद लाल एवं डॉ. किरण ठाकुर सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. ठाकुर ने सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों को बधाई दी।

## बणे दी हट्टी में सड़क हादसे में चार लोग घायल

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** थाना अंब के अंतर्गत बणे दी हट्टी में शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा पेश आया, जिसमें चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा तब हुआ जब एक तेज रफ्तार सफेद रंग की आल्टो कार (नंबर एचपी 96-1791) गगरेट की दिशा से आती हुई सड़क किनारे खड़ी थार (नंबर एचपी 92-0099) से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आल्टो कार मौके पर ही पलट गई। घटना के समय रवि चौरसिया पुत्र वीरेंद्र कुमार, निवासी प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश) अपनी दुकान 'चौरसिया स्पेशल पान' पर मौजूद था। उन्होंने बताया कि वह पान बना रहे थे तभी थार चालक गाड़ी खड़ी कर उनकी दुकान पर पान लेने आया। इसी दौरान तेज रफ्तार आल्टो कार आकर थार से टकरा गई। हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। स्थानीय लोगों ने कार को सीधा कर घायलों को बाहर निकाला। कुछ ही देर में 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को गगरेट अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों की पहचान विपन कुमार (चालक), प्रदीप कुमार, प्रकाश चंद और बादल कुमार सभी निवासी जिला कांगड़ा के रूप में हुई है। वहीं थार के चालक का नाम छविकांत पुत्र मंगत राम, निवासी गगरेट बताया गया है। प्रारंभिक जांच के अनुसार, यह हादसा आल्टो चालक विपन कुमार द्वारा वाहन को तेज रफ्तारी और लापरवाही से चलाने के कारण हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

# अंब में संघ के 100 साल के इतिहास सिद्धांतों व कार्य योजनाओं पर डाला प्रकाश


राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर अंब नगर में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**अनंत ज्ञान, अंब**

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में अंब नगर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों स्वयंसेवकों और गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्री गुरु रविदास सभा के महासचिव धनी राम उपस्थित रहे, जबकि मुख्य वक्ता शिवनाथ जी ने अपने ओजस्वी विचार रखे।

नगर संघचालक राकेश चड्ढा की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में धनी राम ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को मानवता की सेवा में समर्पित संगठन बताया। उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवक समाज में एकता, सेवा और समरसता की भावना को जीवंत करते हैं। मुख्य वक्ता शिवनाथ, जो वर्तमान में विभाग बौद्धिक प्रमुख हैं, ने संघ के 100 वर्षों के इतिहास, उसके सिद्धांतों और कार्य योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने पंच परिवर्तन-सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्व का भाव और नागरिक कर्तव्य पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही बताया कि शताब्दी वर्ष में गृह संपर्क अभियान, हिंदू सम्मेलन, युवा सम्मेलन और सद्भाव बैठकों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर नगर में भव्य संचलन भी निकाला गया, जिसमें स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में जिला प्रचारक टिक्कम राम नेगी, राजीव कुमार, डॉ. रमन शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष इंदु धीमान, उपाध्यक्ष उपदेश ठाकुर, पार्षदगण व अन्य सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सरजी अकादमी अंब में नवंबर में होगा 'अभ्यास 2.0 स्कॉलरशिप टेस्ट'

**अनंत ज्ञान, अंब।** सरजी अकादमी अंब द्वारा आगामी 9 नवंबर और 30 नवंबर 2025 को 'अभ्यास 2.0 स्कॉलरशिप टेस्ट' का आयोजन किया जा रहा है। यह परीक्षा जेबीटी (सी) और एचपी टीजीटी कमिशन की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए आयोजित की जाएगी। अकादमी के निदेशक अमित शर्मा ने बताया कि यह टेस्ट आर्ट्स जेबीटी (सी), मेडिकल और नॉन मेडिकल विषयों के प्रतिभागियों के लिए होगा।

**विजेताओं को मिलेंगे नकद पुरस्कार और फ्री कोचिंग**

प्रत्येक श्रेणी में शीर्ष तीन अभ्यर्थियों को नगद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रथम पुरस्कार 21,000, द्वितीय पुरस्कार 11,000 तृतीय पुरस्कार 5,100 होंगे। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक श्रेणी (जेबीटी आर्ट्स मेडिकल और नॉन मेडिकल) के अगले 10-10 सफल अभ्यर्थियों को नि:शुल्क कोचिंग की सुविधा दी जाएगी। स्कॉलरशिप टेस्ट के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जिसकी अंतिम तिथि 15 अक्तूबर तय की गई है। आवेदन शुल्क मात्र 200 रुपए रखा गया है। आवेदक का स्नातक व बीएड पास होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी 9805486239 पर संपर्क कर सकते हैं। अमित शर्मा ने बताया कि अभ्यास 2.0 प्रतियोगियों की तैयारी को बूस्टर डोज देने का काम करेगा। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों से आग्रह किया कि अपनी तैयारी को और मजबूत करने के लिए इस स्कॉलरशिप टेस्ट में अवश्य भाग लें।

# पूरी ईमानदारी के साथ कार्य करना प्राथमिकता : शिव कंवर


शिव शशि कंवर को बोर्ड ऑफ डायरेक्टर चुने जाने पर जोरदार स्वागत किया।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**हिमकेप्स** प्रोफेशनल संस्थान बढ़ेड़ा में सेंसोवाल कृषि सहकारी सभा के चेयरमैन शिव शशि कंवर को बोर्ड ऑफ डायरेक्टर चुने जाने पर सभा में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कमेटी की मासिक बैठक के दौरान सोसाइटी प्रतिनिधियों ने उन्हें गुलदस्ते भेंट कर सम्मानित किया।

सभा के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार ने कहा कि सेंसोवाल कमेटी के प्रधान को हिमकेप्स संस्थान में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना गर्व की बात है। इससे संस्थान में विकास की गति और तेज होगी। बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। शिव शशि कंवर ने कहा कि वे बैंक से सेवानिवृत्त अधिकारी हैं और पारदर्शिता तथा ईमानदारी के साथ कार्य करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे नए संस्थान में भी पूर्ण तन्मयता से कार्य करेंगे। गौरतलब है कि हिमकेप्स संस्थान वर्ष 2006 से संचालित है और यहां लॉ व नर्सिंग जैसे प्रोफेशनल कोर्स करवाए जा रहे हैं। संस्थान द्वारा एक आयुर्वेदिक अस्पताल भी संचालित किया जा रहा है। निकट भविष्य में एक मेडिकल कॉलेज शुरू होने की भी योजना है।

**सौगात** ब्रह्मकुमारियों की ओर से किए जा रहे सराहनीय आध्यात्मिक व सामाजिक कार्य : बबलू

# विधायक ने किया प्रजापति ब्रह्मा आश्रम भवन का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, अंब**

**उपमंडल** बंगाणा की पंचायत सोहारी में स्थित प्रजापति ब्रह्मा आश्रम के नए निर्मित भवन का शुभारंभ विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने किया। इस अवसर पर विधायक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और सत्संग में भाग लिया।

कार्यक्रम में विधायक बबलू ने कहा कि ब्रह्मकुमारियों संस्था समाज में आध्यात्मिक जागरूकता, नैतिक शिक्षा, नशामुक्ति अभियान और महिलाओं के सशक्तिकरण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में ऐसे संस्थान लोगों के मानसिक और आत्मिक उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

विधायक ने नई भवन निर्माण समिति और स्थानीय जनता को इस शुभ अवसर की बधाई भी दी। इस अवसर पर हरप्रीत दीदी (ब्रह्मकुमारी), किरण दीदी (जिला आयुष अधिकारी), रितु दीदी, उपदेश भाई, रोहित भाई, छोटू भाई, सोमदत्त भाई, पूर्व प्रधान पवन सिंह ठाकुर, कृष्ण अवतार, पूर्ण शर्मा, बलवीर, पंकज, मदन प्रधान, स्थानीय बुजुर्गों और माताओं सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर ईश्वरीय संदेश सुने और समाज में शांति, प्रेम और सद्भावना फैलाने का संकल्प लिया। ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थापना 1937 में प्रजापिता ब्रह्मा बाबा द्वारा सिंध (अब पाकिस्तान) में की गई थी। यह संस्था विश्वभर में शांति, प्रेम, आत्मज्ञान और योग के संदेश के लिए जानी जाती है। वर्तमान में इसके 150 से अधिक देशों में केंद्र संचालित हो रहे हैं। संस्था का मुख्यालय माउंट आबू (राजस्थान) में स्थित है। ब्रह्मकुमारी विश्वभर में राजयोग ध्यान, नशामुक्ति, नारी सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, और मानवता की सेवा से जुड़ी अनेक योजनाएं चला रही हैं। संस्था का उद्देश्य लोगों को आत्म-शक्ति से जोड़कर सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा देना है। कार्यक्रम के अंत में हरप्रीत दीदी ने आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद किया और सभी को राजयोग ध्यान के अभ्यास से जीवन में शांति और स्थिरता लाने का संदेश दिया।


विधायक सुदर्शन बबलू का स्वागत करते संस्थान के प्रतिनिधि।

# मलांगड़ गांव में दो दिवसीय कबड्डी स्पर्धा का शुभारंभ

## पूर्व विधायक भुट्टो ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन


पहले मुकाबले में मलांगड़ की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए बुधान टीम को हराया।

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** कुटलैहड़ क्षेत्र के मलांगड़ गांव में शनिवार को मां कपिला यूथ क्लब द्वारा आयोजित दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने मुख्य अतिथि कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया और मां कपिला के जयकारों के बीच खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में 16 टीमों ने भाग लिया, जिनमें क्षेत्र की प्रमुख टीमों के साथ-साथ कई नई युवा टीमें भी शामिल हैं। पहले मुकाबले में मलांगड़ की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए बुधान टीम को हराया। मुख्य अतिथि दविंदर भुट्टो ने अपने संबोधन में कहा कि मां कपिला यूथ क्लब जैसी संस्थाएं समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर रही हैं। उन्होंने क्लब को 11,000 रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा करते हुए आश्वासन दिया कि भविष्य में भी समाज सेवा और खेल गतिविधियों में उनका पूर्ण सहयोग रहेगा। क्लब के सदस्यों ने पूर्व विधायक का स्वागत फूलमालाओं और पटका पहनाकर किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। रविवार को फाइनल मुकाबला और समापन समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें विजेता टीम को ट्रॉफी व नकद पुरस्कार दिए जाएंगे।

# बंजार घाटी के देवता लौटे अपने धाम

## मंदिरों की गूंज उठी घंटियां, देवता श्रृंगा ऋषि के भव्य स्वागत से गूंजा बंजार व देवालयों में लौटी रौनक

शीला कौल, अनंत ज्ञान

**बंजार।** अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव के शांतिपूर्ण समापन के साथ ही बंजार घाटी के देवी-देवता अपने-अपने देवालयों की ओर लौट गए हैं। बीते सप्ताह तक घाटी में ढोल-नगाड़ों की थाप, नाटियों की गूंज और देव रथ यात्राओं की शोभा चारों ओर छाई रही। अब जब देव मिलन समाप्त हुआ, तो घाटी के गांव-गांव में फिर से श्रद्धा, शांति और भक्ति का वातावरण लौट आया है।बंजार घाटी के आराध्य देवता श्रृंगा ऋषि के बंजार आगमन पर इस बार भक्तों ने ऐतिहासिक और भव्य स्वागत किया। जैसे ही देव रथ नगर में पहुंचा, वातावरण जय देव श्रृंगा ऋषि महाराज की जय के जयकारों से गूंज उठा। नगर के मुख्य बाजार में भक्तों ने देवता का अभिनंदन किया। घाटी के अन्य देवी देवता देवता गढ़ पति शेष नाग जीभी, देव अनंत बालू नाग ,देव मार्कण्डेय, देव लक्ष्मी नारायण पझारी, देवी माता गाडा दुर्गा देवता काली नाग ,और अन्य स्थानीय देवता भी अपने-अपने क्षेत्रों से विदा लेकर अपने स्थायी देवालयों को लौट गए हैं। देव यात्राओं की विदाई पर जगह-जगह पारंपरिक नृत्य-गायन हुआ और भक्तों ने आशीर्वाद प्राप्त किया। दशहरा पर्व के दौरान सराज क्षेत्र धार्मिक उत्साह और लोकसंस्कृति की रंगीन छटा में डूबा रहा। जहां उत्सव के दिनों में देवधामों में सन्नाटा पसरा था, वहीं अब फिर से आरती, भजन और घंटियों की मधुर ध्वनि से मंदिर प्रांगण गूंज रहे हैं।स्थानीय निवासियों रोशन लाल ,विश्वदेव ,रणबीर ,टेक सिंह ,रोशन लाल का कहना है कि देव यात्राएँ न केवल आस्था का प्रतीक हैं, बल्कि लोकसंस्कृति और एकता की पहचान भी हैं। बंजार निवासियों ने कहा, जब देवता श्रृंगा ऋषि सहित अन्य देवी देवता अपने धाम लौटते हैं, तो ऐसा लगता है जैसे पूरी घाटी में फिर से जीवन का संचार हो गया हो।देवता श्रृंगा ऋषि के साथ अन्य देवी देवताओं की वापसी के साथ बंजार घाटी में श्रद्धा का महासागर उमड़ पड़ा।


अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव के समापन के साथ ही बंजार घाटी के देवी-देवता अपने-अपने देवालयों की ओर लौट गए हैं।

देव रथ के स्वागत में ढोल नगाड़ों की थाप ने माहौल को दिव्य बना दिया। इस अवसर पर क्षेत्र के प्रतिनिधियों, बुजुर्गों और युवाओं ने देव परंपरा को निभाते हुए विशेष पूजा-अर्चना भी की। दशहरा की समाप्ति के साथ अब सभी देवालयों में नित्य पूजा-अर्चना पुनः आरंभ हो गई है। भक्तजन दीप प्रज्वलित कर अपने आराध्य से सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं।

# हिमाचल की बेटी आयात ने रूस में लहराया परचम

मोहन कपूर, अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले की होनहार बेटी, आयात शर्मा ने रूस के निझनी नोवगोरोद में आयोजित वर्ल्ड यूथ फेस्टिवल असेंबली 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व कर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। 17 वर्षीय आयात कटराई के राजकीय माध्यमिक वरिष्ठ विद्यालय की छात्रा हैं और इस वैश्विक मंच पर चुनी गई कुछ प्रमुख भारतीय युवा नेताओं में से एक थीं।

आयात न केवल राज्य स्तरीय जूडो खिलाड़ी हैं, बल्कि उन्हें फायरबॉल एक्सट्रीम चैलेंज (FXC) की राष्ट्रीय टीम के लिए भी शॉर्टलिस्ट किया गया है। यदि चयन प्रक्रिया सफल रही, तो वे इस वर्ष दिसंबर में इटली में होने वाले स्नङ्गष्ट वर्ल्ड कप 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

डब्ल्यूवाईएफ असेंबली 2025 में 120 देशों से 2000 से अधिक युवा प्रतिभागी और 40 देशों के 215 विशेषज्ञ शामिल हुए। इसमें शिक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मीडिया समेत कई विषयों पर सत्र आयोजित किए गए। आयात ने इस मंच पर भारत और हिमाचल प्रदेश के युवाओं की प्रतिभा और आकांक्षाओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।



आयात ने अपने कोच विजय ठाकुर, मेंटर उत्सव सोनी और मार्गदर्शक मेहर चंद आचार्य का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह अनुभव उनके लिए अविस्मरणीय है। उनका कहना है कि खेल, विचार और नेतृत्व के क्षेत्र में युवाओं की कोई सीमा नहीं होती। अगला वर्ल्ड यूथ फेस्टिवल असेंबली क्रास्नोयार्स्क में आयोजित होगा। आयात की यह उपलब्धि हिमाचल के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

# नकाबपोशों ने दंपती पर किया हमला

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** रायसन स्थित चंडीगढ़ बाजार में शुक्रवार की रात एक दंपती पर नकाबपोश हमलावरों ने हमला कर दिया, जिससे बाजार में दहशत का माहौल बन गया। करवाचौथ का व्रत तोड़कर घूमने निकले सचिन सिंह और उनकी पत्नी कमला देवी पर अचानक हमला हुआ। हमलावरों ने कंबल से चेहरे छिपाए हुए थे। कमला देवी के चेहरे पर चोटें आई हैं। दंपती ने हिम्मत दिखाते हुए एक हमलावर को पकड़कर कुल्लू पुलिस को सौंप दिया, जबकि दो अन्य हमलावर भागने में सफल रहे। सचिन सिंह के अनुसार, उन्होंने बाजार में शोर मचाकर लोगों को इकट्ठा किया, लेकिन हमलावर पहले ही फरार हो चुके थे।

स्थानीय लोग इस घटना से चिंतित हैं और पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। पूर्व पंचायत प्रधान व जिला परिषद सदस्य शकुंतला देवी ने बताया कि रायसन में बार-बार ऐसी वारदातें होती रहती हैं, और पुलिस स्टेशन दूर होने के कारण अपराधी आसानी से फरार हो जाते हैं। कुल्लू पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पकड़े गए हमलावरों में एक नाबालिग भी शामिल है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषियों को सजा दिलाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# शशांक ने कार और धीर्तिमान ने बाइक रेस में बना रखी है बढ़त

अनंत ज्ञान, मनाली



नौ अक्तूबर से चल रही रैली ऑफ हिमालय के तीसरे दिन शनिवार को रफ्तार से सौदागरों की गाडियों व बाइक्स मनाली के प्रीणी से हामटा पीक के बीच दौड़ीं। इसमें देशभर से आए करीब 140 प्रतिभागी ले रहे हैं। इसमें महिलाएं भी शामिल हैं। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने रैली को हरी झंडी दिखाई। आज 12 अक्तूबर को मनाली में समापन होगा। रैली के तीसरे दिन भी शशांक ने कार और धीर्तिमान ने बाइक रेस में बढ़त बना रखी है।


पहले रैली को लाहल से गुजरना था, लेकिन हिमपात के कारण नहीं हो पाई है। रैली के आयोजक सुरेश राणा ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देना, सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना और एडवेंचर स्पोर्ट्स कौशल का विकास करना है। इस आयोजन का लक्ष्य केवल उत्कृष्ट स्पोर्ट्समैन शिप को बढ़ावा देना ही नहीं, बल्कि स्थानीय पर्यटन उद्योग और आर्थिक गतिविधियों को भी मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि आज रविवार को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन होगा।

# मनाली व लाहुल घाटी में अब पहुंच रहे पर्यटक

## अटल टनल रोहतांग पार बर्फ के दीदार को लग रहा मेला, पर्यटन कारोबार को मिल रही संजीवनी

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान

**केलांग।** आपदा की मार झेल रहे कुल्लू व लाहुल स्पीति जिला में अब धीरे धीरे पर्यटकों की चहलकदमी बढ़ने लगी है। शनिवार को सप्ताहांत के चलते मनाली व लाहुल घाटी में पर्यटकों की संख्या में हल्की बढ़ोतरी हुई है। मनाली बस स्टैंड में बाहरी राज्यों से काफी संख्या में वोल्वो बसों में पर्यटक पहुंचे। वहीं, लाहुल घाटी में भी अब पर्यटक पहुंच रहे हैं। अटल टनल रोहतांग के साउथ पोर्टल और नॉर्थ पोर्टल के पास हाल ही में हुई बर्फबारी पर्यटन कारोबार के लिए संजीवनी मानी जा रही है। बरसात में जहां मनाली का पर्यटन कारोबार पूरी तरह से प्रभावित हुआ था वहीं अब अटल टनल के साउथ पोर्टल और लाहुल के सिस्सू का नज़ारा पर्यटकों को अपनी और आकर्षित कर रहा है जिससे मनाली के पर्यटन कारोबार को पंख लग सकते हैं



पिछले 10 दिनों से पर्यटकों का कुल्लू मनाली की और आना आरंभ हो गया है। जानकारी के अनुसार जैसे ही बर्फबारी की तस्वीर वायरल हुई तो अब बाहरी राज्यों के पर्यटकों ने मनाली और लाहुल आने की योजना बनाई है उम्मीद है कि अगले कुछ दिनों में मनाली के पर्यटन कारोबार के अच्छे दिन आएंगे मनाली के ऊपरी क्षेत्रों और समूचे लाहुल स्पीति में बीते दिन हुई बर्फबारी के बाद अब सैलानियों ने भी मनाली का रुख करना शुरू कर दिया है इसके चलते इन दोनों मनाली के आसपास के पर्यटन स्थल सैलानियों से गुलजार होने लगे हैं।

# आपदा में जनता बेहाल, कांग्रेस कर रही 'वोट चोर गद्दी छोड़' की नौटंकी: सुरेंद्र

अनंत ज्ञान, बंजार

बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा है कि जहां एक ओर प्रदेश की जनता अभी तक भीषण आपदा की मार झेल रही है, सैकड़ों परिवार बेघर हैं, सड़कें और खेत तबाह पड़े हैं । वहीं कांग्रेस पार्टी को जनता की नहीं, सत्ता की चिंता सताने लगी है। वोट चोर गद्दी छोड़ जैसे नारे लगाकर कांग्रेस ने यह साफ़ कर दिया है कि उसे न जनता के दर्द से कोई लेना-देना है, न राहत और पुनर्वास कार्यों से उसका एकमात्र एजेंडा सस्ती राजनीति और नौटंकी करना रह गया है। बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जब प्रशासन और आम लोग मलबा हटाने में जुटे हैं, कांग्रेस के नेता पोस्टर चिपकाने और झंडे लहराने में व्यस्त हैं। आधारहीन मुद्दों को हवा देना व अपनी तथा जनता का ऊर्जा व्यर्थ करना ही कांग्रेस सरकार की वास्तविक नीति है। कांग्रेस को शायद लगा है कि राहत सामग्री से ज़्यादा असरदार राहत जनता का ध्यान भटकाना रहेगा, उन्हें समझना चाहिए कि जनता अब पोस्टरों से नहीं, मदद से राहत चाहती है।



शौरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आज उस मोड़ पर पहुंच चुकी है जहां न उसके पास संवेदना बची है, न ज़मीन। जनता की पुकार के बीच 'गद्दी छोड़' का राग अलापना बताता है कि कांग्रेस नेताओं की संवेदनाएँ अब सिर्फ माइक और मंच तक सीमित रह गई हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता दिन-रात राहत कार्यों में लगे हैं, जबकि कांग्रेस को आपदा में भी अवसर नज़र आता है। कांग्रेस के पास अब न नीति बची है, न नीयत बस नारा ही शेष है, और वह भी जनता के ग़ुस्से में खो जाएगा।

# चेस व रेसलिंग में कुल्लू कॉलेज ने जीता गोल्ड

## टेबल टेनिस में मिला कांस्य पदक, प्राचार्य ने दी शुभकामनाएं



अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

**सरदार** पटेल विश्वविद्यालय, मंडी स्तरीय इंटर कालेज चैम्पियनशिप में राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस दौरान चेस और रेसलिंग में गोल्ड जीतने में कामयाब रहे।

टेबल टेनिस का कांस्य पदक भी कुल्लू कॉलेज के नाम रहा। प्राचार्य डॉ. राकेश राणा ने बताया कि राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, सुंदरनगर में चेस और रेसलिंग चैम्पियनशिप का आयोजन हुआ था। चेस में राजकीय महाविद्यालय कुल्लू के छात्र अर्जुन ठाकुर, रौनिक ठाकुर, यशपाल, हितेश कुमार व सुशांत ने अपनी प्रतिभा के दम पर गोल्ड जितने में कामयाब रहे। छात्रा वर्ग के 72 किलो की रेसलिंग में तुवन्ती ने गोल्ड और 68 किलो में स्वींकी ने कांस्य पदक जीता। उन्होंने बताया कि गोल्ड जीतने वाले दोनों खिलाड़ियों कैप्टन अर्जुन ठाकुर और तुवंती का चयन इंटर यूनिवर्सिटी टीम मे किया गया है।

इस दौरान टीम का नेतृत्व प्रो. सीमा और प्रो. दिनेश ने किया। इसी प्रकार, सिराज कालेज में आयोजित टेबल टेनिस प्रतियोगिता में दीक्षा, सिमरन, निकीता, मिंगमर और पूजा ने कांस्य पदक जीता है। प्राचार्य ने विजेजा खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभाकामनाएं दी है। छात्रों की टीम तैयार करने में प्रो. जय प्रकाश, डॉ. सुनील शर्मा, प्रो. दीप लाल और प्रो. गोपाल का सराहनीय योगदान रहा।

# सरकार! आपदाग्रस्त तलाड़ा पंचायत की ओर भी दे ध्यान

**अनंत ज्ञान, सैंज।** जिला कुल्लू की सैंज घाटी के ग्राम पंचायत तलाड़ा अभी भी खतरे में है और कई जगह पर भूस्खलन का खतरा बना हुआ है। ऐसे में प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन को इन भूस्खलन वाली जगह पर विशेष कार्य करने चाहिए। ताकि दोबारा से भूस्खलन ना हो सके। तलाड़ा पंचायत के उपप्रधान सुभाष ठाकुर ने बताया कि हालांकि अब घाटी में मौसम साफ हो गया है। लेकिन कई जगह पर अभी भी भूस्खलन का खतरा लगातार बना हुआ है। इसके बारे में पहले भी प्रशासन और सरकार को अवगत करवाया गया है। लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई काम नहीं हो पाया है। सुभाष ठाकुर का कहना है कि साल 2025 की बरसात के चलते यहां दर्जनों परिवार आज खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए हैं। हालांकि अब पंचायत में जनजीवन सामान्य हो रहा है। लेकिन अभी भी कई लोग अपने घरों से बाहर रह रहे हैं। क्योंकि कुछ घरों को आंशिक रूप से नुकसान पहुंचा है। लेकिन वह घर अभी भी रहने के लायक नहीं है। पंचायत उपप्रधान सुभाष ठाकुर ने कहा कि अब प्रशासन और सरकार को चाहिए की भी वे तलाशा पंचायत को दोबारा से स्थापित करने की दिशा में कार्य करें और जहां-जहां भूस्खलन का खतरा है। उसे रोकने के लिए भी यहां कार्य किया जाए। इसके अलावा जिन लोगों के घर और जमीन ने बरसात में बह गई है। उन परिवारों को भी दूसरी जगह पर स्थापित करने के लिए सरकार को प्रयास करने चाहिए।

**पंचायत के उपप्रधान सुभाष ने रखी मांग**

# विधायक ने आंगनबाड़ी केंद्र का नया भवन किया समर्पित

## कहा, कीर्तिक नाले को जल्द करेंगे पक्का, हुरलिंग में अनुराधा का हुआ गर्मजोशी से स्वागत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा

**लाहौल-स्पीति** की विधायक अनुराधा राणा अपने स्पीति दौरे के दौरान शनिवार को ग्राम पंचायत हूरलिंग पहुंचीं। जहां ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक ने आंगनबाड़ी केंद्र के नए भवन का उद्घाटन कर इसे जनता को समर्पित किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य एवं पोषण सुधार के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वह नवनिर्मित भवन का बेहतर रखरखाव करें। ताकि यह आने वाले वर्षों तक समुदाय के लिए उपयोगी बना रहे।

ग्रामीणों ने विधायक के निरंतर प्रयासों की सराहना की और महिला मंडल भवन सहित पिछली मांगों को पूरा करने के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया। पंचायत प्रधान पद्मा ने जनता की ओर से विधायक का आभार जताया। इस मौके पर ग्रामीणों ने कीर्तिक नाला को पक्का करने की मांग भी रखी। जिस पर विधायक अनुराधा राणा ने शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस दौरान कार्यकारी एडीसी काजा शिखा, बीडीओ अंशुल सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इसके साथ ही ब्लॉक अध्यक्ष सरतोलो, टीएसी छेवांग, राजेंद्र कारपा, केटी बोध, ब्लॉक सचिव तनु, ब्लॉक मीडिया कोऑर्डिनेटर यश, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष रवि बोध, युवा कांग्रेस मीडिया कोऑर्डिनेटर छेवांग, काजा प्रधान सोनम, बूथ अध्यक्ष संजू, नोरफेल, मदन सहित कई उपस्थित रहे।

### ग्यू गोंपा, मम्मी और लाइब्रेरी की छत के निर्माण के लिए धनराशि मंजूर

**अनंत ज्ञान, काजा।** लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने शनिवार को ग्राम पंचायत ग्यू के ग्यू गांव में नए आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन कर उसे जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर विधायक ने गांव वासियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान का पूर्ण आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ग्यू गांव की सीमांत स्थिति को देखते हुए यहां विकास कार्य को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा। विधायक ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि यदि किसी भी प्रकार की अन्य समस्या हो तो वे उन्हें सीधे अवगत कराएं। उन्होंने बताया कि ग्यू गोंपा, मम्मी और लाइब्रेरी की छत के निर्माण के लिए आवश्यक धनराशि मंजूर कर दी गई है। विधायक ने कहा कि विकास कार्यों में धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। इस अवसर पर एडीसी शिखा, बीडीओ अंशुल, प्रधान पद्मा दोरजे, टीएसई छेवांग रिगजिन, ब्लॉक अध्यक्ष सरतोलो, राजेंद्र कारपा, पूर्व प्रधान रंगीला राम, बूथ अध्यक्ष दौरजे छेरिंग, लामा छेरिंग तोबगे, काजा प्रधान सोनम, यश, तनु, रवि, छेवांग सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।




### बॉर्डर क्षेत्र का दौरा कर जवानों से की मुलाकात, समस्याएं सुनीं

**अनंत ज्ञान, काजा।** लाहुल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने गांव के समीपवर्ती बॉर्डर क्षेत्र का दौरा किया और वहां तैनात भारतीय जवानों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जवानों के साथ बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और विभिन्न आवश्यकताओं की जानकारी ली। विधायक राणा ने सड़क निर्माण कार्य की स्थिति की जानकारी लेते हुए जवानों से इस कार्य से जुड़ी समस्याएं भी समझीं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार इस दिशा में गंभीर है और जल्द समाधान की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। विधायक राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार सुरक्षाबलों के हितों को सर्वोपरि मानती है और उनकी हर समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# मनु रंगशाला को चारों ओर से लोहे की ग्रिल लगाकर किया जाएगा बंद

अनंत ज्ञान, मनाली

पर्यटन नगरी का सुप्रसिद्ध राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवल इस साल कड़ी सुरक्षा के बीच होगा। मनु रंगशाला में पिछले विंटर कार्निवल में हुई घटना जैसी पुनरावृति को रोकने के लिए मनुरंगशाला को चारों तरफ से बंद किया जाएगा। मनु रंगशाला में सिर्फ दो ही गेट रहेंगे। गौरतलब है कि जनवरी महीने में हुए विंटर कार्निवल में सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान हुए झगड़े में एक युवक की मौत हो गई थी। हत्या के इस मामले के आरोपी को गिरफ्तार भी किया गया था। इस साल पुलिस किसी भी तरह की चूक नहीं बर्तना चाहती। इसके लिए अभी से तैयारियां की जा रही है।

मनु रंगशाला को लोहे की ग्रिल लगाकर चारों तरफ से बंद किया जाएगा। भीतर प्रवेश करने और बाहर निकलने के लिए अलग अलग गेट बनाये जाएंगे। जहां पर घन तलाशी के बाद सभी को भेजा जाएगा। डीएसपी मनाली केडी शर्मा और नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी करुण भरमौरिया ने इस संदर्भ में मनु रंगशाला का निरीक्षण किया और ग्रिल लगाने बारे चर्चा की। नगर परिषद कार्यालय के समीप भी ग्रिल लगाकर आवाजाही बंद कर डी जाएगी। बीच की गैलरी को भी गेट लगाकर बंद किया जाएगा। प्रवेश के लिए सिर्फ एक या दो गेट ही रहेंगे। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि एसडीएम को इस बारे में लिखा गया था। कार्निवल से पूर्व यह कार्य होगा तो सुरक्षा व्यवस्था बनाने मसन आसानी होगी।

सभी दर्शकों को पूरी चेकिंग के बाद ही भीतर भेजा जाएगा। शराब या बियर की बोतल लेकर जाने वालों को गेट से ही वापस भेजा जाएगा। नशे की हालत में भी किसी को जाने की अनुमति नहीं मिलेगी। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी करुण भरमौरिया ने बताया कि निरीक्षण किया गया है। ग्रिल लगाने के लिए ऐस्टीमेट बनाया जा रहा है। मंजूरी मिलते ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

**पहल** पर्यटन कारोबार को पटरी पर लाने के उद्देश्य से होटल कारोबारी कर रहे सराहनीय पहल

# मनाली में 15 से 17 तक टूरिज्म इंफ्लुएंसर मीट

एम बोकटापा, अनंत ज्ञान

**मनाली।** मनाली एक अंतरराष्ट्रीय पर्यटक स्थल है लेकिन पिछले तीन सालों से यहां का पर्यटन सीजन लगातार हिचकोले खा रहा है। वहीं, आपदा के कारण मनाली के पर्यटन कारोबार को भारी नुकसान झेलना पड़ा है। इसी कड़ी में अब मनाली के पर्यटन कारोबारी खुद अपने दम पर मनाली में इंफ्लुएंसर मीट का आयोजन कर रहे है। मनाली में इस तरह का यह पहला आयोजन है। 15 से 17 अक्तूबर तक होने वाले इस आयोजन में देशभर से 70 इंफ्लुएंसर जुटेंगे। मनाली के पर्यटन विकास को लेकर यह आयोजन मील पत्थर साबित होगा।

प्राकृतिक आपदाओं के कारण ठप हुए पर्यटन कारोबार को पटरी पर लाने के उद्देश्य से मनाली के होटल कारोबारी यह सराहनीय पहल करने जा रहे है। पर्यटन कारोबार से जुडी विभिन्न ऐसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने एक मंच पर आकर यह पहल की है। इस मीट में 35 इंफ्लुएंसर हिमाचल और 35 के लगभग देश के अन्य राज्यों से मनाली आ रहे हैं। इसमें न तो सरकार और न ही प्रशासन का कोई योगदान है। पर्यटन कारोबार से जुडी ऐसोसिएशन इसका आयोजन कर रही है। 15 अक्टूबर को सभी इंफ्लुएंसर मनाली पहुंच जाएंगे। 16 को सभी पैराग्लाडिंग, राफ्टिंग के अलावा अन्य पर्यटन स्थलों में जाकर वहां की वस्तु स्थिति से अवगत होंगे। इंफ्लुएंसर मीट के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया जाएगा।


पत्रकारों से बातचीत में आयोजन समिति संयोजक रोशन ठाकुर व अन्य।

शनिवार को मनाली में पत्रकारों से बातचीत में आयोजन समिति संयोजक रोशन ठाकुर ने कहा कि 17 अक्तूबर को मेपल होटल में इंफ्लूएंसर मीट होगी। यह आयोजन मनाली में थमे हुए पर्यटन कारोबार को गति देने के लिए किया जा रहा है। सभी पर्यटन ऐसोसिएशन इस आयोजन में अपना सहयोग दे रही है। बाईक, टैक्सी, पैराग्लाडिंग समेत सभी गतिविधि कि व्यवस्था की गई है। देशभर के इंफ्लुएंसर मनाली में घूमफिर कर मनाली की वस्तुस्थिति जनता तक पहुंचाएंगे। इस अवसर पर विशाल ठाकुर, पार्थ शर्मा, राजा ठाकुर, सुमित ठाकुर, के अलावा गेर सरकारी संगठनों के दर्जनों सदस्यों ने भाग लिया।

गौर रहे कि मनाली का मई जून महीना भारत पाकिस्तान युद्ध की आशंका के कारण पीट गया जबकि जुलाई, अगस्त, सितंबर में प्राकृतिक आपदाओं ने मनाली की कमर तोड़ डाली। 2023 और अब 2025 में भी आपदा के कारण पर्यटन नगरी के कारोबार पर काफी असर पड़ा है। अब इस माहौल से निकलने के लिए मनाली के कुछ एक दूरदर्शी पर्यटन कारोबारियों ने इस मीट का आयोजन करने का निश्चय किया है।

# निरमंड कॉलेज के अजय और कुश प्री आरडीसी-2 कैंप के लिए चयनित

जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान


प्री आरडीसी-2 कैंप के लिए चयनित अजय व कुश।

**आनी।** राजकीय महाविद्यालय निरमंड के एनसीसी कैडेटों ने एक बार फिर कॉलेज का नाम रोशन किया है। एनएचपीसी बनिखेत में 28 सितंबर से 6 अक्तूबर तक आयोजित सीएटीसी-209 प्री आरडीसी-1 कैंप में महाविद्यालय के कैडेट अजय (बीए तृतीय वर्ष) और कुश (बीए प्रथम वर्ष) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्री आरडीसी-2 कैंप, सोलन के लिए चयन प्राप्त किया है। यह शिविर 9 एचपी बीएन एनसीसी डलहौजी द्वारा आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य गणतंत्र दिवस शिविर के लिए प्रतिभाशाली कैडेटों का चयन करना था। अजय का चयन संस्कृति वर्ग में जबकि कुश का चयन ड्रिल वर्ग में हुआ है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राजन देवी नेगी ने दोनों कैडेटों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत और एनसीसी इकाई के अनुशासित प्रशिक्षण का परिणाम है। वहीं, एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर कैप्टन डॉ. संदीप कुमार ठाकुर ने कहा कि एनसीसी युवाओं में राष्ट्रभक्ति, नेतृत्व और सेवा की भावना को प्रबल बनाती है। महाविद्यालय परिवार ने दोनों कैडेटों को उनकी सफलता पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रताप सिंह रावत बने भाजपा के नए जिला प्रवक्ता



**अनंत ज्ञान, नाहन।** भारतीय जनता पार्टी ने प्रताप सिंह रावत को नवनियुक्त जिला प्रवक्ता नियुक्त किया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए पार्टी और संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए रावत ने कहा कि वह संगठन द्वारा जताए गए भरोसे पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। मीडिया को जारी अपने बयान में रावत ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, सांसद सुरेश कश्यप आदि का विशेष आभार प्रकट किया। रावत ने कहा कि वह संगठन को और अधिक मजबूती देने के लिए कार्य करेंगे और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य पूरी निष्ठा से करेंगे।

### प्रवासी मजदूर साथी की हत्या कर फरार

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** थाना पांवटा साहिब के तहत हिमुडा कॉलोनी में एक प्रवासी मजदूर ने अपने साथी की हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार 10 अक्तूबर की रात्रि को पांवटा साहिब में हिमुडा कॉलोनी निर्माणाधीन मकान में काम करने वाले 2 प्रवासी मजदूरों की किसी बात को लेकर आपसी लड़ाई हो गई। इस पर एक मजदूर रघुवीर निवासी बुढ़नपुर माजरी मौलीजागरा पंचकूला ने अपने साथी रामरछा निवासी दहाउर डा लक्ष्मीगंज तहसील पटरेना जिला कुशीनगर की लोहे के सरिए से मार मार कर हत्या कर दी और मौका से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### संजय अवस्थी 12 अक्तूबर को अर्की प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी 12 अक्तूबर को अर्की विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। संजय अवस्थी सायं 4.00 बजे अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत रोहांज जलाना के राहु ग्राम में आयोजित नवरंग ग्रामीण प्रतिभा मेला के समापन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। विधायक तदोपरांत जनसमस्याएं भी सुनेंगे।

### जूनियर कबड्डी में शोघी की टीम बनी विजेता

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** कंडाघाट उपमंडल के साधुपुल में चल रहे ऐतिहासिक दुर्गा भवन मेले के दूसरे दिन शनिवार को जूनियर कबड्डी के फाइनल मैच में शोघी की टीम ने वीवीएन कल्होग की टीम को हराया। तीन दिवसीय मेले का शुक्रवार को शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रहे रवि मेहता और चायल होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा ने उद्घाटन किया था । इसके बाद मेले में सीनियर, महिला कबड्डी के लीग मैच चल रहे है। जूनियर कबड्डी का फाइनल मैच शनिवार को खेला गया। शनिवार को मेले के मुख्यातिथि उद्यमी सूर्योदय मिनोचा और शेर्या नेगी मिनोचा थे। उनके स्वागत के साथ मेला कमेटी के प्रधान पवन ठाकुर ने साधुपुल के प्राचीन माता महिषासुर मर्दिनी मंदिर का इतिहास बताया। मुख्यातिथि ने कहा कि मेले हिमाचल की संस्कृति की धरोहर है हमें इसे संजोए रखना है। रविवार को मेले के समापन मौके पर सीनियर और महिला कबड्डी के फाइनल, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। कबड्डी के फाइनल विजेता और उपविजेता टीम को नकद पुरस्कार और ट्रॉफी दी जाएगी।

### वैद्य राम बिंदल के समर्थन में उपायुक्त से मिला प्रतिनिधिमंडल

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं कारोबारी वैद्य राम कुमार बिंदल के खिलाफ दर्ज एक कथित मामले में पुलिस की तत्पर कार्रवाई को लेकर समाज में उपजे रोष के चलते भाजपा नेताओं और सोलन की अनेक सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त मनमोहन शर्मा से उनके निवास पर मिला। इस अवसर पर पूर्व मंत्री डॉ. राजीव सैजल, पूर्व विधायक केएल ठाकुर और परमजीत सिंह पम्मी, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रश्मि धर सूद, संजीव कटवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष रतन सिंह पाल, नगर निगम सोलन की उपमहापौर मीरा आनंद, शहरी, पुरुषोत्तम गुलरिया भाजपा अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाह कश्मीर चंद, व्यापार मंडल सोलन के प्रधान कुशल जेठी, अग्रवाल सभा के वरिष्ठ उपप्रधान सतीश बंसल, श्री सनातन धर्म सभा सोलन के महासचिव राकेश शर्मा, दुर्गा संकीर्तन सेवा सभा के प्रधान रमेश सिंगला, आर्य समाज सोलन के संजय मलिक, वैश्य समाज सोलन के राकेश अग्रवाल, श्री दुर्गा सेवा समिति के नीरज वर्मा, श्याम परिवार सोलन ट्रस्ट और शिवदयाल ट्रस्ट सोलन भरत साहनी धर्मेंद्र ठाकुर कृष्णा ठाकुर, विवेक डोभाल, लाविका राजू कुदरा, कमल शर्मा रचित साहनी, पंकज मंजुल अग्रवाल, नीरज वर्मा,सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सपरून में पार्किंग-फुटपाथ का इंतजार लंबा

## फुटपाथ का निर्माण कछुआ गति से, पार्किंग के टेंडर में देरी

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**





सोलन के सपरून में अधर में पड़ा पार्किंग और फुटपाथ का कार्य।

**सोलन।** नगर निगम सोलन सपरून में फुटपाथ सुविधा और पार्किंग का इंतजार लम्बा होता जा रहा है। कारण है कि इस कार्य को शुरू हुए करीब एक वर्ष होने को है, पर किन्हीं कारणों से यह कार्य लंबित है। स्थानीय वार्ड 13 और 14 के वासियों को उम्मीद थी कि दिवाली तक यह कार्य पूरा हो जाएगा पर ऐसा संभव नहीं लग रहा है। कार्य में देरी का मुख्य कारण बजट बताया जा रहा है।

बता दें कि सपरून में वार्ड 14 के पार्षद व पूर्व डिप्टी मेयर राजीव कौड़ा प्रयासों से पार्किंग, फुटपाथ और वाटर स्टोरेज टैंक का निर्माण किया जा रहा है। इन कार्यों में 50 लाख से अधिक राशि खर्च होगा। यहां पर पार्किंग का निर्माण तो लगभग पूरा हो चुका है पर इसके टेंडर नहीं होने से यहां मुफ्त में वाहन पार्क हो रहे हैं, जबकि निगम ने इस कार्य पर करीब 10 लाख रुपए खर्च किए हैं। वाहनों की पार्किंग पर चैक नहीं होने से यहां पर शरारती तत्वों को जमावड़ा रहता है। पार्किंग के टेंडर होने से यहां 30 से 40 वाहनों की पार्किंग सुविधा मिल जाएगी। साथ ही नगर निगम को आय भी होगी। इससे वार्ड 13 और 14 के वाहन चालकों को पार्किंग की पर्याप्त सुविधा मिलेगी।

### फुटपाथ का निर्माण अधर में

**सपरून** में फुटपाथ का निर्माण भी अधर में है। समय रहते सपरून में फुटपाथ बनने से शहर के चार वार्डों के लोगों को सुविधा मिलेगी। वार्ड-14 की हाउसिंग कॉलोनी, कमल ऑर्चर्ड सोसायटी, वार्ड-13 का क्लीन, सपरून पंचायत, वार्ड -16 का रबोन, आंजी, तथा वार्ड -1 का देउंघाट सहित बाहर से आने वाले यात्रियों की आवाजाही सुगम होगी। इसी मार्ग से रोज उप नगरों और आसपास के गांव से सैंकड़ों की संख्या में लोग सोलन शहर पहुंचतेहैं। फुटपाथ की कमी से लोगों को जान जोखिम में डालकर वाहनों के रश के बीच चलने को मजबूर होना पड़ता है। यदि समय रहते फुटपाथ का निर्माण होता है तोलोगों को जल्द पैदल चलने की आसानी होगी।

### ऑस्ट्रेलियाई तकनीक से बनेगा वाटर स्टोरेज टैंक

**यहां** पर साइल टेस्टिंग के बाद यहां वाटर स्टोरेज टैंक भी बनेगा। दोनों वार्डो में पानी की समस्या को देखते हुए यहां पर एक ऑस्ट्रेलियाई तकनीक से वॉटर टैंक का भी निर्माण किया जाएगा। इसके लिए भूमि सुधार का कार्यक्रम चल रहा है। वाटर स्टोरेज टैंक के निर्माण में 15 लाख रुपए खर्च होंगे। सपरून में पहले ही फुटपाथ का निर्माण चल रहा है। इस कार्य में वॉटर पाइपलाइन आड़े आ रही थी लेकिन अब वाटर लाइन को शिफ्ट कर दिया गया है। ऐसे में लोगों को अब फुटपाथ की सुविधा मिलेगी।

**सपरून** में फुटपाथ और पार्किंग निर्माण में अंतिम चरण में चल रहा है। मौसम की परिस्थितियों के चलते काम में रूकावट आई। फुटपाथ का निर्माण जल्द पूरा हो। पार्किंग के टेंडर लगाने के लिए नगर निगम से आग्रह किया गया है।
**-राजीव कौड़ा, पार्षद व पूर्व डिप्टी मेयर, नगर निगम सोलन।**

# थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल के मेधावी किए सम्मानित

**प्रेम कश्यप, अनंत ज्ञान**

**कंडाघाट।** राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल (आरएमएस) चायल के शताब्दी समारोह में भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे। समारोह में पुरस्कार वितरण का विशेष सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को सम्मानित किया गया।

कक्षा 12 के कैडेट 4319 निखिल प्रताप सिंह को सर्वश्रेष्ठ सीनियर कैडेट घोषित किया गया, जबकि कक्षा 9वीं के कैडेट 4490 आर्यन सिंह को सर्वश्रेष्ठ जूनियर कैडेट का खिताब मिला। कक्षा 8 की कैडेट 4535 आराध्या को सर्वश्रेष्ठ गर्ल कैडेट के सम्मान से नवाजा गया। हाउस कैटेगरी में मिथिला हाउस को सर्वश्रेष्ठ जूनियर हाउस और उज्जैन हाउस को सर्वश्रेष्ठ सीनियर हाउस घोषित किया गया। इन पुरस्कारों ने छात्रों की मेहनत, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को उजागर किया, जिससे विद्यालय समुदाय में उत्साह और गर्व का माहौल बना। मुख्यातिथि को सम्मान स्वरूप प्रिंसिपल द्वारा स्मृति चिह्न भेंट किया गया।

जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने विद्यालय को उसकी 100 वर्षों की उत्कृष्ट सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के लिए विशेष सेंटेनरी ट्रॉफी प्रदान की। विद्यालय की पर्यावरणीय प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए 'एक पेड़ मां के नाम' थीम के तहत 100 पौधों के रोपण अभियान की शुरुआत मुख्यातिथि द्वारा की गई, जो सेवा और बलिदान के 100 वर्षों को हरित श्रद्धांजलि स्वरूप समर्पित था। इस भव्य शताब्दी समारोह में कई विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया, जिनमें ले. जनरल एमके कटियार (आर्मी कमांडर), मेजर जनरल प्रिंस दुग्गल, मेजर जनरल वीके भट्ट, एवीएम गुरचरण सिंह भोगल (सबसे सीनियर जॉर्जियन) और मनमोहन शर्मा, आईएएस, उपायुक्त सोलन शामिल थे।



थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल के मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए।

## डीसीएम लैंड ऑफ गॉड्स स्कूल के स्टूडेंट्स ने किया डाकघर का भ्रमण



शैक्षणिक भ्रमण के दौरान डाकघर में स्कूली छात्र।

**अनंत ज्ञान, अर्की**

डीसीएम लैंड ऑफ गॉड्स स्कूल के कक्षा पहली और दूसरी के विद्यार्थियों ने अर्की स्थित डाकघर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरे का उद्देश्य बच्चों को वास्तविक जीवन से जोड़ना और डाकघर की कार्यप्रणाली को समझाना था।

डाकघर के सब पोस्ट मास्टर भूपेश कुमार ने बच्चों को डाक टिकट, पोस्टकार्ड, लिफाफे तथा पत्रों की यात्रा की जानकारी रोचक तरीके से दी। बच्चों ने खुद पोस्टकार्ड लिखे, लिफाफे तैयार किए और डाक टिकट लगाकर उन्हें पोस्ट करना सीखा। इस अनुभव ने बच्चों में संचार के पारंपरिक तरीकों के प्रति रुचि और समझ को बढ़ाया। विद्यालय की प्रिंसिपल रीना पांटा ने इस गतिविधि की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे व्यावहारिक अनुभव बच्चों में रचनात्मकता, जिज्ञासा और सीखने की प्रेरणा को बढ़ाते हैं।

## करियर अकादमी की 9 छात्राएं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान, नाहन।** करियर अकादमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नाहन की छात्राओं ने जिला स्तरीय अंडर-19 खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। 6 से 8 अक्तूबर तक बरू साहिब में हुई इस प्रतियोगिता में स्कूल की 22 छात्राओं ने भाग लिया। फुटबॉल टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उपविजेता स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की 9 छात्राओं वंदना, वर्षा (बास्केटबॉल), अपूर्वा, तपुर राणा, वंशिका, सृष्टि, सरन्या (फुटबॉल), नव्या (टेबल टेनिस) और अपूर्वा (जैवलिन थ्रो) का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो 14 से 16 अक्तूबर तक बिलासपुर में होगी। 43100 मीटर रिले में रिया, वंशिका, तन्वी व वर्षा ने कांस्य पदक, और अपूर्वा ने जैवलिन थ्रो में रजत पदक जीता। प्रधानाचार्य राजेश सोलंकी व प्रबंधन ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# माजरा पंचायत में नाबालिग बच्चों से उठवाया जा रहा है बाजार का कूड़ा

**अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान**



**पांवटा साहिब।** किताब उठाने की उम्र में मासूम बच्चे झाड़ू उठा रहे हैं। बाजार की नालियां साफ कर रहे हैं न उन्हें मास्क दिए गए हैं, न ही ग्लव्स। सुरक्षा के नाम पर बस लापरवाही की मिसाल। यह मामला विकास खंड पांवटा साहिब की माजरा पंचायत का बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, जो सफाई कर्मचारी पहले यहां कार्यरत था, वह बीमार चल रहा है। लेकिन पंचायत की ओर से न तो उसे आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाए गए और न ही उसकी जगह किसी वयस्क सफाई कर्मचारी की नियुक्ति की गई। अब छोटे-छोटे बच्चे पूरे बाजार का कूड़ा उठाने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन बच्चों से यह काम बहुत कम पैसों पर करवाया जा रहा है, जो कि न सिर्फ बाल श्रम कानून का उल्लंघन है बल्कि मानवता के नाम पर एक कलंक भी है। कुछ स्थानीय लोगों ने, नाम न बताने की शर्त पर, बताया कि उन्होंने इस पूरे मामले की जानकारी 'मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था' को देने की अपील की है,ताकि संस्था इस पर उचित कार्यवाही के लिए प्रशासन का ध्यान आकर्षित कर सके। संस्था ने इस पर कड़ी नाराजगी जताई है और सवाल उठाया है।

# राजनीति से ऊपर उठकर मानवता की सेवा में जुटे उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान

**ओम शर्मा, अनंत ज्ञान**

**एक साल से पीजीआई व एम्स बिलासपुर में लगाया जा रहा है लंगर**




पीजीआई में मरीजों और तामीरदारों के लिए उद्योगमंत्री हर्षवर्धन चौहान की टीम द्वारा लगाया गया लंगर।

**बीबीएन।** नेता समाज सेवा की सोच लेकर जनता के बीच आते हैं ओर अपने पार्टी कार्यकर्ताओं और अपने विधानसभा क्षेत्र तक सीमित होकर रह जाते हैं। कुछ ही बिरले नेता ऐसे होते हैं, जो राजनीति से ऊपर उठकर मानवता की निस्वार्थ सेवा की सोच रखते हैं।

मानवता की सेवा की एक अलग सोच के साथ हिमाचल प्रदेश सरकार के उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान पिछले एक वर्ष से पीजीआई ओर एम्स बिलासपुर में मरीजों ओर उनके तामीरदारों के लंगर लगा रहे हैं। इतना ही नहीं कोरोना काल के साथ साथ वर्ष 2023 ओर इस वर्ष प्रदेश में आई आपदा में भी उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने मानवता के सेवा के प्रयास जारी रखे।

मंडी में आई आपदा के दौरान वर्ष 2023 ओर इस बार भी उद्योग मंत्री द्वारा लाखों रुपए की राहत सामग्री भेजी गई। वहीं अपने गृह जिले सिरमौर में भी आपदा प्रभावितों के जख्मों पर मरहम के लिए उन्होंने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। उद्योगमंत्री हर्षवर्धन चौहान के भतीजे गंभीर ठाकुर ने बताया कि हर महीने पीजीआई ओर एम्स बिलासपुर में उद्योग मंत्री द्वारा मरीजों ओर तामीरदारों के लिए लंगर लगाया जा रहा ओर पिछले एक वर्ष से यह सेवा जारी है। यह लंगर सेवा बीबीएन से भेजी जाती है ओर टीम के देखरेख में लंगर वितरित किया जाता है।

इसके अलावा उद्योगमंत्री हर्षवर्धन चौहान द्वारा मंडी ओर सिरमौर में आपदा प्रभावित लोगों की हर तरीके से मदद की जा रही है। लोगों को सरकारी स्तर पर राहत के साथ साथ निजी तौर पर भी राहत के प्रयास जारी हैं। गंभीर ठाकुर ने बताया के भविष्य में भी उनकी पूरी टीम मानवता के सेवा के लिए अपने प्रयास जारी रखेगी।

# सिरमौरी संस्कृति ने जयपुर आसरा के लोकरंग उत्सव में रंग बिखेरे

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**



लोकरंग उत्सव में सिरमौरी नाटी प्रस्तुत करते कलाकार।

गुलाबी नगरी जयपुर के जवाहर कला केंद्र में 28वें राष्ट्रीय लोकरंग उत्सव 2025 का भव्य आयोजन 7 से 17 अक्तूबर तक चल रहा है। इस उत्सव में हिमाचल प्रदेश की आसरा संस्था के कलाकारों ने सिरमौर जनपद की लोक संस्कृति का जीवंत प्रदर्शन किया और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

संस्कृति मंत्रालय और जवाहर कला केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस उत्सव में आसरा के कलाकारों ने गिरिपार के ठोडा नृत्य, रिहाल्टी गी, मुंजरा गी, परात नृत्य और रासा नृत्य जैसी पारंपरिक विधाओं को मंच पर जीवंत किया। पद्मश्री विद्यानंद सरैक एवं डॉ. जोगेंद्र हाब्बी के निर्देशन में प्रस्तुत ये नृत्य जयपुर के दर्शकों द्वारा खूब सराहे गए।

लोक गायक गोपाल हाब्बी, सुनील चौहान, बिमला चौहान की मधुर आवाजों के साथ-साथ संदीप की ढोल, नरेंद्र की करनाल और बलदेव चौहान की बांसुरी ने माहौल को और रंगीन बना दिया। कलाकारों में जोगिंद्र हाब्बी, अमीचंद, चमन, नवीन, दिनेश, सरोज, अनुजा, आरती और प्रीति जैसे नाम शामिल थे, जिन्होंने अपनी प्रस्तुति से राष्ट्रीय स्तर पर सिरमौर की सांस्कृतिक विरासत को मजबूती दी। इस उत्सव में राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, असम, उत्तराखंड, मिजोरम, हरियाणा, मणिपुर और पंजाब के विविध नृत्य और वाद्य प्रस्तुतियाँ भी दिखीं, जिससे पूरे देश की सांस्कृतिक विविधता का अद्भुत संगम बना।

आसरा के डॉ. जोगेंद्र हाब्बी ने कहा कि संस्था का उद्देश्य सिरमौरी लोक नृत्यों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुंचाना और युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना है।

# पेंशनर्स 14 को डीसी के माध्यम से सीएम सुक्खू को भेजेंगे ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

अपने जीवन के चौथे एवं अंतिम पड़ाव पर बैठे हजारों पेंशनर्स के साथ प्रदेश की सुक्खू सरकार ने बहुत बड़ा अन्याय किया है और असंख्य पेंशनर्स छठे वेतनमान आयोग के एरियर और संशोधित ग्रेज्यूटी, कम्यूटेशन सहित अन्य लाभों का इंतजार करते करते स्वर्ग भी पधार चुके हैं ।

हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त फ्रंट के प्रवक्ता रविदत्त भारद्वाज ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि पेंशनर्स के साथ हो रहे अन्याय को किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा जिसके लिए प्रदेश सरकार के खिलाफ जन आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 14 अक्तूबर को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय पर पेंशनर्स संयुक्त फ्रंट द्वारा डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा। जिसमें एक जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 तक रिटायर हुए कर्मचारियों को छठे वेतमान आयोग के बकाया एरियर, संशोधित ग्रेच्युटी, कम्यूटेशन सहित अन्य लाभों का एक मुश्त भुगतान करने का आग्रह किया जाएगा। इसके अतिरिक्त मंहगाई भत्ते की 16 प्रतिशत देय राशि एरियर सहित जारी करने तथा लंबित पड़े मेडिकल बिलों का भुगतान करने बारे मांग की जाएगी। इसके अतिरिक्त कम्यूटेशन अवधि को 15 वर्ष से घटा कर 13 वर्ष करने तथा महालेखाकार कार्यालय में पेंशन के लंबित मामलों समयबद्ध निपटारा करने की मांग की जाएगी।

भारद्वाज ने कहा कि सीएम ने अपने बजट भाषण में तीन प्रतिशत डीए की किश्त 15 मई 2025 के उपरांत जारी करने बारे कहा था परंतु आज तक सरकार की ओर से कर्मचारियों और पैंशनर्स को फूटी कौड़ी भी नहीं मिल पाई है और इस तरह डीए की राशि बढ़कर 16 प्रतिशत देय हो गई है परंतु सरकार पैंशनर्स के लंबित वित्तीय मामलों बारे मूक दर्शक बनकर बैठी है।

## पबियाना स्कूल के भूकंपरोधी मॉडल ने प्रदेशभर में पाया पहला स्थान



शोघी विज्ञान संग्रहालय में पबियाना स्कूल के मॉडल को देखते उपायुक्त व अन्य।

**बीआर चौहान, अनंत ज्ञान**

**राजगढ़।** शिमला के शोघी विज्ञान संग्रहालय में प्रदेश आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के समर्थ-2025 कार्यक्रम के तहत सुरक्षित निर्माण तकनीकों पर राज्य स्तरीय मॉडल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर के स्कूलों, कॉलेजों और तकनीकी संस्थानों से प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी शामिल हुए।

मुख्यातिथि एवं उपायुक्त मुकेश रेपस्वाल ने सभी मॉडल की बारीकी से जांच की और प्रतिभागियों के रचनात्मक प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य आपदा जोखिम न्यूनीकरण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है। शिक्षा खंड राजगढ़ के पबियाना स्कूल की छात्राएं सिमरन ठाकुर और परिधि ठाकुर अपने भूकंपरोधी मॉडल के कारण इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर राज्यभर में विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया। इनके इस नवाचार को मुख्य अतिथि समेत निर्णायक मंडल ने बेहद सराहा।

14 अक्तूबर को मुख्यमंत्री इन छात्राओं को शिमला के रिज मैदान में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित करेंगे। विद्यालय पहुंचने पर छात्राओं और उनके शिक्षक दिनेश शर्मा का भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय में इस जीत की खुशी में बच्चों ने हिमाचली नाटी भी प्रस्तुत की। अब ये छात्राएं राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस 2025 पर शिमला में आयोजित कार्यक्रम में सुखविंद्र सिंह सुक्खू से पुरस्कार प्राप्त करेंगी।

## कांग्रेस नेता नहीं, ड्रामा मास्टर और माफिया नेता हैं प्रदीप चौहान

**अनंत ज्ञान, नाहन।** कांग्रेस नेता प्रदीप चौहान के आरोपों से गरमाई सियासत के बीच आज भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष चरणजीत सिंह चौधरी ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि चौहान के सारे आरोप झूठ और भ्रम फैलाने वाले हैं अगर उनमें ज़रा भी सच्चाई है तो वह सबूत पेश करें, वरना जनता को गुमराह करना बंद करें। चरणजीत चौधरी ने तीखे लहजे में कहा कि प्रदीप चौहान को पहले ट्यूशन लेनी पड़ेगी, ताकि उन्हें सच्चाई का ज्ञान हो सके।

उन्होंने कहा कि चौहान की प्रेस वार्ता किसी मंच से दिए गए भाषण जैसी थी न तथ्य ना सबूत, बस दिखावा। भाजपा नेता ने कहा कि चौहान खुद तय नहीं कर पा रहे कि वो कांग्रेस के नेता हैं , मजदूर नेता या माफिया नेता। जनता अब उन्हें इन्हीं नामों से पहचानने लगी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार को तीन साल हो गए हैं, लेकिन चौहान के क्षेत्र में सिर्फ दो किलोमीटर सड़क पक्की हो पाई है। आंजभोज क्षेत्र के दो दर्जन से ज्यादा संस्थान बंद हैं, लोग परेशान हैं और प्रदीप चौहान मीडिया में बयानबाजी कर रहे हैं। भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि जिस पंचायत से चौहान ताल्लुक रखते हैं , वहां के अंबीवाला गांव में आपदा से दर्जनों परिवारों को नुकसान हुआ, लेकिन उन्होंने आज तक वहां झांककर नहीं देखा। उन्होंने कहा कि विधायक सुखराम चौधरी ने पांवटा के विकास के लिए दिन-रात काम किया है। खोदरी-माजरी सड़क को मेजर डिस्टिक रोड का दर्जा दिलाना उनका बड़ा कदम था। पांवटा का कोई भी गांव अब सड़क से अछूता नहीं है।

**जागरूकता** राजकीय महिला पॉलिटेक्निक में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर किया जागरूक

# हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति ने जगाई मानसिक स्वास्थ्य की अलख

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट**



कंडाघाट में आयोजित विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम में भाग लेते प्रतिभागी व विशेषज्ञ।

हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर राजकीय महिला पॉलिटेक्निक संस्थान, कंडाघाट में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और नशे जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जनभागीदारी सुनिश्चित करना रहा।

कार्यक्रम प्रभारी जसपाल सिंह ने समिति के राज्य और जिला सदस्यों का स्वागत किया। समिति के राज्य सचिव ने मानसिक स्वास्थ्य पर बढ़ती चिंता को रेखांकित करते हुए कहा कि पढ़ाई, करियर और पारिवारिक दबाव के चलते युवा वर्ग मानसिक तनाव व नशे की गिरफ्त में आ रहा है। इसी कड़ी में समिति ने 'युवा बचाओ अभियान' की शुरुआत की है। सेवानिवृत्त मनोवैज्ञानिक डॉ. रवि भूषण ने मस्तिष्क की जैविक प्रक्रियाओं पर नशे के प्रभावों को सरल भाषा में समझाया। एडवोकेट राजीव शर्मा ने कानूनी जोखिमों पर चर्चा करते हुए बताया कि छोटी गलतियां कैसे युवाओं को अपराध के मार्ग पर ले जाती हैं। सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी रविंद्र शर्मा ने मानसिक बीमारियों से जुड़े सामाजिक कलंक को दूर करने की जरूरत पर बल दिया।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य, राज्य सह सचिव सीता राम ठाकुर, उर्मिल ठाकुर, जयंत शर्मा और देवेंद्र शर्मा सहित संस्थान के शिक्षक व छात्राएं उपस्थित रहीं।

## पुलिस ग्राउंड पांवटा बदहाल नगर परिषद नहीं ले रहा सुध

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** जिला सिरमौर के गुरु की नगरी पांवटा साहिब के मध्य भाग में स्थित पुलिस थाना के सामने बना ग्राउंड जिसको पुलिस ग्राउंड व मेला ग्राउंड के नाम से जाना जाता है, परंतु दुख इस बात का है कि जिस मेला ग्राउंड में हर वर्ष मेलों के लगने से नगर परिषद पांवटा साहिब को लाखों रुपए की आय अर्जित होती है,उस ग्राउंड की बदहाली वर्षों से अभी तक किसी से छुपी नहीं है। दूसरी ओर जनता का भी सुझाव रहता है कि प्रशासन और नगर परिषद पांवटा साहिब को इस ग्राउंड का सौंदर्यकरण करना चाहिए, ताकि भविष्य में इसकी लोकप्रियता हमेशा बनी रहे। हैरानी की बात है कि इस गंभीर समस्या को स्थानीय प्रशासन और नगर परिषद के समक्ष उठाने के बावजद वर्तमान स्थिति जस की तस बनी हुई है। जिस पुलिस ग्राउंड में गंदगी का यह आलम है कि मिट्टी के बड़े-बड़े ढेर,पेशाब करने का अड्डा बन रहा है तो वहीं, जगह जगह कूड़ा बिखरा पड़ा है। इस प्रकार की स्थिति को देखकर यकिनन दुख होता है जब शहर के बीचोंबीच इतने विशाल ग्राउंड होने के बावजूद भी साफ सफाई, समय-समय पर सौंदर्यकरण का अभाव है। जिस प्रकार पांवटा साहिब में मात्र दो ग्राउंड सार्वजनिक रूप से जनता की सुविधा के लिए है। जिसमें एक गुरुद्वारा खेल ग्राउंड और दूसरा पुलिस ग्राउंड, वर्तमान में इन दोनों ही ग्राउंड की स्थिति दहनीय बनीं हुई है। जिस गंभीर समस्या पर स्थानीय प्रशासन और नगर परिषद पांवटा साहिब को जल्द सौंदर्यकरण करके जनता को बेहतर सुविधा उपलब्ध करवानी चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### हरियाणा के दलित संगठनों ने चंडीगढ़ में बुलाई महापंचायत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार की आत्महत्या के बाद दलित संगठनों में भारी आक्रोश है। राजधानी चंडीगढ़ में रविवार को विभिन्न दलित संगठनों ने महापंचायत बुलाकर प्रदेश स्तर पर संघर्ष तेज करने का ऐलान किया है। पंजाब और हरियाणा के दलित संगठनों ने 31 सदस्यीय संघर्ष कमेटी का गठन किया है। कमेटी का कहना है कि डीजीपी और एसपी की गिरफ्तारी के बाद ही पूरन कुमार का पोस्टमार्टम और अंतिम संस्कार किया जाएगा। परिवार और संघर्ष कमेटी दोनों अधिकारियों को नौकरी से बर्खास्त कर गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं। रविवार को सेक्टर 20 स्थित रविदास भवन में महापंचायत में आगे की रणनीति तय होगी। अंतरराष्ट्रीय वाल्मीकि सभा के महासचिव मुकेश कुमार ने कहा कि पूरन कुमार का जीवनकाल में और मृत्यु के बाद भी शोषण और अन्याय हुआ है। दलित प्रतिनिधियों ने पूरन कुमार को शहीद घोषित करते हुए सोशल मीडिया पर एक ग्रुप भी बनाया है, जो इस मामले की अपडेट्स देगा। इससे स्पष्ट है कि दलित संगठनों की लड़ाई और तेज होने वाली है।

### दोषी कितना भी प्रभावशाली हो, बख्शे नहीं जाएंगे: सीएम

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार की 7 अक्तूबर को आत्महत्या के बाद मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पहली बार इस घटना पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इस मामले में निष्पक्षता कड़ी कार्रवाई की जा रही है और दोषी चाहे जितने भी प्रभावशाली क्यों न हों, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। शनिवार को पंचकूला में एक कार्यक्रम में बोलते हुए नायब सैनी ने बताया कि भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में पूरन कुमार को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। उन्होंने कहा कि पूरन कुमार की पत्नी अमनीत पी कुमार हाल ही में जापान दौरे से लौटे हैं और सरकार परिवार के संपर्क में है। सैनी ने बताया कि चंडीगढ़ पुलिस ने इस मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है और हरियाणा सरकार भी पूरी मदद कर रही है। परिवार की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और घर के बाहर चेक पोस्ट लगाया गया है। उन्होंने साफ कहा कि किसी को भी परिवार या किसी व्यक्ति को तंग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### जींद: ग्रामीणों ने कराया 352 नेशनल हाइवे टोल फ्री

**अनंत ज्ञान, जींद।** मृतक कर्मी को मुआवजा न दिए जाने से गुस्साए ग्रामीण शनिवार को गांव भिड़ताना के निकट नेशनल हाइवे 352ए को टोल पर आ गए धरना देकर टोल फ्री करवा दिया। टोल को फ्री कराए जाने की सूचना पाकर सफीदों डीएसपी गौरव शर्मा मौके पर पहुंचे और धरने पर बैठे लोगों से बातचीत की लेकिन परिजन तथा ग्रामीणों ने टोल फ्री के साथ धरने को जारी रखा। धरने पर किसान नेता भी शामिल हुए। टोल फ्री करवाने वाले ग्रामीणों ने बताया कि गांव भैणी सरजन निवासी सरजीत रक्षक जम्मू कटरा एक्सप्रेस-वे कंपनी में मैनेजर के पद पर ड्यूटीरत था। गत 25 अगस्त को बड़ौदा थाना इलाके में ड्यूटी के दौरान सड़क हादसे में मौत हो गई थी। उस दौरान कंपनी में मृतक के परिजनों को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया था। अब कंपनी ने सहायता करने से मना कर दिया है। जिसके चलते उन्हें मजबूरी में टोल का फ्री करवाना पड़ा। परिजनों तथा ग्रामीणों का कहना था कि जब तक टोल कंपनी उनकी मांगों को पूरा नहीं करती तब तक टोल फ्री रखा जाएगा।

### हाई वोल्टेज तारों की चपेट में आने से मिस्त्री की मौत

**अनंत ज्ञान, पानीपत** डाडौला गांव में मकान का लेंटर डालते समय बिजली के हाई वोल्टेज तारों की चपेट में आने से मिस्त्री सुरेंद्र की मौत हो गई। वह गांव में मजदूरी करता था और जस्सी के भाई के मकान पर काम कर रहा था। सुरेंद्र के मामा गोवर्धन के अनुसार, वह हाई वोल्टेज तारों को कवर करने के लिए प्लास्टिक पाइप डालने का प्रयास कर रहा था, तभी अचानक करंट दौड़ गया और उसे जोर का झटका लगा। वह छत से गिर पड़ा और मौके पर ही मौत हो गई। साथी मजदूरों ने तुरंत बिजली बंद कराई और पुलिस को सूचना दी। सुरेंद्र की शादी लगभग 10 साल पहले हुई थी और दो छोटे बच्चे हैं। वह परिवार का इकलौता सहारा था। पुलिस ने शव को सिविल अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने कहा कि रिपोर्ट के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।

# धन-धान्य कृषि योजना से हरियाणा की कृषि को देंगे नई उड़ान: सीएम सैनी

## बोले-पीएम मोदी का कृषि मिशन लॉन्च कार्यक्रम ऐतिहासिक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन कृषि क्षेत्र को सुदृढ़ एवं आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ किसानों की आय बढ़ाने में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन भी सुना।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इन योजनाओं के तहत देश के 100 जिलों में शुरुआत की गई है, जिसमें हरियाणा का नूंह जिला भी शामिल है। उन्होंने कहा कि यह योजना मेवात की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति देगी। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कृषि अवसंरचना कोष, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण से जुड़ी 42,000 करोड़ रुपए की 1,100 से अधिक परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया।




उन्होंने कहा कि दलहन मिशन के तहत तुअर, उड़द और मसूर जैसी दालों का उत्पादन बढ़ाने के लिए किसानों को उत्तम बीज उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में दलहन की खेती का क्षेत्र 2019-20 में 1.95 लाख एकड़ से बढ़कर 2024-25 में 2.67 लाख एकड़ तक पहुंच गया है। ई-खरीद पोर्टल के माध्यम से एमएसपी पर 12 लाख किसानों को 1.48 लाख करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। किसानों को घर बैठे ई-गेट पास की सुविधा दी गई है और 48 घंटे में भुगतान सुनिश्चित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने किसानों से आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री के फूड बास्केट इंडिया के सपने को साकार करने में भागीदार बनें।

# भरतपुर में बिना परमिशन 3300 पौधों को उखाड़ने का विवाद गरमाया



**अनंत ज्ञान, मोहाली**

पंजाब के मोहाली जिले के गांव भरतपुर में दो एकड़ शामलात जमीन से हजारों फल-फूलदार पौधों को बिना अनुमति उखाड़ने का मामला अब नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) तक पहुंच गया है। इस संबंध में गांव के पूर्व सरपंच हरमेश सिंह ने मौजूदा ग्राम पंचायत पर गंभीर आरोप लगाए। हरमेश सिंह ने बताया कि गांव की मौजूदा पंचायत ने ग्लास फाउंडेशन एनजीओ की सहायता से लगाए गए 3,300 पौधों को बिना परमिशन उखाड़ दिया गया है। उन्होंने इस मामले की शिकायत पंजाब विजिलेंस तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को भी भेजी है। उनका कहना है कि यह मामला न केवल पर्यावरण सुरक्षा के प्रति लापरवाही को उजागर करता है, बल्कि सरकारी योजनाओं के तहत लगाए गए पौधों के संरक्षण पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है।

उन्होंने कहा कि पिछले साल मार्च 2024 में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए थे, जिसका सारा खर्च नरेगा के तहत किया गया था। लेकिन दो साल बाद, नए चुने गए सरपंच सुखविंदर सिंह ने बिना किसी मंजूरी के इन पौधों को उखाड़ने का आदेश दिया। हरमेश सिंह ने बताया कि उन्होंने इस मामले के बारे में आरटीआई डाली थी, जिसमें 8 बिंदुओं पर जवाब मांगे गए थे, लेकिन केवल 5 का ही उत्तर दिया गया। जब उन्होंने अधिक जानकारी मांगी, तो स्पष्ट हुआ कि ग्राम पंचायत ने बिना अनुमति पौधे उखाड़े। उन्होंने सरकार से मांग की है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

# पानीपत में नशा तस्कर विक्की गांजा सहित हुआ गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पानीपत**

समालखा चौकी पुलिस ने गोल्डन पार्क के पास 260 ग्राम गांजा के साथ नशा तस्कर विक्की को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि चुलकाना रोड निवासी विक्की मादक पदार्थों की तस्करी करता है और अक्सर गोल्डन पार्क के पास यह व्यापार करता है।



गश्त के दौरान पुलिस ने गोल्डन पार्क के समीप एक युवक को काली लाइनदार चादर ओढ़े खड़ा देखा। युवक पुलिस को देखकर भागने लगा, लेकिन तत्परता से पुलिस ने उसे पकड़ लिया। युवक ने अपनी पहचान विक्की पुत्र कृष्ण के रूप में बताई। तलाशी में उसके कमीज की जेब से 260 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में विक्की ने बताया कि वह नशा करने का आदी है और करीब एक सप्ताह पहले 300 ग्राम गांजा कम कीमत पर खरीदा था। इसमें से 40 ग्राम गांजा उसने स्वयं नशा करने में इस्तेमाल किया और शेष 260 ग्राम गांजा बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में था।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर शुक्रवार को उसे न्यायालय में पेश किया। कोर्ट ने विक्की को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस इस कार्रवाई को नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के रूप में देख रही है।

### संजय दूसरी बार बने हॉकी इंडिया-ए टीम के कप्तान

**अनंत ज्ञान, हिसार।** हरियाणा के डाबड़ा गांव के हॉकी खिलाड़ी संजय कालीरावणा को दूसरी बार हॉकी इंडिया-ए टीम का कप्तान बनाया गया है। संजय, पूर्व खेल मंत्री संदीप सिंह के बाद दूसरे हरियाणवी खिलाड़ी हैं जिन्हें देश की टीम की कप्तानी मिली है। संजय ने तीन महीने पहले यूरोप कप में भी टीम का नेतृत्व किया था। अब वह 12 से 18 अक्तूबर चीन के हांग्जो में होने वाले टूर्नामेंट में टीम का नेतृत्व करेंगे। संजय की इस उपलब्धि पर गांव में खुशी का माहौल है। उनके कोच राजेंद्र सिहाग ने बताया कि संजय ने मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है, जबकि एक समय हॉकी स्टिक खरीदने तक के पैसे नहीं थे। संजय को हाल ही में अर्जुन अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया है।

# चंडीगढ़ में आईपीएस-एनजेड 2025 गोल्डन जुबली सम्मेलन का समापन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच), सेक्टर 32 के मानसिक रोग विभाग ने इंडियन साइकियाट्रिक सोसायटी - नॉर्थ ज़ोन (आईपीएस-एनजेड) के 50 वर्षों के उत्कृष्ट योगदान का जश्न मनाते हुए दो दिवसीय गोल्डन जुबली वार्षिक सम्मेलन का सफल आयोजन किया। इस वर्ष का विषय था, 'गंभीर मानसिक रोग: मनोचिकित्सकीय दवाओं से आगे की सोच', जिसमें मानसिक स्वास्थ्य में व्यापक और समग्र दृष्टिकोण पर जोर दिया गया।




सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में प्रो. सविता मल्होत्रा, अध्यक्ष, आईपीएस ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया, जबकि जीएमसीएच के डायरेक्टर-प्रिंसिपल प्रो. जीपी थामी विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम में कई महत्वपूर्ण प्रकाशनों का विमोचन किया गया और मनोरोग क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को सम्मानित किया गया।

मुख्य थीम संगोष्ठी का नेतृत्व डॉ. अजीत सिदाना ने किया, जिसमें स्किजोफ्रेनिया और बाइपोलर डिसऑर्डर जैसी बीमारियों के लिए डीएआरटी मॉडल पर चर्चा हुई। इस मॉडल में पुनर्वास के लिए कई सेवाएं शामिल हैं जैसे डे केयर, वोकेशनल ट्रेनिंग, और फॅमिली इंटरवेंशन। देश भर से 400 से अधिक विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया, जिससे यह सम्मेलन वैज्ञानिक दृष्टि से अत्यंत सफल साबित हुआ।

## देश-विदेश

# हमने बीज से लेकर बाजार तक सुधार किए: पीएम मोदी

## पीएम ने की 35 हजार करोड़ की कृषि योजनाओं की शुरुआत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार दोपहर दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में कृषि क्षेत्र के लिए 35 हजार 440 करोड़ रुपए की दो बड़ी योजनाएं शुरू कीं। उन्होंने पीएम 11,440 करोड़ की दाल उत्पादन मिशन योजना और 24 हजार करोड़ की पीएम धन धान्य कृषि योजना का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि कृषि और खेती हमेशा हमारे विकास यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा रही हैं। समय के साथ यह जरूरी है कि कृषि को सरकार का समर्थन मिलता रहे। दुर्भाग्य से पिछली सरकारों ने कृषि को छोड़ दिया था। पीएम ने कहा कि 21वीं सदी के भारत को तेजी से विकसित करने के लिए हमारी कृषि प्रणाली में सुधार आवश्यक था। यह काम 2014 में शुरू हुआ। हमने पिछली सरकारों के लापरवाह रवैये को बदला। बीज से लेकर बाजार तक, किसानों के लाभ के लिए अनगिनत सुधार किए।

**पिछली सरकारों ने पिछड़े जिलों को भुलाया:** पीएम मोदी ने कहा कि पिछली सरकारों ने देश के 100 से अधिक जिलों को पिछड़ा घोषित किया, फिर उन्हें भुला दिया। हमने इन जिलों पर विशेष ध्यान दिया, इन्हें आशास्पद जिले घोषित किया। इन जिलों को सह-संयोजन, सहयोग और प्रतिस्पर्धा के अपने मंत्र से बदला। यहां की 20% बस्तियों में स्वतंत्रता के बाद भी सड़क नहीं थी। आज इन बस्तियों का अधिकांश हिस्सा सड़कों से जुड़ चुका है। पहले यहां के 17% बच्चों को टीकाकरण का लाभ नहीं मिल रहा था, लेकिन आज मिल रहा है। 15% से अधिक स्कूलों में बिजली नहीं थी, लेकिन अब योजना के तहत हर स्कूल में बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। (अनंत ज्ञान)




### दूध के प्रोडक्शन में भारत नंबर 1

**पीएम** ने कहा कि भारत दुनिया में दूध उत्पादन में नंबर वन है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक देश है। 2014 के मुकाबले शहद का उत्पादन भी दोगुना हुआ है। अंडे का प्रोडक्शन भी पिछले 11 सालों में दोगुना हुआ। उन्होंने कहा कि पिछले 11 सालों में भारत का कृषि निर्यात लगभग दोगुना हो गया है। अन्न उत्पादन में लगभग 90 मिलियन मीट्रिक टन की वृद्धि हुई है। फल और सब्जियों का उत्पादन 64 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक बढ़ा है। पिछले 11 सालों में देश में छह बड़े फर्टीलाइजर प्लांट बनाए गए। किसानों को 2.5 करोड़ से अधिक मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड बांटे। माइक्रो-इरीगेशन की सुविधा 100 लाख हेक्टेयर तक पहुंची। पीएम फसल बीमा योजना से लगभग 2 लाख करोड़ के क्लेम मिले।

### पाकिस्तान में अल्पसंख्यक अहमदिया समुदाय की मस्जिद पर हमला, 6 लोग जख्मी

**एजेंसी, लाहौर।** पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के चेनाब नगर में अल्पसंख्यक अहमदिया समुदाय की मस्जिद पर एक संदिग्ध व्यक्ति की गोलीबारी में छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी शुक्रवार की नमाज के दौरान हुई। इस हमले में छह सुरक्षाकर्मी घायल हुए हैं। एक वायरल वीडियो में दिख रहा है कि हमलावर पिस्तौल ताने मस्जिद के गेट की ओर बढ़ता है और वहां खड़े लोगों पर कई राउंड फायरिंग करता है। हालांकि सुरक्षा गार्ड गेट बंद करने में कामयाब रहे जिससे जानमाल के भारी नुकसान की खबर नहीं है। (अनंत ज्ञान)

# आरएसएस जैसी संस्था केवल नागपुर में बन सकती थी: भागवत

**एजेंसी, नागपुर**

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) चीफ मोहन भागवत ने कहा कि देश में कई लोग हिंदुत्व पर गर्व करते थे और हिंदू एकता की बात करते थे, लेकिन आरएसएस जैसी संस्था केवल नागपुर में ही बन सकती थी। यहां पहले से ही त्याग और समाज सेवा की भावना थी। उन्होंने कहा कि आरएसएस ने हाल ही में दशहरे पर अपने 100 साल पूरे किए। इसकी स्थापना साल 1925 में नागपुर में डॉ. हेडगेवार ने की थी।

संगठन का उद्देश्य समाज में अनुशासन, सेवा, सांस्कृतिक जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना पैदा करना था। छत्रपति शिवाजी महाराज ने स्वराज की स्थापना अपने लिए नहीं, बल्कि ईश्वर, धर्म और राष्ट्र के लिए की थी। उन्होंने लोगों को एक महान उद्देश्य के लिए जोड़ा। उनकी एकता की भावना ने समाज को ताकत दी। (अनंत ज्ञान)

### इतिहास से सीखें

**आरएसएस** चीफ ने कहा कि ब्रिटिश शासन ने योजनाबद्ध तरीके से उन प्रतीकों और परंपराओं को खत्म करने की कोशिश की, जो भारतीयों को एकजुट करती थीं। इसलिए इतिहास से सीखें और उन लोगों की निस्वार्थ भावना को याद रखें, जिन्होंने समाज और देश के हित के लिए काम किया।

### राष्ट्रपति ने किए भगवान द्वारकाधीश के दर्शन



एजेंसी, गांधीनगर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शनिवार को गुजरात के द्वारका पहुंची। उन्होंने द्वारका में भगवान द्वारकाधीश के चरणों में शीश झुकाकर दर्शन किए। राष्ट्रपति ने भगवान द्वारकाधीश से भारत के नागरिकों के सुख, शांति और समृद्धि के लिए हृदयपूर्वक प्रार्थना की। उन्होंने भक्तिभाव से शास्त्रोक्त विधि अनुसार पादुका पूजन कर धन्यता का अनुभव किया। राष्ट्रपति के साथ उनकी पुत्री इतिश्री मुर्मु और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### छोटा राजन के सहयोगी सहित तीन गिरफ्तार

**एजेंसी, मुंबई।** महाराष्ट्र की मुंबई पुलिस ने रंगदारी मामले में गैंगस्टर छोटा राजन के सहयोगी रवि मल्लेश वोरा उर्फ डीके राव (59) सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इन तीनों से पुलिस गहन छानबीन कर रही है। इस मामले की छानबीन कर रहे पुलिस अधिकारी ने शनिवार को बताया कि बिल्डर को एक करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने, धमकी देने के आरोप के तहत डीके राव को मुंबई पुलिस ने शुक्रवार को रात को गिरफ्तार किया था। इसके बाद मुंबई पुलिस की टीम ने डीके राव के सहयोगी मिमित भूटा और अनिल परेराव को शनिवार सुबह गिरफ्तार किया है। इन तीनों से गहन पूछताछ की जा रही है। इससे पहले जनवरी में डीके राव को एक अलग जबरन वसूली मामले में एक होटल व्यवसायी को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। अधिकारी ने आगे बताया कि हालाँकि यह घटना पिछले साल हुई थी, लेकिन औपचारिक शिकायत हाल ही में दर्ज की गई, जिसके बाद एक प्राथमिकी दर्ज की गई और बाद में गिरफ्तारियां हुईं। (अनंत ज्ञान)

### टेनेसी सैन्य संयंत्र में विस्फोट, 19 लोग लापता

**एजेंसी, वाशिंगटन।** अमेरिका के टेनेसी राज्य के ग्रामीण क्षेत्र की एक पहाड़ी पर स्थित टेनेसी सैन्य गोला-बारूद संयंत्र में हुए विस्फोट के दौरान 19 लोग लापता हो गए। अधिकारियों ने सभी की मौत हो जाने की आशंका जताई है। सभी लापता हो गए और उनके मारे जाने की आशंका है। हम्फ्रीज काउंटी के शेरिफ क्रिस डेविस के अनुसार, सेना को गोला-बारूद की आपूर्ति करने वाली कंपनी एक्यूरेट एनर्जेटिक सिस्टम्स के परिसर में हुए विस्फोट की आवाज से इलाका दहल गया। एबीसी न्यूज चैनल और ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कारपोरेशन की रिपोर्ट के अनुसार, कोई भी अधिकारी यह बताने को तैयार नहीं है कि इस त्रासदी में कितने लोग मारे गए हैं। सभी का यही कहना है कि 19 लोग लापता हैं। (अनंत ज्ञान)

### इंडिगो की फ्लाइट की विंडशील्ड में दरार आई, जांच शुरू

**एजेंसी, नई दिल्ली।** इंडिगो की मदुरै से चेन्नई फ्लाइट 7253 की विंडशील्ड में दरार के बाद फ्लाइट को चेन्नई एयरपोर्ट पर ग्राउंड किया गया। एयरलाइन के मुताबिक, पायलट ने दरार देखी थी। जांच में सामने आया है कि दरार बाहरी की ओर है। इसकी जांच की जा रही है। प्लेन सवार सभी क्रू और यात्री सुरक्षित हैं। (अनंत ज्ञान)

### छत्तीसगढ़ में धमाका, सीआरपीएफ कमांडो घायल

**एजेंसी, बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में शनिवार को नक्सलियों के लगाए गए एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) के फटने से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन (कोबरा) इकाई का एक कमांडो घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि यह विस्फोट उस समय हुआ जब कोबरा की 206वीं बटालियन का एक दल उसूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुजारी कांकेर शिविर से एरिया डोमिनेशन ऑपरेशन पर निकला था। उन्होंने बताया कि जब गश्ती दल जंगल की घेराबंदी कर रहा था, तभी एक जवान अनजाने में एक आईईडी के संपर्क में आ गया, जिससे विस्फोट हो गया और उसे मामूली चोटें आईं। (अनंत ज्ञान)

# अखिलेश के फेसबुक अकाउंट ब्लॉक करने में सरकार की कोई भूमिका नहीं: अश्विनी वैष्णव

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का फेसबुक अकाउंट 12 घंटे ब्लॉक रहा। इस पर समाजवादी पार्टी ने इस कार्रवाई को लोकतंत्र पर हमला करार दिया। इन आरोपों पर सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सरकार की किसी भी भूमिका से इनकार किया।

वैष्णव ने शनिवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि इस कार्रवाई में सरकार की कोई भूमिका नहीं है। अखिलेश यादव के पेज को फेसबुक की नीति उल्लंघन, विशेष रूप से अपमानजनक भाषा के कारण हटाया गया था। वैष्णव ने कहा कि इस कार्रवाई में सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार रात को अखिलेश यादव का फेसबुक अकाउंट ब्लॉक कर दिया गया था। समाजवादी पार्टी की आईटी टीम ने मेटा को इसकी सूचना दी तो शनिवार को दिन में इसको बहाल कर दिया गया है। मेटा ने यह कार्रवाई उनके फेसबुक पर 'हिंसक और अश्लील पोस्ट' के कारण की थीं। मेटा की इस कार्रवाई पर सपा नेताओं ने सरकार को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया था। सपा प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने पेज सस्पेंशन को लेकर आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार ने विरोधी आवाजों को दबाने का प्रयास किया है। (अनंत ज्ञान)

# गाजा में युद्धविराम प्रभावी, इसराइली सैनिकों की वापसी शुरू

**एजेंसी, गाजा पट्टी**

**लगभग** दो साल बाद पट्टी में आज की सुबह शांत रही। इसराइल और हमास के बीच युद्धविराम का पहला चरण सुबह पांच (पूर्वी मानक समय) से प्रभावी हो गया। दोनों पक्ष अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की युद्धविराम योजना पर मिस्र में हुई परोक्ष बातचीत के दौरान शांति प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए।



समझौते के अनुसार, हमास के पास अब सोमवार सुबह 5 बजे (पूर्वी मानक समय) तक 48 बंधकों को रिहा करने का समय है। इनमें से 20 के जीवित होने की संभावना है। इजराइली सैनिकों ने वापसी भी शुरू कर दी है। पहले चरण में गाजा के प्रमुख क्षेत्रों से इसराइली सैनिकों की वापसी और विस्थापित गाजावासियों की बड़े पैमाने पर उनके घरों में वापसी की शुरुआत भी शामिल है। सीएनएन न्यूज चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, युद्धविराम प्रभावी होते ही इसराइली सैनिकों की वापसी के साथ ही हजारों फिलिस्तीनी उत्तरी गाजा में अपने घरों को लौटने लगे हैं। संयुक्त राष्ट्र में इसराइल के राजदूत डैनी डैनन ने कहा कि शांति योजना के पहले चरण में बंधकों और फिलिस्तीनी कैदियों की अपेक्षित रिहाई 'आसान हिस्सा' है, क्योंकि यह बिल्कुल स्पष्ट है कि हमें क्या मिल रहा है और बदले में हम क्या दे रहे हैं।' राजदूत डैनन ने कहा कि दोनों पक्ष दूसरे चरण को लागू करने के तरीके पर भी विचार कर रहे हैं। दूसरे चरण में गाजा का विसैन्यीकरण भी शामिल है। फिलहाल, पट्टी में बंधकों की रिहाई के लिए युद्धविराम की अवधि शुरू हो गई है। सोमवार दोपहर 12 बजे की समय सीमा से पहले बंधकों को सौंप दिए जाने की उम्मीद है। डैनन ने कहा कि शांति समझौते के पहले चरण के तहत इसराइली सैनिक मोर्चों से पीछे हट गए हैं। अगले अनिश्चित चरणों के दौरान हम अभी भी आसपास मौजूद रहेंगे और बहुत ध्यान से देखेंगे कि क्या हो रहा है। (अनंत ज्ञान)

# पवन सिंह बोले- मैं नहीं लड़ूंगा विधानसभा चुनाव

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भोजपुरी के मशहूर गायक और सुपरस्टार कहे जाने वाले पवन सिंह ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में हिस्सा न लेने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि उनका चुनाव लड़ने का मकसद नहीं है और वह केवल पार्टी का सच्चा सिपाही बने रहना चाहते हैं। यह ऐलान उन्होंने सोशल मीडिया ङ्ग पर अपने पोस्ट के जरिए किया। पवन सिंह ने अपने पोस्ट में लिखा कि उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) में शामिल होने का मकसद चुनाव लड़ना नहीं था। उन्होंने कहा कि 'मैं पवन सिंह अपने भोजपुरीया समाज से बताना चाहता हूँ कि मैं बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए पार्टी ज्वाइन नहीं किया था और नाहीं मुझे विधानसभा चुनाव लड़ना है।' इस पोस्ट से उनके चुनाव न लड़ने के कयासों पर विराम लग गया है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### ओपन डी एस्पाना गोल्फ टूर्नामेंट में शुभंकर ने स्पेन में कट में बनाई जगह

**एजेंसी, मैड्रिड।** भारत के शुभंकर शर्मा ने दूसरे दौर में दो अंडर 69 का स्कोर बनाया जिससे वह यहां ओपन डी एस्पाना गोल्फ टूर्नामेंट के कट में जगह बनाने में सफल रहे। शर्मा के 36 होल के



संयुक्त कुल स्कोर ने उन्हें मार्च 2025 में हीरो इंडियन ओपन के बाद पहली बार किसी 72 होल की प्रतियोगिता में अपना पहला कट हासिल करने में मदद की। यह 29 वर्षीय खिलाड़ी अगले सप्ताह डीपी वर्ल्ड इंडिया चैम्पियनशिप में भारत के शीर्ष दावेदारों में से एक होगा। वह अभी 61वें स्थान पर हैं। शर्मा ने अपना दूसरा राउंड पहले होल से शुरू किया लेकिन उन्होंने दूसरे होल में ही एक शॉट गंवा दिया। शर्मा ने 13वें और 16वें होल के बीच चार होल में तीन बर्डी बनाकर कट में जगह बनाई। मार्को पेंज (66-67) दूसरे दिन के बाद नौ अंडर पार के कुल स्कोर के साथ शीर्ष पर हैं। (अनंत ज्ञान)

### 1948 लंदन ओलंपिक का गोल्ड मेडल भारतीय हॉकी के लिए हमेशा रहेगा खास : हरमनप्रीत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय खेल जगत में हॉकी का स्थान हमेशा ही बेहद खास रहा है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को आधुनिक युग के महान खिलाड़ियों में गिना जाता है और वे प्रेरणा लेते हैं बीते दौर के उन गौरवशाली क्षणों से, जब 1948 लंदन ओलंपिक में भारत ने आजादी के एक वर्ष बाद ग्रेट ब्रिटेन को 4-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता था। यह वही ऐतिहासिक अवसर था जब ओलंपिक खेलों में पहली बार तिरंगा फहराया गया था। उस स्वर्णिम पल को याद करते हुए हरमनप्रीत सिंह ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, '1948 लंदन ओलंपिक में जब भारत ने गोल्ड मेडल जीता, तो वह पूरे देश के लिए गर्व और भावनाओं से भरा क्षण था। खासकर इसलिए क्योंकि जीत ग्रेट ब्रिटेन के मैदान पर मिली थी। हमने अपने वरिष्ठों से उस दिन की कहानियां सुनी हैं और मेरे लिए वह क्षण बेहद प्रेरणादायक है।' हरमनप्रीत सिंह, जिन्होंने भारतीय टीम को टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में लगातार दो कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई, ने उस युग के महान खिलाड़ी बलबीर सिंह सीनियर से मुलाकात को भी याद किया। (अनंत ज्ञान)

### मेसी की गैर-मौजूदगी में अर्जेंटीना ने वेनेजुएला को 1-0 से हराया

**एजेंसी, मियामी।** लियोनेल मेसी की अनुपस्थिति के बावजूद अर्जेंटीना ने मियामी में खेले गए एक अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में वेनेजुएला को 1-0 से पराजित किया। विश्व चैंपियन अर्जेंटीना के लिए मैच का एकमात्र गोल 31वें मिनट में जियोवानी लो सेल्सो ने किया। यह गोल शानदार टीम संयोजन का नतीजा था, जिसमें जूलियन अल्वारेज़ और लाउटारो मार्टिनेज की बेहतरीन साझेदारी शामिल रही। लो सेल्सो ने वेनेजुएला के गोलकीपर जोसे कॉन्ट्रेरास को सटीक लेफ्ट-फुट शॉट से मात दी। मैच हार्ड रॉक स्टेडियम में खेला गया, जहां 65,000 की क्षमता वाले स्टेडियम में मात्र 15,000 दर्शक मौजूद थे। इंटर मियामी के स्टार मेसी दर्शकदीर्घा से यह मुकाबला देखते नजर आए। (अनंत ज्ञान)

### एंड्रिया बोटेज का खूबसूरत अंदाज

**कनाडा।** एंड्रिया बोटेज एक कनाडाई शतरंज खिलाड़ी, कंटेंट क्रिएटर, डीजे और ट्विच स्ट्रीमर हैं। वह चैंपियन शतरंज खिलाड़ी एलेक्जेंड्रा बोटेज की बहन भी हैं।



**दूसरा टेस्ट : दूसरा दिन** वेस्टइंडीज के 4 विकेट गिरे, स्टंप्स तक स्कोर 140 रन

# वेस्टइंडीज से 378 रन आगे भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

टीम इंडिया ने दिल्ली टेस्ट के दूसरे ही दिन वेस्टइंडीज पर मजबूत पकड़ बना ली है। टीम 378 रन से आगे है। भारत ने टी-ब्रेक से पहले 5

#### रवींद्र जडेजा ने लिए तीन विकेट

विकेट पर 518 रन बनाकर पहली पारी घोषित की। फिर दिन का खेल खत्म होते-होते कैरेबियाई टीम के 4 बल्लेबाजों को पवेलियन भी भेज दिया। शनिवार को स्टंप्स तक विंडीज का स्कोर 140/4 है।

शाई होप 31 और टेविन इमलाक 14 रन पर नाबाद लौटे हैं। भारतीय स्पिनर रवींद्र जडेजा ने कप्तान रोस्टन चेज (शून्य), तेगनारायण चंद्रपॉल (34 रन) और जॉन कैम्पबेल (10 रन) को आउट किया, जबकि कुलदीप यादव ने एलिक एथनाज (41 रन) को पवेलियन भेजा।



विकेट लेने के बाद जडेजा को बधाई देते भारतीय खिलाड़ी।

भारत ने 318/4 के स्कोर से पारी को आगे बढ़ाया। दिन के दूसरे ओवर में यशस्वी जायसवाल खुद के गलत कॉल के कारण रनआउट हो गए। वे 175 रन ही बना सके। कप्तान शुभमन गिल 129 रन पर नाबाद लौटे। उन्होंने करियर की 10वीं सेंचुरी जमाई। साई सुदर्शन ने 87, ध्रुव जुरेल ने 44 और नीतीश कुमार रेड्डी ने 43 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए जोमेल वारिकन ने तीन विकेट लिए। एक विकेट कप्तान रोस्टन चेज को मिला। (अनंत ज्ञान)

## इंग्लैंड की कप्तान ब्रंट ने बनाए 117 रन श्रीलंका को 254 रन का दिया लक्ष्य




**एजेंसी, नई दिल्ली**

महिला विश्व कप के 12वें मैच में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान नेट सेवियर ब्रंट की शतकीय पारी के दम पर श्रीलंका के सामने जीत के लिए 254 रन का लक्ष्य रखा है। कोलंबो के आर प्रेमदासा क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे मैच में श्रीलंका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया था। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान नेट सेवियर ब्रंट के 117 गेंद पर 9 चौकों और 2 छक्कों की मदद से बनाए 117 रन की शतकीय पारी के दम पर 9 विकेट पर 253 रन बनाए। कप्तान के अलावा टैमी ब्यूमाउंट ने 29 गेंद पर 32, हिदर नाईट ने 47 गेंद पर 29 और चार्ली डिन ने 36 गेंद पर 19 रन बनाए। सभी बल्लेबाज अच्छी शुरुआत मिलने के बाद भी अपनी पारी को बड़ा नहीं कर पाईं। नेट सेवियर ब्रंट ने एंकर भूमिका निभाई। वह नौंवे विकेट के रूप में आउट हुईं। इस दौरान छोटी-छोटी साझेदारी करते हुए टीम का स्कोर उन्होंने 253 तक पहुंचाया। श्रीलंका के लिए इनोका रानावीरा ने 10 ओवर में 33 रन देकर 3 विकेट लिए। वह टीम की तरफ से श्रेष्ठ गेंदबाज रहीं। लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की ओपनर बल्लेबाज हासिनी परेरा और चमारी अटापट्टू ने की। अटापट्टू 7 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गई। विश्मी गुणरत्ने (10) और परेरा (35) रन बनाए। समाचार लिखे जाने तक श्रीलंका ने 22 ओवर में 2 विकेट गंवाकर 98 रन बना लिए थे। हर्षिता समरविक्रमा (33) बनाकर खेल रही थी और उनका साथ कविशा दिलहारी दे रही थीं। (अनंत ज्ञान)

## संन्यास की घोषणा के बाद जोर्डी आल्बा बोलीं- अब पीछे हटना ही सही है

**एजेंसी, फोर्ट लॉडरडेल (फ्लोरिडा)**

स्पेन और बार्सिलोना के दिग्गज डिफेंडर जोर्डी आल्बा ने फुटबॉल को अलविदा कहने का फैसला ले लिया है। इंटर मियामी के लिए खेल रहे आल्बा ने कहा कि उन्होंने दो साल और खेलने का सोचा था, लेकिन अंतत: उन्होंने संन्यास लेना ही सही समझा।



आल्बा ने स्पेनिश में इंटर मियामी के ट्रेनिंग बेस पर पत्रकारों से कहा कि मुझे लगता है कि यह सबसे सही फैसला है, शारीरिक रूप से मैं अभी भी अच्छा महसूस करता हूं, लेकिन ईमानदारी और निष्पक्षता इसी में है कि अब पीछे हट जाऊं। यह मेरा निजी फैसला है और मुझे पूरा विश्वास है कि यह सही है। आल्बा इस सीजन के अंत तक मेजर लीग सॉकर में इंटर मियामी के लिए खेलेंगे और फिर शानदार करियर को अलविदा कह देंगे। वह स्पेन की ओर से तीन फीफा विश्व कप (2014, 2018, 2022) में खेले और बार्सिलोना को छह ला लिगा खिताब, पांच कोपा डेल रे ट्रॉफियां और 2015 में चैंपियंस लीग जिताने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि मेरे लिए अब पीछे हटना ही सही है। मुझे अपने करियर पर गर्व है।

इंटर मियामी शनिवार को अटलांटा यूनाइटेड के खिलाफ मुकाबले के बाद आल्बा को विशेष विदाई देगा। क्लब में कुछ ही समय पहले सर्जियो बुस्केट्स ने भी सीजन के अंत में संन्यास लेने की घोषणा की थी। आल्बा ने इंटर मियामी के लिए अब तक सभी प्रतियोगिताओं में 95 मैच खेले हैं, जिनमें 14 गोल और 38 असिस्ट शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जूनियर हैंडबाल टीम चयनित

**एजेंसी, मुरादाबाद।** रामगंगा विहार स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में शनिवार को जूनियर हैंडबाल टीम (बालक) का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ी 15 से 17 अक्तूबर तक वाराणसी में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मुरादाबाद मंडल का प्रतिनिधित्व करेंगे। उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव डॉ. अजय पाठक ने बताया कि चयनित टीम में कृष्णा सिंह, सिद्धार्थ कुमार, विशाल, शिवांशु, मोहम्मद रजा, निखिल, आशीष, आयुष, यश, शिराज, शेखर, वरुण और यशस्वी सिंह शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी आगामी 14 अक्तूबर को वाराणसी के लिए रवाना होंगे। खिलाड़ियों का चयन वरिष्ठ राष्ट्रीय खिलाड़ी बलवंत सैनी, विकास कुमार, अमित शुक्ला की देखरेख में हुआ। चयनित खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश ओलम्पिक संघ के संयुक्त सचिव डॉ. अजय पाठक और क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बधाई दी। इस दौरान गोविंद कुमार यादव, नेहा सिंह, रामकृपाल आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए दक्षिण अफ्रीका की मलाबा को फटकार

**एजेंसी, विशाखापत्तनम**



दक्षिण अफ्रीका की स्पिनर नॉनकुलुलेको मलाबा को भारत के खिलाफ महिला वनडे विश्व कप मैच के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए शनिवार को यहां फटकार लगाई गई और उनके खाते में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया। दक्षिण अफ्रीका ने गुरुवार को यहां भारत को तीन विकेट से हराया था।

आईसीसी की मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया है, ''मलाबा को खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता की धारा 2.5 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है, जो किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान बल्लेबाज के आउट होने पर अपमानजनक भाषा, कार्य या हावभाव का प्रयोग करने या आक्रामक प्रतिक्रिया से संबंधित है।'' यह घटना भारत की पारी के 17वें ओवर में घटी, जब मलाबा ने हरलीन देओल को आउट करने के बाद बल्लेबाज को पवेलियन लौटने का इशारा किया था।

आईसीसी ने कहा, ''मलाबा को फटकार लगाई गई और उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया है, क्योंकि 24 महीने की अवधि में यह उनका पहला अपराध था।'' (अनंत ज्ञान)

## विश्व पैरा स्वर्ण विजेता सिमरन के गाइड उमर सैफी डोपिंग में असफल, छिन सकता है पदक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

विश्व पैरा-एथलेटिक्स चैंपियनशिप की स्वर्ण विजेता धावक सिमरन शर्मा को अपने पदक गंवाने पड़ सकते हैं क्योंकि उनके गाइड उमर सैफी को डोप परीक्षण में विफल होने के कारण राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया है।

सैफी सात महीने से अधिक समय से दृष्टिबाधित सिमरन के गाइड हैं। उनके नमूने में ड्रोस्टैनोलोन पाया गया है। यह प्रतिबंधित एनाबोलिक स्टेरॉयड है, जो मांसपेशियों की ताकत को बढ़ाने में मदद करता है। सिमरन ने सात सितंबर को दिल्ली स्टेट ओपन में 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता था, जहां संभवत: यह डोप टेस्ट किया गया था। सैफी का नाम शुक्रवार को नाडा द्वारा जारी अस्थायी रूप से निलंबित खिलाड़ियों की सूची में शामिल है। वह इसके खिलाफ अपील कर सकते हैं और 'बी' नमूना परीक्षण की मांग कर सकते हैं।




यह स्पष्ट नहीं है कि 27 सितंबर से पांच अक्तूबर तक आयोजित विश्व चैंपियनशिप से पहले उनका नाम नाडा की वेबसाइट पर क्यों नहीं आया। सिमरन ने पहली बार भारत में आयोजित की गई इस चैंपियनशिप की 100 मीटर टी12 में स्वर्ण के अलावा 200 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता था। 100 मीटर का स्वर्ण पदक विश्व चैंपियनशिप में उनका लगातार दूसरा स्वर्ण पदक था। अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति के नियमों के अनुसार, यदि सैफी अपनी बेगुनाही साबित करने में विफल रहता है तो सिमरन अपने पदक खो सकती है। नाडा की अपडेट की गई सूची में 30 नए नाम शामिल हैं। इनमें पहलवान रीतिका हुड्डा और धावक एस धनलक्ष्मी भी शामिल हैं। इस सूची में पांच नाबालिग खिलाड़ियों का शामिल होना चिंताजनक है। (अनंत ज्ञान)

## भारत की एशिया कप ट्रॉफी एसीसी चीफ की कस्टडी में

**एजेंसी, नई दिल्ली**

एशियन क्रिकेट काउंसिल के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने अपने स्टाफ को निर्देश दिया है कि उनकी मंजूरी और मौजूदगी के बिना एशिया कप ट्रॉफी न तो ऑफिस से हटाई जाए और न ही किसी को सौंपी जाए। नकवी के एक करीबी सूत्र ने बताया कि आज तक ट्रॉफी दुबई के एसीसी ऑफिस में ही रखी है। नकवी अब भी इस स्टैंड पर कायम हैं कि भारत को यह ट्रॉफी उनसे ही लेनी होगी।



भारत ने 28 सितंबर को खेले गए फाइनल में पाकिस्तान को हराकर एशिया कप का खिताब जीता था। भारतीय टीम ने मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। भारत ने यह स्टैंड पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में लिया था। नकवी एसीसी चेयरमैन होने के साथ-साथ पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चीफ भी हैं। साथ ही वे पाकिस्तान के गृह मंत्री भी हैं। 10 सितंबर को बीसीसीआई ने एसीसी की एनुअल जनरल मीटिंग में भारत को चैंपियन बनने के बावजूद ट्रॉफी नहीं दिए जाने का कड़ा विरोध किया था। इस पर नकवी ने सफाई देते हुए कहा था कि उन्हें लिखित में कहीं से यह सूचना नहीं दी गई थी कि भारतीय टीम उनसे ट्रॉफी नहीं लेगी। भारतीय बोर्ड ने एसीसी की एनुअल मीटिंग में नकवी को जल्द से जल्द ट्रॉफी वापस करने को कहा था। इतना ही नहीं, भारतीय अधिकारियों ने नकवी को चेतावनी दी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो महाभियोग लाकर उनको एसीसी प्रमुख के पद से हटाया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

#### क्या है मामला

**एशिया** कप फाइनल के बाद नकवी एशियन क्रिकेट काउंसिल के चेयरमेन होने के नाते प्रजेंटेशन सेरेमनी में आए थे। सेरेमनी के प्रेजेंटर साइमन डूल ने कहा कि भारतीय टीम उनसे अवॉर्ड्स नहीं लेगी। भारतीय टीम एसीसी के किसी अन्य अधिकारी के हाथों ट्रॉफी लेने को तैयार थी। नकवी खुद ट्रॉफी देने पर अड़ गए। इसके बाद कार्यक्रम खत्म कर दिया गया और नकवी मंच से उतरे। वे ट्रॉफी और मेडल्स भी अपने साथ ले गए। भारतीय खिलाड़ियों ने इससे पहले पूरे टूर्नामेंट में पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ भी नहीं मिलाया था। दूसरी ओर पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने बार-बार 6-0 के इशारे किए थे। वे पाकिस्तान के इस फर्जी दावे को दोहरा रहे थे कि पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के 6 फाइटर जेट गिराए थे।

## एमबाप्पे ने दिलाई फ्रांस को जीत, जर्मनी भी जीता

**एजेंसी, पेरिस**

काइलियन एम्बाप्पे ने हाल ही में लगी टखने की चोट से उबरते हुए फ्रांस की विश्व कप क्वालीफाइंग में अजरबैजान पर 3-0 से जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस स्टार फुटबॉलर ने एक गोल किया तथा एक अन्य गोल करने में मदद की जिससे फ्रांस ने यूरोपीय क्वालीफाइंग में लगातार तीसरा मैच जीत कर अपना शानदार रिकार्ड बरकरार रखा।

एमबाप्पे ने इस तरह से फ्रांस की तरफ से 53 गोल कर लिए हैं और वह अपनी राष्ट्रीय टीम के लिए सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। उन्हें ओलिवियर गिरौड को पछाड़कर नंबर एक स्थान पर पहुंचने के लिए पांच



गोल और करने की जरूरत है। एमबाप्पे को हालांकि मैच के अंतिम समय में विरोधी खिलाड़ी से टकराने के कारण लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर जाना पड़ा। एक अन्य मैच में जर्मनी ने लक्जमबर्ग पर 4-0 से जीत हासिल कर वापसी की। (अनंत ज्ञान)

**महिला वनडे विश्व कप** टॉप ऑर्डर को दिखाना होगा दम, नहीं तो सेमीफाइनल की राह हो जाएगी मुश्किल

# 7 बार की वर्ल्ड चैंपियन से भारत का सामना आज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत को रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अग्नि परीक्षा से गुजरना होगा। आईसीसी महिला वनडे विश्व कप में भारतीय टीम अपने चौथे लीग मैच में 7 बार की वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। टीम इंडिया के लिए इस मैच में जीत बेहद जरूरी है। खराब फॉर्म से जूझ रहे भारतीय शीर्षक्रम के बल्लेबाजों को जिम्मेदारी से खेलना होगा वरना सेमीफाइनल की राह असंभव हो जाएगी।

आईसीसी टूर्नामेंट में पहली खिताबी जीत का इंतजार कर रही भारतीय टीम ने पहले दो मैचों में निचले क्रम के प्रदर्शन के दम पर श्रीलंका और पाकिस्तान को हराया, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टूर्नामेंट की पहली कठिन परीक्षा में हरमनप्रीत कौर की टीम को पराजय का सामना करना पड़ा।

भारतीय टीम अभी तीन मैचों में चार अंक लेकर तीसरे स्थान पर है और एक और हार उसे तालिका में नीचे धकेल देगी। वहीं, ऑस्ट्रेलिया तीन मैच में पांच अंक लेकर शीर्ष



पर है. दक्षिण अफ्रीका से हार ने सेमीफाइनल की भारत की राह कठिन कर दी है, चूंकि अब अगले तीनों मैचों में भारत को ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड जैसी दिग्गज टीमों से खेलना है और अब कोई भी कोताही भारी पड़ सकती है। वनडे विश्व कप में आखिरी बार 2017 में इंग्लैंड में सेमीफाइनल में 115 गेंद में 171 रन बनाकर भारत को जीत दिलाने वाली मौजूदा कप्तान हरमनप्रीत का बल्ला अभी तक खामोश है जो पिछले तीन मैचों में 21,19 और नौ रन ही बना सकी हैं जबकि इस साल शानदार प्रदर्शन करने वाली स्मृति मंधाना ने 8, 23 और 23 रन बनाए हैं।

वहीं, मध्यक्रम में जेमिमा रोड्रिग्स ने पाकिस्तान के खिलाफ 32 रन बनाए, लेकिन बाकी दोनों मैचों में खाता भी नहीं खोल सकी और तीनों बार बायें हाथ की स्पिनरों ने उन्हें आउट किया। भारत के शीर्ष पांच बल्लेबाजों में से कोई भी तीन मैचों में अर्द्धशतक नहीं बना सका है। कप्तान हरमनप्रीत ने भी हार के लिए शीर्षक्रम को जिम्मेदार ठहराते हुए मैच के बाद कहा था 'हम शीर्षक्रम में जिम्मेदारी के साथ नहीं खेल सके। हमें इसमें सुधार करना होगा और बड़े स्कोर बनाने होंगे। हमें आत्ममंथन करके सकारात्मक सोच के साथ उतरना होगा।'

दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक एक भी मैच नहीं गंवाया है और पाकिस्तान के खिलाफ सात विकेट 76 रन पर गंवाने वाली गत चैम्पियन टीम को बेथ मूनी ने शतक जमाकर संकट से निकाला। वहीं गेंदबाजी में तेज गेंदबाज किम गार्थ, मेगान शूट और अनाबेल सदरलैंड ने मिलकर सात विकेट चटकाए। वनडे विश्व कप में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अब तक हुए 12 मुकाबलों में से नौ बार ऑस्ट्रेलिया ने जीत दर्ज की है, जबकि भारत को 2009 में दो बार और 2017 में जीत मिली है। (अनंत ज्ञान)